✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 39 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 5 जुलाई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती मंत्री रामकृपाल यादव से मिलते सीएम सम्राट चौधरी

संक्षिप्त समाचार

टेंडर घोटाले में बिप्रसे के अधिकारी निलंबित

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार सरकार ने टेंडर घोटाले से जुड़े मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहे बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मुमुक्षु कुमार चौधरी को आखिरकार निलंबित कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि उनके खिलाफ रिश्वतखोरी, आय से अधिक संपत्ति, पद का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार से जुड़े गंभीर आरोपों और न्यायिक हिरासत को देखते हुए सेवा नियमों के तहत यह कार्रवाई की गई है। विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार मुमुक्षु कुमार चौधरी फिलहाल पटना के बेउर केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं।

बच्चे को बचाने में गई चाचा-चाची की जान

कटिहार(नबिटा ब्यूरो)। जिले में इंसानियत और त्याग की एक ऐसी दर्दनाक घटना सामने आई है जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। मनिहारी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-10 स्थित पूरब टोला में बिजली के करंट की चपेट में आए एक मासूम बच्चे को बचाने के प्रयास में उसके चाचा और चाची ने अपनी जान गंवा दी। हादसे के बाद अस्पताल में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। मृतकों में जुबेदा खातून और मोहम्मद नाजीर शामिल है।

बिहार के विवि में होगी बंपर भर्ती, अधिसूचना जारी

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना ने संविदात्मक आधार पर सहायक प्रोफ़ेसर पदों के लिए भर्ती अधिसूचना जारी की है। इस भर्ती अभियान के तहत राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों और नवगठित राजकीय डिग्री कॉलेजों में योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित पात्रता मानदंडों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के माध्यम से कुल 3,674 रिक्त पद भरे जाएंगे, जिनमें 211 नवगठित राजकीय डिग्री कॉलेज भी शामिल हैं। आवेदन प्रक्रिया एचईडी समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है।

प्रोपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)। जिले के सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के डेरा चौक पर शनिवार सुबह बेखौफ बदमाशों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। मंदिर में पूजा करने पहुंचे स्थानीय किताब दुकानदार एवं प्रॉपर्टी डीलर श्याम कुमार कुशवाहा उर्फ श्याम सुंदर प्रसाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार श्याम कुमार कुशवाहा रोज की तरह शनिवार सुबह डेरा चौक स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए तीन अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपराधियों ने बेहद करीब से कई राउंड गोलियां चलाईं।

पत्रकारिता के उच्चतर मूल्यों और लाखों पाठकों के अटूट भरोसे का प्रतीक है नवबिहार टाइम्स

नवबिहार टाइम्स की 37वीं वर्षगांठ पर आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम | वक्ताओं ने की नवबिहार टाइम्स की निष्पक्ष और जनपक्षधर पत्रकारिता की प्रशंसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





पटना। नवबिहार टाइम्स के 37 वर्षों का सफर यह साबित करता है कि इस अखबार ने पत्रकारिता के उच्चतर मूल्य और लाखों पाठकों का अटूट भरोसा हासिल किया है जिसकी वजह से औरंगाबाद जैसे छोटे स्थान से निकलने वाला समाचार पत्र आज बिहार[झारखंड, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली के लाखों पाठकों की पसंद बना हुआ है। यह बात वक्ताओं ने शनिवार को नवबिहार टाइम्स के 37 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए ए एन कॉलेज सभागार में कही। सर्वप्रथम इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार, ओबरा विधायक प्रकाश चंद्र, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, नवबिहार टाइम्स के मुख्य संपादक कमल किशोर सहित अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर आगत अतिथियों ने नवबिहार टाइम्स के मुख्य संपादक डॉ कमल किशोर के कार्यों और संघर्षों की सराहना की। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि नवबिहार टाइम्स ने न केवल पत्रकारिता के ऊंचे मापदंडों को कायम रखा है बल्कि आम जनों की पीड़ाओं, संघर्षों, सफलताओं और खुशियों को स्वर दिया है। इसके लिए इसके संपादक कमल किशोर बधाई के पात्र हैं। डॉ कुमार ने कहा कि आज जब बड़े अखबार अपने अस्तित्व का संकट झेल रहे हैं, वैसी स्थिति में नवबिहार टाइम्स ने जनता के भरोसे को जीत कर पिछले तीन दशकों में अपना विस्तार किया है। डॉ कुमार ने कहा कि पिछले 37 वर्षों से बिहार के सुदूरवर्ती इलाके से नियमित रूप से दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन महत्वपूर्ण कार्य है और क्षेत्रीय विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ग्रामीण विकास मंत्री सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बीते 37 वर्षों में नवबिहार टाइम्स ने पाठकों के विश्वास के बल पर अपनी एक मजबूत पहचान बनाई है। श्री कुमार ने कहा कि प्रिंट मीडिया पर पाठकों का भरोसा आज भी बरकरार **(शेष पृष्ठ 9 पर)**

मुख्यमंत्री ने बोधगया में किया आपराधिक कानून विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन

बिहार में 100 फास्ट ट्रैक कोर्ट का होगा गठन : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गयाजी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को बोधगया के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित नए आपराधिक कानून विषय पर दो दिवसीय सेमिनार को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने घोषणा की है कि बिहार में 100 फास्ट ट्रैक कोर्ट बनेगा। हर तीन महीने में समीक्षा बैठक होगी और अपराध से जुड़े मामलों का तुरंत निपटारा होगा। इस उच्च स्तरीय सेमिनार में सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट और बिहार प्रदेश के न्यायाधीशों के साथ-साथ कानून विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की एक ऐतिहासिक विरासत रही है। इस विरासत में हमेशा से न्याय के साथ विकास को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने भरोसा जताया कि देश में नए कानून लागू होने के बाद इस व्यवस्था को और भी बेहतर और प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा जा सकेगा। कानूनी प्रक्रियाओं को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री ने एक बड़ा प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि सरकार और न्यायपालिका के बीच बेहतर तालमेल के लिए हर तीन महीने पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जानी चाहिए। इससे निचले स्तर पर आ रही व्यावहारिक दिक्कतों जैसे- केस दर्ज होने की प्रक्रिया, इन्वेस्टिगेशन (जांच), कानूनी कार्रवाई और जेल भेजने के प्रावधानों को और सुगम बनाया जा सकेगा। उन्होंने अंत में न्यायपालिका को आश्वस्त करते हुए कहा कि बिहार सरकार आम लोगों को तुरंत और सुलभ न्याय दिलाने के लिए कोर्ट और न्यायालय के साथ पूरी तरह से समन्वय बनाकर काम करने के लिए तैयार खड़ी है। सीएम सम्राट चौधरी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि न्याय प्रणाली की सफलता तभी संभव है जब इसमें आम लोगों का विश्वास और ज्यादा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि काम तो न्यायालय, सरकार और पुलिस के पदाधिकारी लगातार कर रहे हैं लेकिन जनता का विश्वास और अधिक बढ़ाने की जरूरत है। तकनीक और बदलते परिवेश का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि पिछले 20 साल में दुनिया पूरी तरह बदल चुकी है। आज हर व्यक्ति के पास मोबाइल है और लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे इंस्टाग्राम, फ़ेसबुक और ट्विटर पर सक्रिय हैं। ऐसे में न्याय व्यवस्था को भी पूरी तरह से टेक्नोलॉजी के साथ जोड़कर दुनिया के कदम से कदम मिलाकर चलने की आवश्यकता है।

भाजपा विधायक राजू सिंह को चार साल की सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली/पटना। मुजफ्फरपुर के साहेबगंज से भाजपा विधायक राजू सिंह को 4 साल की सजा सुनाई गई है। शनिवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। राजू सिंह पर गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट का आरोप था। यह पूरा मामला 31 दिसंबर 2018 की रात का है। नए साल के जश्न के दौरान राजू सिंह ने हर्ष फायरिंग की थी। उस वक्त गोली सीधे आर्किटेक्ट अर्चना गुप्ता को जा लगी थी। इसके बाद इलाज के दौरान 3 जनवरी 2019 को अर्चना गुप्ता की मौत हो गई थी। अब दिल्ली की अदालत ने इस गंभीर मामले में राजू सिंह को आर्म्स एक्ट और गैर इरादतन हत्या के तहत दोषी करार देते हुए चार साल की सजा सुनाई है। हालांकि इस केस में कोर्ट ने राजू सिंह की पत्नी रेणु सिंह और दो अन्य आरोपियों राणा सिंह व रामेंद्र सिंह को बरी कर दिया है। राजपूत समुदाय से आने वाले राजू सिंह बिहार की साहिबगंज सीट से भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा विधायक हैं। कानूनी नियमों के अनुसार राजू सिंह की विधानसभा सदस्यता जाना अब तय माना जा रहा है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8 (3) के तहत यदि किसी जनप्रतिनिधि को दो साल या उससे अधिक की सजा मिलती है तो उसकी सदस्यता तुरंत समाप्त हो जाती है। अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने की तारीख से ही संबंधित सांसद या विधायक सदन की कार्यवाही के लिए अयोग्य हो जाता है। चार साल की जेल की सजा मिलने के कारण साहिबगंज सीट अब खाली घोषित हो जाएगी।

तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने छीनी दो सहेलियों की जिन्दगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। जिले में शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। बोचहां थाना क्षेत्र के आदिगोपालपुर के पास तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने स्कूटी सवार दो युवतियों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवतियों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। मृतक युवतियों की पहचान बोचहां थाना क्षेत्र के सर्फुद्दीनपुर निवासी 20 वर्षीय नेहा कुमारी और 22 वर्षीय निशु कुमारी के रूप में हुई है। दोनों की मौत की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार नेहा कुमारी और निशु कुमारी आपस में सहेलियां थीं और एक निजी फाइनेंस कंपनी के महिला समूह में फाइनेंस कर्मी के रूप में कार्यरत थीं। शनिवार सुबह दोनों अपनी स्कूटी से सर्फुद्दीनपुर से मुजफ्फरपुर शहर ड्यूटी के लिए जा रही थीं। इसी दौरान आदिगोपालपुर पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार और अनियंत्रित फॉर्च्यूनर कार ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। बोचहां थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया। हादसे में एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार हादसे में शामिल वीआइपी नंबर वाली फॉर्च्यूनर के मालिक की पहचान की जा रही है। फरार चालक और वाहन में सवार लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

बालू खनन को लेकर गोलीबारी में आधा दर्जन घायल

जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)। घोसी थाना क्षेत्र के चैतीपीपर और गिजी गांव के लोगों के बीच शनिवार दोपहर बालू खनन को लेकर लगभग 20 राउंड फायरिंग हुई। इस दौरान एक पक्ष के पांच और दूसरे पक्ष के एक शख्स के पेट, पैर और सीने में गोली लगी है। घायलों को इलाज के लिए घोसी पीएचसी में भर्ती कराया गया था जहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। बाद में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी को पीएमसीएच भेजा गया है। गोलीबारी में धीरज कुमार के सीने में गोली लगी है। उसे गंभीर हालत में पीएमसीएच रेफर किया गया है। वहीं चैतीपीपर गांव के दिनेश राम के पैर, अजय राम के पेट, सुधीर राम और विजय राम को पैर में गोली लगी है। गिजी गांव के विष्णु कुमार भी इस घटना में घायल है। एसडीपीओ कृति कमल ने बताया कि बालू उठाव को लेकर 2 पक्षों में हुए विवाद में फायरिंग हुई है, जिसमें 6 लोगों को गोली लगने की सूचना मिली है। घटनास्थल पर थानाध्याक्ष समेत अन्य अधिकारी जांच के लिए पहुंचे हैं। जांच में जो भी चिन्हित या अज्ञात दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

पांच जिलों में अब एसएसपी संभालेंगे कमान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार की राजधानी पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और गया की तरह ही अब समस्तीपुर, मधुबनी, वैशाली, सीवान और पूर्वी चंपारण में भी सीनियर पुलिस अधीक्षक यानी एसएसपी का पद बना दिया गया है। इन पांचों बड़े जिलों में पहले पुलिस अधीक्षक कमान संभालते थे लेकिन अब उनके पदनाम को अपग्रेड करके एसएसपी कर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में अपना ऑफिसियल लेटर भी जारी कर दिया है। कुछ समय पहले ही इन जिलों में ग्रामीण एसपी के नए पद बनाए गए थे। अब एक ही जिले में दो बड़े एसपी रैंक के अधिकारी होने से उनके बीच काम या अधिकारों को लेकर कोई उलझन न हो, इसलिए पुलिस मुख्यालय ने दोनों की जिम्मेदारियां और इलाके साफ-साफ बांट दिए हैं। मुख्यालय का मानना है कि इस कदम से बड़े जिलों में पुलिस प्रशासन अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकेगा और आपसी टकराव की स्थिति भी पैदा नहीं होगी। नए आदेश के तहत सभी पांचों जिलों के ग्रामीण एसपी का कार्यक्षेत्र पूरी तरह तय कर दिया गया है।

बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र 20 जुलाई से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार विधानमंडल का आगामी मानसून सत्र इस बार राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है। पांच दिनों तक चलने वाला यह सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 25 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। इसकी औपचारिक अधिसूचना रविवार को जारी कर दी जाएगी। पिछले 21 वर्षों में यह पहला मौका होगा जब विधानमंडल की कार्यवाही में नीतीश कुमार भाग नहीं लेंगे। 2025 में जब भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुने गए थे इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही में वह शामिल भी हुए। फरवरी माह में जब बिहार सरकार ने सदन में बजट पेश किया था तब भी नीतीश कुमार सदन में मौजूद थे लेकिन अब चुकी वह मुख्यमंत्री नहीं है तो अब उनकी कमी सदन को काफी खलेगी। इधर विधान मंडल सत्र के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। सूत्रों की मानें तो सरकार सत्र के पहले ही दिन करीब 50 हजार करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट सदन में पेश करने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण विधेयकों और वित्तीय प्रस्तावों को भी इस संक्षिप्त सत्र के दौरान पारित कराने की रणनीति बनाई गई है। यह सत्र इसलिए भी खास रहेगा क्योंकि मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी पहली बार विधानसभा के भीतर विपक्ष के तीखे हमलों का सामना करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की पूरी तैयारी में हैं। विपक्ष की रणनीति कानून-व्यवस्था, सरकारी विभागों में कथित टेंडर अनियमितताओं, सुरक्षा व्यवस्था में कमी और रिशुश्री प्रकरण जैसे मामलों को प्रमुखता से उठाने की है। विपक्ष का आरोप है कि कई मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही और उन्हें संरक्षण मिल रहा है। ऐसे में अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान भी सदन में तीखी नोक-झोंक देखने को मिल सकती है। मानसून सत्र के दौरान भोजपुर जिले के बेलौटी गांव में 17 जून को हुई पुलिस कार्रवाई का मामला भी जोर-शोर से उठने के संकेत हैं। इस घटना में भरत तिवारी की मौत के बाद पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हुए थे। दिलचस्प बात यह है कि इस मामले में केवल विपक्ष ही नहीं बल्कि सत्तारूढ़ एनडीए के कुछ सहयोगी दलों और नेताओं ने भी संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि इस सत्र में टेंडर घोटाला मामला, बढ़ते अपराध, भोजपुर एनकाउंटर, कानून-व्यवस्था और कथित भ्रष्टाचार के मुद्दों पर विपक्ष सरकार को लगातार घेरने की कोशिश में है। वहीं सरकार विकास कार्यों, वित्तीय प्रबंधन और नए विधायी एजेंडे के जरिए जवाब देने की तैयारी में है। ऐसे में पांच दिनों का यह मानसून सत्र हंगामेदार रहने की पूरी संभावना है। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक से लेकर सदन की कार्यवाही तक कई मुद्दों पर एनडीए और

नवबिहार टाइम्स के स्थापना दिवस के अवसर पर
बिहार प्रदेश के सभी नागरिकों को हार्दिक
शुभकामनाएं एवं बधाई



डॉ. संजय यादव
पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि
जिला परिषद, औरंगाबाद

नीतू सिंह
जिला पार्षद, क्षेत्र सं.-8
रफीगंज (औरंगाबाद)

जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय
पहल करने तथा जनसेवा के प्रति समर्पित

मोदी सरकार की योजनाओं से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा विकास : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ देश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। शनिवार को पश्चिम बंगाल के सृजनी ऑडिटोरियम में आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ गरीब, किसान, महिला, युवा, मजदूर, पिछड़े, अनुसूचित जाति-जनजाति, मध्यम वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों सहित समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 55 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं जिससे सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रही है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है जबकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल सुविधा का विस्तार हुआ है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लाखों रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को बिना गारंटी ऋण मिला है जबकि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण और वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों शौचालयों के निर्माण से स्वच्छता के साथ महिलाओं के सम्मान को भी नई पहचान मिली है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया और मुद्रा योजना जैसी पहल ने युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं। साथ ही, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली ने पारदर्शिता बढ़ाते हुए बिचौलियों की भूमिका समाप्त करने का कार्य किया है। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने पश्चिम बंगाल की वर्तमान परिस्थितियों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि नई सरकार ने महिला सहायता योजनाओं, सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि, रोजगार सृजन, ग्रामीण सड़क विकास तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षा है कि शासन पारदर्शी, जवाबदेह और विकासोन्मुख हो तथा केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर जनहित के कार्यों को गति दें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनकल्याण, सुशासन और विकास में निहित है। निवेश, रोजगार, किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तीकरण तथा सामाजिक समरसता के माध्यम से विकसित भारत का संकल्प और अधिक मजबूत होगा। अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने विकसित भारत, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था, सामाजिक समरसता और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि यही भारत के उज्ज्वल भविष्य और लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति का आधार है।

केन्द्र सरकार के नीति आयोग की तर्ज पर बिहार में बनेगा आयोग : मुख्यमंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में योजना एवं विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, निगरानी एवं भविष्य की कार्ययोजना को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयालक्ष्मी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने विभाग की कार्यान्वित योजनायें, पहल, उपलब्धियों एवं भावी कार्य योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना, संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, पंचायत सरकार भवन का निर्माण तथा कब्रिस्तान घेराबंदी योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र एवं दीर्घकालिक विकास के लिये केन्द्र सरकार के नीति आयोग की तर्ज पर बिहार में भी एक आयोग बनेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोग राज्य के दीर्घकालिक विकास के लिए विजन तैयार करने, विभिन्न क्षेत्रों में साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा समय-समय पर नीतिगत सुझाव देने का कार्य करेगा।

आइजीआइएमएस पटना परिसर पुनर्विकास कार्य का स्वास्थ्य सचिव ने किया स्थल निरीक्षण

500 बेड टीचिंग अस्पताल का कार्य तीन माह में पूरा करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना । स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि ने इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना का दौरा कर परिसर में चल रहे पुनर्विकास एवं विस्तार कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन 500 बेड वाले टीचिंग अस्पताल, 1200 बेड वाले अस्पताल, हॉस्टल एवं आवासीय भवनों सहित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी से कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। स्थलीय निरीक्षण के उपरांत स्वास्थ्य सचिव ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की जिसमें संस्थान परिसर में निर्माणाधीन 500 बेड वाले टीचिंग अस्पताल, 1200 बेड वाले अस्पताल, हॉस्टल एवं आवासीय भवनों सहित विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति से स्वास्थ्य सचिव को अवगत कराया गया। समीक्षा के दौरान सचिव ने 500 बेड वाले टीचिंग अस्पताल के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्माण एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल का निर्माण कार्य अगले तीन माह के भीतर पूर्ण किया जाए। मीटिंग के दौरान कुमार रवि ने कहा कि हर सप्ताह निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। उन्होंने अस्पताल के आंतरिक एवं बाहरी एचवीएसी कार्यों को भी सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूरा करने का निर्देश दिया। इसके लिए 31 अगस्त 2026 की अंतिम समय-सीमा निर्धारित की गई है। स्वास्थ्य सचिव ने साइट पर चिलर प्लांट, कूलिंग टावर, पंप, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, पाइपिंग एवं डक्टिंग सहित सभी शेष कार्यों को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

पर्यटन स्थलों पर नजर आएंगे जीविका के उत्पाद, हाट-बाजार बनाने की तैयारी : मंत्री

जीविका और किसानों के उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग के लिए गांवों में अत्याधुनिक हाट-बाजार बनाने के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। ग्रामीण क्षेत्र का विकास, जीविकोपार्जन के संसाधन बढ़ाने के साथ ही गांवों में अर्थव्यवस्था की रीढ़ मजबूत करने की दिशा में ग्रामीण विकास विभाग पूरी तरह से गंभीर है। इसी क्रम में मंत्री श्रवण कुमार ने नाबार्ड के साथ विभागीय अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में मंत्री श्री कुमार ने साफ कहा कि ग्रामीण विकास के लिए बनने वाली योजनाओं में गरीब-गुरबा की जरूरतों और उनके रोजगार का विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने इस दिशा में राज्य के पर्यटन केंद्रों पर अत्याधुनिक हाट बनाने के निर्देश दिए। मंत्री श्री कुमार ने नाबार्ड के अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही उनकी योजनाओं और हाट-बाजार बनाने में संभावित सहयोग की विस्तृत जानकारी ली। कहा कि पर्यटन स्थलों पर हाट बनाने से जीविका और किसानों के उत्पादों का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रचार-प्रसार होगा। साथ ही इन उत्पादों को उचित बाजार उपलब्ध हो सकेगा। इससे गांव के गरीबों की आमदनी बढ़ेगी और वह आत्मनिर्भर होंगे। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मंत्री श्री कुमार ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जीविका दीदी और दूसरे गरीबों को रोजगार उपलब्ध कराने से संबंधित योजनाओं का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाय। इसके लिए उन्होंने पायलट प्रोजेक्ट के तहत डीपीआर बनाने के लिए एजेंसी का सहयोग लेने पर बल दिया। मंत्री श्री कुमार ने जीविका दीदी और दूसरे लोगों को प्लंबर की ट्रेनिंग देने, खेल मैदान का निर्माण व्यवस्थित तरीके से करने, ग्रामीण क्षेत्र में पुराना और खाली पड़े सरकारी भवनों को चिन्हित कर इसे हाट, बाजार के रूप में तैयार करने आदि के आवश्यक निर्देश जारी किए। कहा कि जीविका दीदियों के कौशल विकास के लिए उन्हें ट्रेनिंग कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय ताकि वह अपने उत्पादों का गुणवत्तापूर्ण उत्पादन कर सकें और इसका राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग का रास्ता आसान हो। उन्होंने प्रखंड स्तर पर कम से कम 10 महिला, युवतियों को प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। कहा कि यह प्रशिक्षित महिलाएं जहां गुणवत्तायुक्त उत्पाद तैयार करेंगी वहीं दूसरी ओर वह दूसरी महिलाओं को ट्रेंड करने की हुनर भी रखेंगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्लंबर की भारी मांग है। इसे ध्यान में रखते हुए अधिकारी जरूरतमंदों को ट्रेनिंग दिलाने की योजना तैयार करें। बैठक में विभागीय प्रधान सचिव पंकज कुमार ने नाबार्ड के अधिकारियों से कहा कि वह ग्रामीण क्षेत्रों की योजनाओं की वृहद पीपीटी बनाकर दें ताकि इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं को सही तरीके से मूर्तरूप दिया जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात को सुनिश्चित करें कि आगामी पांच वर्ष के भीतर ग्राम पंचायतों में कम से कम एक हाट बनकर तैयार हो जाए। मंत्री ने कहा कि सभी हाट को डिजिटल मार्केट से जोड़ने से संबंधित आवश्यक सुविधाओं को लागू करने पर जोर दिया। बैठक में जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा, वीबी-जी राम जी योजना की आयुक्त अनन्या सिंह, नाबार्ड, पटना के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक लक्ष्मण कुमार के साथ मंत्री श्री कुमार के आप्त सचिव सुनील कुमार आदि पदाधिकारियों की प्रमुख उपस्थिति रही।

बिहार ने बनाया नया कीर्तिमान, रिकॉर्ड 9,155 मेगावाट सर्वाधिक बिजली आपूर्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



अजय यादव
ऊर्जा सचिव सह सीएमडी



शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल
ऊर्जा मंत्री, बिहार

पटना। बिहार ने विद्युत क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 3 जुलाई 2026 को रात्रि 10:58 बजे राज्य के इतिहास की सर्वाधिक 9,155 मेगावाट पीक बिजली मांग का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया। रिकॉर्ड मांग के बावजूद पूरे राज्य में उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलती रही। यह उपलब्धि राज्य सरकार द्वारा ट्रांसमिशन एवं वितरण अवसंरचना को मजबूत करने, ग्रिड क्षमता बढ़ाने तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग का प्रत्यक्ष परिणाम है। राज्य में घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ औद्योगिक, शहरी एवं कृषि क्षेत्रों में भी बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। नए उद्योगों की स्थापना, शहरों का विस्तार, वाणिज्यिक गतिविधियों में वृद्धि तथा कृषि क्षेत्र में सिंचाई के लिए विद्युत आधारित संसाधनों के बढ़ते उपयोग के कारण बिजली की खपत लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत सुविधाओं के व्यापक विस्तार और जीवन स्तर में सुधार से घरेलू उपभोग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इन सभी क्षेत्रों की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विद्युत अवसंरचना का निरंतर विस्तार एवं आधुनिकीकरण किया जा रहा है जिससे प्रत्येक श्रेणी के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। बिहार में बिजली की मांग लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। एक दशक पहले जहां राज्य की अधिकतम मांग लगभग 1,800 मेगावाट थी, वहीं अब यह बढ़कर 9,100 मेगावाट से अधिक हो चुकी है। पहले वर्ष में एक बार दर्ज होने वाली उच्चतम मांग अब नियमित रूप से कई बार पार हो रही है। इसके बावजूद विद्युत प्रणाली बिना किसी बड़े व्यवधान के लगातार मांग का सफल प्रबंधन कर रही है, जो राज्य की मजबूत होती बिजली व्यवस्था का स्पष्ट संकेत है। राज्य में ट्रांसमिशन लाइन, ग्रिड उपकेंद्र, पावर ट्रांसफॉर्मर तथा वितरण नेटवर्क की क्षमता में निरंतर वृद्धि की गई है। आधुनिक रियल-टाइम मॉनिटरिंग, प्रभावी लोड मैनेजमेंट और सतत तकनीकी निगरानी के माध्यम से उच्चतम मांग के समय भी ग्रिड की स्थिरता बनाए रखी जा रही है। यही कारण है कि बढ़ती बिजली खपत के बावजूद उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध हो रही है। ऊर्जा विभाग एवं विद्युत कंपनियों द्वारा पूरे विद्युत तंत्र की चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। संभावित तकनीकी चुनौतियों का पूर्व आकलन कर आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाती है। वहीं उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 1912 हेल्पलाइन तथा राज्य भर में संचालित फ्यूज कॉल सेंटर निरंतर सक्रिय है जहां प्राप्त शिकायतों का त्वरित पंजीकरण एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा कि राज्य में बढ़ती बिजली की मांग तेजी से हो रहे चहुंमुखी विकास का परिचायक है। बिहार बिजली के क्षेत्र में पूरे देश को नई दिशा दिखा रहा है। सरकार लोगों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसी प्रतिबद्धता के अनुपालन में ऊर्जा विभाग लगातार प्रयासरत है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए ऊर्जा परिवार के सभी सदस्यों को मैं हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद देता हूं।

हिलसा के पीड़ित दलित परिवार को 4.12 लाख रुपये की सहायता, मंत्री ने की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र पासवान ने नालंदा जिले के हिलसा प्रखंड अंतर्गत पारबिगहा (कोरामा) गांव में हुई जघन्य घटना के शिकार हुए पीड़ित दलित परिवार से मुलाकात की। मंत्री श्री पासवान ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य की एनडीए सरकार पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। मंत्री ने पीड़ित परिवार को प्रथम किस्त के रूप में 4 लाख 12 हजार 650 रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने आश्वासन दिया कि दूसरी किस्त के रूप में भी इतनी ही राशि शीघ्र ही प्रदान की जाएगी। साथ ही परिवार के एक पात्र सदस्य को सरकारी नौकरी देने का भी वादा किया। श्री पासवान ने बताया कि घटना में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि शेष सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए और उन्हें कानून के अनुसार जेल भेजा जाए। पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज का 31 दिसंबर तक लाभ उठा सकते हैं निवेशक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से शुरू किये गए बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज की अवधि को 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है। राज्य सरकार के आदेश पर बियाडा ने 30 जून से बढ़ाकर इसे 31 दिसंबर अथवा नई औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति 2026 लागू होने की तिथि तक विस्तारित कर दिया है। ताकि इस पैकज का लाभ अधिक से अधिक निवेशक उठा सके। विदित हो कि बिहार में उद्योग को बढ़ावा देने और पांच वर्ष में एक करोड़ रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए राज्य सरकार के आदेश पर बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) द्वारा पिछले वर्ष बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 शुरू किया गया था। ताकि निवेशकों को बिहार में उद्योग लगाने के लिए आकर्षित किया जा सके। इस प्रोत्साहन पैकेज का लाभ लेने के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित किया गया था। उसके बाद इसे बढ़ाकर 30 जून तक कर दिया गया था, लेकिन निवेशकों की अभिरूचि को देखते हुए बियाडा ने इस पैकेज की अवधि को 31 दिसंबर अथवा नई औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति 2026 लागू होने की तिथि तक विस्तारित कर दिया है। बियाडा के मुताबिक इस प्रोत्साहन पैकेज के तहत एक रुपये की टोकन राशि पर निवेशकों को मुफ्त भूमि उपलब्ध कराई जाएगी जिसमें 1 सौ करोड़ रुपये निवेश करने और एक हजार प्रत्यक्ष रोजगार पर 10 एकड़, 1 हजार करोड़ रुपये निवेश करने पर 25 एकड़, 200 करोड़ रुपये निवेश करने पर 10 एकड़ और फॉर्च्यून-500 की सूची में शामिल कंपनियों को 10 एकड़ भूमि दी जाएगी। बताया जाता है कि उक्त योजनाओं का चयन नहीं करने वाले निवेशकों को बियाडा की भूमि दर से 50 फीसदी की छूट पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

दंत स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान से लाभान्वित हुए एनसीसी कैडेट्स

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। एनसीसी भवन, राजेंद्र नगर में आयोजित सीएटीसी-वी कैंप के चौथे दिन कैडेट्स के लिए दंत स्वास्थ्य एवं मुख स्वच्छता विषय पर एक विशेष जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल आशीष गोयल, ओसी, एमडीसी दानापुर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ दांत केवल सुंदर मुस्कान ही नहीं, बल्कि उत्तम स्वास्थ्य और आत्मविश्वास की भी पहचान है। उन्होंने सही ब्रशिंग तकनीक, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित दंत परीक्षण तथा तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कैडेट्स से दैनिक जीवन में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी अच्छी आदतों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी अधिकारीगण, पीआई स्टाफ, एएनओ/सीटीओ तथा सभी एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। व्याख्यान के दौरान कैडेट्स ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ सहभागिता की तथा प्रश्नोत्तर सत्र में अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। यह व्याख्यान स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ अनुशासित एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में कैडेट्स के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं लाभकारी सिद्ध हुआ।

भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल पर किया पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



पटना। भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश श्रीवास्तव राजू की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वर्णिम 12 साल बेमिसाल' के उपलक्ष्य में निशांत रीजेंसी फ्रेजर रोड पटना में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य आकर्षण हॉकी खेल के नेशनल होनहार खिलाड़ी रहे मो. सलमान खान को उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रदेश संयोजक सतीश श्रीवास्तव राजू ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है जिसका परिणाम आज जमीन पर दिख रहा है। उक्त कार्यक्रम में वरीय समाजसेवी एवं अधिवक्ता नीरज कुमार वर्मा ने कहा कि मोदी जी के स्वर्णिम 12 साल अपने आप में ऐतिहासिक रहा है और आने वाली पीढ़ियां में निश्चित रूप से देशहित की भावना जागृत होगी । उक्त अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, भाजपा नेता मदन पासवान, वरिष्ठ हॉकी कोच शिवानंद मौर्या, श्रीकांत भूषण, शम्भू पासवान, सुखलाल मर्द, बिजली पासवान, चन्दन कुमार, विनोद कुमार सहित अनेको पदाधिकारी, स्थानीय खेल प्रेमी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं से पंचायतों की वित्तीय क्षमता को मिलेगी नई गति : मंत्री

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में बिहार की सक्रिय सहभागिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं पर विचार-विमर्श के लिए नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में पंचायती राज संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं ग्रामीण स्थानीय निकायों से जुड़े विषयों पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय पंचायती राज तथा मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने की। मौके पर केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल मौजूद रहे। कार्यशाला में मौजूद रहे पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक सशक्त बनाने, संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई है। यह अनुभव और सुझाव बिहार में पंचायती राज व्यवस्था को और मजबूत बनाने में उपयोगी सिद्ध होंगे। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी का सशक्त केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में प्राप्त संसाधनों का प्रभावी, पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित कर पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों को और अधिक सक्षम बनाया जाएगा। इससे ग्रामीण आधारभूत संरचना, जनसेवाओं की उपलब्धता तथा स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को नई गति मिलेगी। मंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण भारत की विकास यात्रा की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। पंचायतों को वित्तीय रूप से सक्षम और प्रशासनिक रूप से सुदृढ़ बनाकर ही गांवों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, आमजन की भागीदारी और सुशासन की भावना को और मजबूत किया जा सकता है। सरकार का प्रयास है कि वित्त आयोग से प्राप्त अनुदानों का उपयोग समयबद्ध, पारदर्शी और जनहितकारी तरीके से हो, ताकि इसका प्रत्यक्ष लाभ राज्य के प्रत्येक गांव और प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे। कार्यशाला में 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाओं, ग्रामीण स्थानीय निकायों को प्राप्त होने वाले अनुदानों के प्रभावी उपयोग, वित्तीय पारदर्शिता, संसाधनों के बेहतर प्रबंधन, पंचायती राज संस्थाओं की संस्थागत क्षमता, समयबद्ध व्यय, अनुपालन आवश्यकताओं तथा ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही पंचायतों की वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने, स्वयं का स्रोत राजस्व को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण स्थानीय निकायों को विकास और सुशासन का प्रभावी माध्यम बनाने पर विशेष बल दिया गया।

एएन कॉलेज में एआई की होगी पढ़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पाटलिपुत्र विवि (पीपीयू) की 20वीं एकेडमिक काउंसिल की बैठक शनिवार को कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में विवि मुख्यालय में हुई। शुरुआत कुलसचिव प्रो. अबू बकर रिजवी के उद्बोधन से हुई। उन्होंने एकेडमिक काउंसिल के एजेंडा से सदन को अवगत कराया। अध्यक्ष की अनुमति से एएन कॉलेज पटना में चालू सत्र 2026-27 से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में स्नातक की पढ़ाई शुरू करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। महत्वपूर्ण शैक्षणिक और प्रशासनिक विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। शुरुआत 19वीं एकेडमिक काउंसिल की कार्यवाही की पुष्टि और उस पर की गई कार्रवाई प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया। स्टडी लीव कमेटी के गठन के लिए एकेडमिक काउंसिल द्वारा दो सदस्यों के मनोनयन पर भी सहमति प्रदान की गई। इसमें विवि के विभिन्न अध्यादेशों और विनियमों के प्रारूपों पर विचार किया गया और अनुमोदन प्रदान किया गया। इन सभी प्रस्तावों को अनुमोदन के लिए लोक भवन भेजा जाएगा। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया कि वाइवा-वोसे परीक्षा विवि में ही होगी, लेकिन विशेष परिस्थिति में कुलपति की अनुमति से स्नातकोत्तर विभाग में भी हो सकेगी। इस दौरान डीएसडब्ल्यू प्रो. राजीव रंजन, सीसीडीसी प्रो. शिव कुमार यादव, टीपीएस कालेज के प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य, डीन. प्रो. अशोक कुमार, प्रो. अरूण कुमार और प्रो. इम्तेयाज हसन, प्रो. रत्ना अमृत रहे।

विधायक ने डीलिया प्राथमिक विद्यालय के मिट्टीकरण कार्य का किया निरीक्षण

अधिकारियों को समय सीमा में काम पूरा करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)। दिनारा विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत कोआथ अंतर्गत ग्राम डीलिया में संचालित प्राथमिक विद्यालय में चल रहे मिट्टीकरण कार्य का स्थानीय विधायक ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और निर्धारित मापदंडों की बारीकी से समीक्षा की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्य में तेजी लाते हुए तय समय-सीमा में मानकों के अनुरूप काम पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि होना मेरे लिए केवल पद नहीं, बल्कि जनता के प्रति पवित्र दायित्व है। आपने मुझे विधायक नहीं, अपना सेवक बनाकर भेजा है। क्षेत्र के हर विकास कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी राशि का सही उपयोग हो और उसका लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचे, इसी उद्देश्य से वे नियमित रूप से क्षेत्र के विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण करते हैं। विधायक ने आगे कहा कि विकास तभी सार्थक है जब उसकी गुणवत्ता पर जनता को पूरा भरोसा हो। दिनारा के समग्र विकास, सुशासन और जनसेवा के लिए मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करता रहूंगा। जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, जल निकासी और बच्चों के बैठने की व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक, स्थानीय गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नियमित भ्रमण से विकास कार्यों में तेजी आई है और जनता का प्रशासन पर भरोसा बढ़ा है। विधायक ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा ताकि गांव का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हो सके।

बिजली चोरी पर विभाग का शिकंजा, दो लोगों पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



विक्रमगंज (रोहतास)। बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं राजस्व संग्रहण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बिक्रमगंज अंतर्गत कनीय विद्युत अभियंता एवं तकनीकी टीम द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान शिवपुर पंचायत के मठिया गांव में दो उपभोक्ताओं द्वारा मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किए जाने की पुष्टि हुई। जांच में यह पाया गया कि दोनों उपभोक्ता विभाग को राजस्व की क्षति पहुंचाते हुए अनधिकृत रूप से विद्युत ऊर्जा का उपभोग कर रहे थे। कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल ने बताया कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मठिया निवासी विष्णु देव राम पिता-लालमुनी धोबी पर 25465 तथा ददन सिंह पिता-गोगा सिंह पर 27017 का आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया है। साथ ही दोनों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी एक दंडनीय अपराध है जिससे न केवल विभाग को आर्थिक क्षति होती है, बल्कि विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित होती है। विभाग ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेगा तथा भविष्य में भी बिजली चोरी के विरुद्ध जांच एवं छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे केवल वैध विद्युत कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें, समय पर बिजली बिल का भुगतान करें तथा किसी भी प्रकार की बिजली चोरी या अनियमितता की जानकारी तत्काल विभाग को दें। विभाग का उद्देश्य सभी उपभोक्ताओं को निर्बाध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना है जिसमें आमजन का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है।

मध्य विद्यालय शिवगंज में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी, ड्रॉपआउट रोकने पर दिया गया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज में प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार के निर्देशानुसार अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय ड्रॉपआउट, सरकारी योजनाएं एवं विद्यालय की मौलिक सुविधाएं रहा। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक सुविधाओं, पोशाक, छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन, पुस्तकालय, खेलकूद सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, फिर भी कुछ बच्चे पढ़ाई छोड़ रहे हैं। इसके लिए अभिभावकों की जागरूकता और नियमित सहयोग आवश्यक है। उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने में समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। संगोष्ठी में लगभग 110 अभिभावकों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षिका चंचल द्विवेदी, प्रेमचंद प्रसाद, नरेश प्रसाद, मोनू गुप्ता, नसरीन, विभा रानी एवं आयुषी गौतम सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने वर्गवार संगोष्ठी आयोजित कर अभिभावकों को विभिन्न विषयों की जानकारी दी।

आज चार घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विक्रमगंज (रोहतास)। विद्युत आपूर्ति प्रणाली को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय एवं निर्बाध बनाने के उद्देश्य से विद्युत शक्ति उपकेंद्र, बेदा के 11 केवी फीडर संख्या-3 में नया ब्रेकर लगाने का कार्य किया जाएगा। इस आवश्यक तकनीकी कार्य के कारण दिनांक 05 जुलाई (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।सहायक विद्युत अभियंता सासाराम (शहरी) रंजन कुमार ने बताया की इस अवधि के दौरान गीता घाट आश्रम, लम्बेदार-सत्तेदार गेट, दुर्गा कुंड, क्रांति लॉज, चाणक्य कॉलोनी एवं दुर्गा पंडाल चौक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध करता है कि निर्धारित समय से पूर्व पेयजल एवं अन्य आवश्यक कार्यों की तैयारी कर लें तथा बिजली से संबंधित जरूरी कार्य पहले ही पूर्ण कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।विद्युत विभाग को हुई असुविधा के लिए खेद है तथा उपभोक्ताओं से सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने की अपील करता है। यह कार्य भविष्य में अधिक सुरक्षित एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

चौरासन मंदिर के समीप शौचालय निर्माण की मांग, डीडीसी ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। रोहतासगढ़ किला स्थित प्राचीन चौरासन मंदिर के समीप श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शौचालय निर्माण की मांग को लेकर शनिवार को शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रोहतास के जिला उप विकास आयुक्त (डीडीसी) विजय कुमार पाण्डेय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने डीडीसी को बताया कि रोहतासगढ़ किला एवं प्राचीन चौरासन मंदिर में पूरे वर्ष पर्यटकों और श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। विशेष रूप से सावन माह में यहां एक माह तक चलने वाले मेले में प्रतिदिन हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसके बावजूद मंदिर परिसर के आसपास आज तक शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को खुले में शौच के लिए जंगल और झाड़ियों का सहारा लेना पड़ता है जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीडीसी विजय कुमार पाण्डेय ने रोहतास प्रखंड विकास पदाधिकारी को चौरासन मंदिर के समीप शौचालय निर्माण की दिशा में तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सावन मेले के प्रारंभ होने से पहले निर्माण कार्य पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके। प्रतिनिधिमंडल में नगर निगम पार्षद सुनीता सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह 'भोला', सासाराम उत्तरी मंडल अध्यक्ष ब्रजेश कुमार तथा राजद नेता विमल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

आरपीएफ ने देसी शराब के साथ महिला तस्कर को दबोचा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। ऑपरेशन सतर्क के तहत रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट नबीनगर एवं स्थानीय थाना एनटीपीसी खैरा की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक महिला शराब तस्कर को 20 लीटर अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार शनिवार को आरपीएफ पोस्ट नबीनगर के निरीक्षक राम विलास राम के नेतृत्व में प्रधान आरक्षी अनवर हुसैन, आरक्षी राकेश कुमार, आरक्षी संतोष कुमार मिश्रा, आरक्षी कालीचरण तथा स्थानीय थाना एनटीपीसी खैरा की पुलिस अवर निरीक्षक बबीता कुमारी एवं उनकी टीम ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान कजरात नवाडीह निवासी करीब 40 वर्षीय एक महिला (पुलिस द्वारा काल्पनिक नाम 'सबिता देवी' का उल्लेख) को 20 लीटर अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान शराब को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार महिला तथा जब्त शराब को आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए स्थानीय थाना एनटीपीसी खैरा को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

पंकज कुमार गुप्ता सर्वसम्मति से डिहरी नगर अध्यक्ष मनोनीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। तैली साहू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक बारह पत्थर स्थित पूर्व मुख्य पार्षद प्रत्याशी ज्योति कुमारी के आवास पर जिला अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज की एकता, संगठन विस्तार, युवा सहभागिता और सामाजिक उत्थान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से युवा समाजसेवी पंकज कुमार गुप्ता को तैली साहू समाज, डिहरी नगर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद साहू ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित समाजबंधुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जिला अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि पंकज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा शिक्षा, सामाजिक एकता, युवा सशक्तिकरण और जनसेवा के क्षेत्र में समाज नई पहचान स्थापित करेगा। बैठक में संगठन के विस्तार के तहत राजन कुमार गुप्ता को नगर उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार गुप्ता को प्रखंड अध्यक्ष, हजारी गुप्ता को प्रखंड उपाध्यक्ष तथा बिन्तोष कुमार को प्रखंड महामंत्री मनोनीत किया गया। वहीं कृष्ण प्रसाद गुप्ता, विनय कुमार गुप्ता, महावीर प्रसाद गुप्ता, ऋषिकेश लाल गुप्ता और भगवान प्रसाद को संगठन का संरक्षक बनाया गया। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता ने समाज के वरिष्ठजनों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी को साथ लेकर समाज की एकता, शिक्षा, युवाओं के उत्थान और समाजहित के कार्यों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से आगे बढ़ाएंगे। बैठक में संतोष कुमार गुप्ता (मंटू) सहित उपस्थित समाज के लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में तैली साहू समाज संगठनात्मक मजबूती के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

इस अवसर पर राजू कुमार गुप्ता, रामजी कुमार गुप्ता, महावीर प्रसाद गुप्ता, ललन कुमार गुप्ता, नागेंद्र साहू, कृष्णा साहू, अशोक शाह, संजय प्रसाद गुप्ता, ईश्वर प्रसाद, वीरेंद्र गुप्ता, रवि कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता (मंटू), विनय कुमार गुप्ता, भगवान प्रसाद, बिन्तोष कुमार सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शपथ-पत्र

मैं सोनी सिंह पति शशिरंजन कुमार, ग्राम-भलवंडी, पो.-अमारी, थाना-गोह जिला- औरंगाबाद (बिहार) एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्न बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं तथा मेरा आधार कार्ड संख्या-2417 8285 8909 है।

ओम रंजन कुमार मेरा पुत्र है जिसका जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम सोनी देवी अंकित है जो गलत है। मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम सोनी सिंह अंकित हैं जो सही एवं सत्य है। मैं अपना पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में अपना नाम सोनी देवी के स्थान पर सुधार कर सही नाम सोनी सिंह अंकित करवाने हेतु एवं मेरा पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है उसे डिजिटल करवाने हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथकर्ता
सोनी सिंह

पूर्व रेलवे

निविदा सं. : एलआरडब्ल्यू-4-वीबी-पेंटिंग - 2026-1, दिनांक 02.07.2026, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (एलएचबी), सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा **निविदा सं. एलआरडब्ल्यू-4-वीबी-पेंटिंग-2026-1** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** पेंट स्पेसिफिकेशन आईसीएफ/एमडी/एसपीईसी-362 या नवीनतम के अनुसार वंदे भारत कोचों (सभी प्रकार) को खुरचने और सफाई के साथ आउटसाइड बॉडी पैनल, रूफ, एंड पैनल, अंडरफ्रेम की पेंटिंग की आपूर्ति और अनुप्रयोग एवं साइन राइटिंग कार्य (ड्रॉइंग के अनुसार)। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 2,17,48,869/-, **बयाना राशि:** रु. 4,35,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट प्रणाली। **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता:** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 01.07.2026 को 17.11 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 09.07.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 23.07.2026 को 10.30 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

MISC-90/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं॰ -आर.टी.टी.एम._अपग्रेडेशन _टी॰एक्स॰_2025, दिनांक: 02.07.2026

उप मुख्य अभियन्ता (ट्रैक मशीन) प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेलवे, डीडीयू द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनके पसकार के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिए प्रतिष्ठत फर्मों से ऑन लाईन (ई-निविदा) निविदा आमंत्रित की जाती है:

ई-निविदा बंद होने की तिथि : 24.07.2026

1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : आर.टी.टी.एम अपग्रेडेशन_ टी॰एक्स॰_2025 मशीन संख्या 3956 की 09-3X टैम्पिंग एक्सप्रेस मशीन का नवीनतम उपलब्ध उच्च उत्पादन क्षमता वाली टैम्पिंग एवं स्टेबलाइजिंग मशीन (मॉडल : 09-3X डायनेमिक टैम्पिंग एक्सप्रेस) में तकनीकी उन्नयन। निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य, 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹15,81,20,000/-, 3. जमानत राशि : ₹31,62,400/-, 4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 23.07.2026, 15.00 बजे तक, 5. वेबसाइट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकता है : www.ireps.gov.in

उप मुख्य इंजीनियर (ट्रैक मशीन), प्लांट डिपो,/पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0494/प्लांट डिपो, डीडीयू/यां/टी/26-27/32

मेगा ऑपरेशन में हत्या के प्रयास समेत 32 गिरफ्तार, हथियार और भारी मात्रा में शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भभुआ। कैमूर पुलिस ने जिलेभर में अपराधियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए हत्या के प्रयास, शराब, अपहरण और आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न मामलों में 32 लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान हथियार, कारतूस और 60 लीटर से अधिक शराब बरामद की गई। वहीं वाहन जांच अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले आठ वाहनों से 9 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी खैरियत प्रतिवेदन के अनुसार विशेष अभियान के दौरान कुल 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 11 वारंटी शामिल हैं। इसके अलावा हत्या के प्रयास के मामले में 10 आरोपित, शराब के सेवन के आरोप में सात व्यक्ति, शराब से जुड़े मामलों में दो आरोपित, अपहरण के एक आरोपित तथा आर्म्स एक्ट के तहत एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने 30 लीटर महुआ शराब, 26.10 लीटर देसी शराब और 4.125 लीटर विदेशी शराब बरामद की। इसके साथ ही एक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और एक साइकिल भी जब्त की गई।

आद्रा नक्षत्र पर मां भलुनी भवानी दरबार में उमड़ी आस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विक्रमगंज (रोहतास)। आद्रा नक्षत्र के पावन अवसर पर रोहतास जिले के दिनारा-दावथ क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध मां भलुनी भवानी मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के पट खुलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं जो देर शाम तक जारी रहीं। मान्यता है कि आद्रा नक्षत्र में मां के दर्शन और पूजा से विशेष फल की प्राप्ति होती है, इसी विश्वास के साथ बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश और झारखंड से भी हजारों भक्त मां के दरबार पहुंचे। भक्तों ने माता को नारियल, चुनरी, फल-फूल और मिठाई अर्पित कर सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। मंदिर परिसर दिनभर 'जय मां भलुनी भवानी' के जयकारों से गूंजता रहा और मेला जैसा माहौल बना रहा। खरिका, भलुनी और बरडीहा गांव की पंडा समिति के अनुसार आद्रा नक्षत्र पर माता का विशेष शृंगार किया जाता है तथा जलाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना का विधान है। पंडा समिति के विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे दिन पूजा संपन्न कराई। शाम को हुई भव्य आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और मां की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर समिति के अनुसार दोपहर तक ही 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए थे। मंदिर के आसपास लगी दुकानों पर चुनरी, प्रसाद और खिलौनों की खूब बिक्री हुई जिससे स्थानीय बाजार में भी रौनक दिखी। बताया जाता है कि खरिका, भलुनी और बरडीहा गांवों की पंडा समिति आदि काल से मां यक्षिणी भवानी की पूजा कर रही है। मां भलुनी भवानी इन तीनों गांवों की कुल देवी हैं और मंदिर की सारी व्यवस्था इन्हीं गांवों के ब्राह्मणों द्वारा संचालित की जाती है। प्रशासन की ओर से भी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किए गए थे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पूर्व रेलवे

शुद्धिपत्र

निविदा सं. 01डब्ल्यूटीसीएओसीईआर2026-27 ई-निविदा प्रणाली (खुली निविदा) (दो पैकेट प्रणाली) जो पूर्व में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे, कोलकाता द्वारा प्रकाशित की गई थी, के संबंध में शुद्धिपत्र संख्या 1, कार्य का नाम: मुख्य अभियंता/निर्माण-III, पूर्व रेलवे, कोलकाता के तहत आसनसोल मंडल के अलग-अलग निर्माण स्थलों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं देने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति। उक्त निविदा की अंतिम तिथि 17.07.2026 को 15.00 बजे से बदलकर दिनांक **24.07.2026 को 15.00 बजे** कर दी गई है। उक्त निविदा सूचना के सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

CON-20/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

कैमूर में वित्त रहित शिक्षकों का प्रदर्शन

नियमित वेतन-पेंशन की मांग को लेकर समाहरणालय तक पदयात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



भभुआ। कैमूर जिला मुख्यालय में शनिवार को वित्त रहित शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। राज्यव्यापी महाआंदोलन के पांचवें चरण के तहत आयोजित इस प्रदर्शन में नियमित वेतनमान, पेंशन, सेवा सुरक्षा, कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा और सामाजिक सुरक्षा की मांग उठाई गई। प्रदर्शन के बाद समाहरणालय तक पदयात्रा निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के नेतृत्व में आयोजित आंदोलन में वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त करने और वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के समायोजन की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वर्षों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने वाले शिक्षकों को अब तक नियमित वेतनमान और अन्य सुविधाओं से वंचित रखा गया है। धरना को संबोधित करते हुए सासाराम के सांसद मनोज कुमार ने कहा कि वित्त रहित शिक्षक लंबे समय से बिहार की शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, लेकिन सरकार ने अब तक उनके साथ न्याय नहीं किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब शिक्षकों को सम्मान, नियमित वेतनमान, पेंशन, सेवा सुरक्षा, कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा और सामाजिक सुरक्षा मिले। उन्होंने यह भी कहा कि वित्त रहित शिक्षकों की आवाज अब संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाई जाएगी। बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय यादव ने कहा कि अरवल, भोजपुर, बक्सर और रोहतास के बाद कैमूर में भी आंदोलन को व्यापक समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार वित्त रहित शिक्षकों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना समाप्त होने के बाद शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने समाहरणालय तक पदयात्रा निकाली। इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त करने, शिक्षण संस्थानों के समायोजन, नियमित वेतनमान, पेंशन, सेवा सुरक्षा, कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा, हरीश तिवारी, विभिन्न वित्त रहित महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में शिक्षा प्रेमी मौजूद रहे।

बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/08 दिनांक- 04.07.2026

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026
Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2026

Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

सर्व साधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2026/06 एवं 2026/07 दिनांक- 21.06.2026 के अनुसार ITICAT-2026 की Online Counselling में सम्मिलित होने के लिये Choice filling करने की अंतिम तिथि 01.07.2026 निर्धारित था। छात्रहित में Choice filling करने हेतु अन्तिम तिथि निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;

i. Last date of Online Choice filling for seat allotment & locking : 05.07.2026

शेष कार्यक्रम यथावत् रहेगा।

(2) पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/06 दिनांक- 21.06.2026 की अन्य शर्तें / नियम यथावत् रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

रामलाल इंटर विद्यालय में मनाया गया मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम



रजौली, नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रजौली प्रखंड क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत अंतर्गत तारगीर स्थित रामलाल इंटर विद्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत "स्व रोजगार और कौशल विकास" विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक राणा रणजीत आजाद ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद प्रधानाध्यापक राणा रणजीत आजाद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। सिर्फ डिग्री हासिल करने से काम नहीं चलेगा। हर छात्र को अपने अंदर कोई न कोई हुनर विकसित करना होगा ताकि वह आत्मनिर्भर बनकर स्वरोजगार से अपना भविष्य संवार सके। उन्होंने सरकार की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं, स्टार्टअप और मुद्रा लोन की जानकारी देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान जरूरी है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण निबंध, मॉडल निर्माण और पेंटिंग प्रतियोगिता रहे। "स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बिहार" विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने विचार कलमबद्ध किए। मॉडल और पेंटिंग के माध्यम से बच्चों ने स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास को खूबसूरती से दर्शाया। निबंध प्रतियोगिता में विकास व अरविंद, मॉडल प्रतियोगिता में सलाम, संदीप, रूही व सोनी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में नाजिया, आशुतोष, संगीता, शशि ने बाजी मारी। कार्यक्रम में साइमा, मोनिका, प्रिया, ब्यूटी, ऋतु, श्वेता, सिंपी, चांदनी, रिया, अदिति, रानी, मुस्कान, नेहा, अंचल, रीफा, गुलाबजा, जिया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाध्यापक ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ रोजगार के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है। विद्यालय परिवार का लक्ष्य है कि हर छात्र अपने पैरों पर खड़ा हो। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक द्वारा किया गया।

केशोपुर तटबंध का डीएम ने किया निरीक्षण

बाढ़ से निपटने की तैयारियां तेज करने के निर्देश



बिहारशरीफ, नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मानसून के मद्देनजर बाढ़ से बचाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी उदिता सिंह ने एकंगरसराय प्रखंड अंतर्गत केशोपुर तटबंध का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने बाढ़ निरोधी कार्यों और मानसून पूर्व की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी हिलसा अमित कुमार पटेल ने पिछले वर्ष आई बाढ़, उससे प्रभावित क्षेत्रों, राहत एवं बचाव कार्यों तथा इस वर्ष की तैयारियों की विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी को दी। जानकारी लेने के बाद डीएम ने संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया।जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि संवेदनशील स्थानों पर बालू से भरे सैंड बैग की संख्या शीघ्र बढ़ाई जाए, ताकि आपात स्थिति में उनका तत्काल उपयोग किया जा सके। वहीं उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में मजदूरों की पहले से पहचान कर उनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से तटबंधों पर नियमित गश्ती कराने का भी निर्देश दिया, ताकि किसी भी प्रकार की क्षति या असामान्य गतिविधि की सूचना समय पर मिल सके और तत्काल कार्रवाई की जा सके। डीएम ने कहा कि सभी बाढ़ निरोधी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त रंजन चौधरी, भूमि सुधार उप समाहर्ता हिलसा रश्मि कुमारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी इस्लामपुर कुमार ऋषिराज, प्रखंड विकास पदाधिकारी एकंगरसराय प्रियंका कुमारी, अंचल अधिकारी विवेक कुमार, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल एकंगरसराय के कार्यपालक अभियंता वाल्मीकि प्रसाद समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

पीएमश्री योजना के तहत मध्य विद्यालय बड़राजी का इंटर विद्यालय ओखरिया में हुआ संविलयन

कौआकोल, नवबिहार टाइम्स संवाददाता। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएमश्री योजना के तहत जिले में चयनित 21 विद्यालयों के साथ आसपास के चयनित मध्य विद्यालयों का संविलयन किया जाना है। इसी कड़ी में कौआकोल प्रखंड के इंटर विद्यालय ओखरिया का भी चयन पीएमश्री विद्यालय के रूप में किया गया है। प्राप्त आदेश के अनुसार मध्य विद्यालय बड़राजी के वर्ग 6 से 8 तक के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का संविलयन इंटर विद्यालय ओखरिया में किया जाना है। इसके तहत शनिवार को विधिवत प्रक्रिया पूरी करते हुए मध्य विद्यालय बड़राजी के छठी,सातवीं एवं आठवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों के साथ तीन शिक्षकों का संविलयन किया गया। इस अवसर पर इंटर विद्यालय ओखरिया के प्रभारी प्राचार्य अनन्त कुमार ने बताया कि यह प्रक्रिया मध्य विद्यालय बड़राजी के प्रधानाध्यापक शिवबालक पासवान की मौजूदगी में विधिवत संपन्न कराई गई। उन्होंने कहा कि पीएमश्री योजना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर उन्हें मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, आधुनिक पुस्तकालय, खेल सामग्री एवं बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे,ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित शिक्षा मिल सके। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था का लाभ मिलेगा और सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार आएगा। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने इस पहल को शिक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को बेहतर माहौल और आधुनिक संसाधनों के बीच पढ़ाई करने का अवसर प्राप्त होगा।

रजौली में सूखे नशे की लत से बढ़ रही अराजकता,अर्धनग्न अधेड़ ने किया हंगामा

रजौली, नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रजौली बाजार और आसपास के इलाकों में सूखे नशे की लत अब आम लोगों के लिए सिरदर्द बन गई है। नशे की हालत में कुछ लोग राह चलती महिलाओं से छेड़छाड़ कर रहे हैं, तो कुछ छिनतई और छोटी-मोटी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। वहीं कई लोग आए दिन लड़ाई-झगड़ा कर माहौल खराब कर रहे हैं। बीते शुक्रवार की शाम ड्योढ़ी स्थित मनोहर मेमोरियल हॉस्पिटल के समीप एक अधेड़ ने नशे में अर्धनग्न अवस्था में जमकर हंगामा किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नशे में धुत अधेड़ ने पहले राह चल रही एक महिला का हाथ पकड़ लिया। महिला अपने पति के साथ थी। पति ने जब विरोध किया तो अधेड़ मारपीट पर उतारू हो गया। स्थानीय लोगों के बीच-बचाव करने पर मामला किसी तरह शांत हुआ। लेकिन इसके बाद अधेड़ और उग्र हो गया। वह गली-मोहल्ले के घरों के दरवाजे तक पहुंचकर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। लोगों में दहशत फैल गई। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय लोगों ने मदद के लिए डायल 112 पर कॉल किया।

जीविका योजनाओं की प्रगति एवं वार्षिक कार्ययोजना की उप विकास आयुक्त ने की समीक्ष

नवादा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता। 04 जुलाई 2026 को समाहरणालय स्थित डी.आर.डी.ए. सभागार में उप विकास आयुक्त, नीलिमा साहू की अध्यक्षता में जीविका परियोजना के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवादा जिले में जीविका द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने जीविका स्वयं सहायता समूहों के गठन, जीविका दीदियों के क्षमतावर्धन, वित्तीय समावेशन, आजीविका संवर्धन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों, जीविका दीदी की रसोई, ग्रामीण बाजार तथा जीविका दीदी अधिकार केंद्र सहित अन्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिला एवं प्रखंड स्तर पर कार्यरत कर्मियों तथा सामुदायिक स्तर पर कार्य कर रहे सामुदायिक पेशेवरों के कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नवादा जिले हेतु जीविका परियोजना के बजट एवं विभिन्न मदों में प्रस्तावित व्यय की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि वार्षिक कार्ययोजना के अनुरूप स्पष्ट रणनीति बनाकर निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाए।बैठक में डी.आर.डी.ए. निदेशक धीरज कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) जीविका चंदन कुमार सुमन, जीविका के सभी विषयगत प्रबंधक तथा जिले के सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक उपस्थित थे।

सूरत पासवान के परिजन से मिले मंत्री लखेंद्र पासवान, सहायता राशि व सरकारी नौकरी का ऐलान

बिहारशरीफ, नवबिहार संवाददाता। बिहार सरकार के मंत्री लखेंद्र पासवान नालंदा जिले के हिलसा प्रखंड के पारबीगहा कोरमा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने 25 जून को हत्या के शिकार हुए सूरत पासवान के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने मृतक की पत्नी उम्दा देवी को सरकार की ओर से 4 लाख 12 हजार 650 रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। मंत्री ने बताया कि जल्द ही दूसरी किस्त के रूप में इतनी ही राशि उपलब्ध कराई जाएगी।उन्होंने मृतक के एक आश्रित को सरकारी नौकरी और उनकी मां को प्रतिमाह 8 हजार रुपये पेंशन देने की घोषणा की।मंत्री ने कहा कि बिहार में कानून का राज कायम है और कुछ लोग राज्य को बदनाम कर जंगलराज का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो सफल नहीं होगी। उन्होंने मौके पर मौजूद डीएसपी और एडीएम को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। फोन पर जिला पुलिस अधीक्षक से बात कर उन्होंने फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश दिए। पुलिस ने बताया कि मामले में एक आरोपी गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

आपदा पीड़ितों की मदद सरकार की पहली प्राथमिकता: मंत्री श्रवण कुमार

नूरसराय प्रखंड कार्यालय में 12.40 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित

बिहारशरीफ, नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकारी खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीडित परिवारों का है।

सरकार हर जरूरतमंद की सहायता के लिए हमेशा तैयार है, लेकिन इसका लाभ प्राप्त करने के लिए संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराना तथा पोस्टमार्टम कराना आवश्यक है।मंत्री श्री कुमार ने नूरसराय प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आपदा पीडित परिवारों के बीच 12 लाख 40 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक वितरित कर रहे थे। इस दौरान दरुआरा गांव के संटू कुमार, अजनौरा गांव की रिंकू कुमारी तथा बड़ारा गांव के नीतीश कुमार को आपदा राहत मद से चार-चार लाख रुपये का चेक दिया गया। वहीं नादियौना गांव के रुपेश कुमार और ममुराबाद के उमेश प्रसाद को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20-20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि बिहार में न्याय के साथ विकास की नीति पर कार्य हो रहा है और विकास की मुख्यधारा में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने दावा किया कि राज्य में हुए विकास कार्यों की बराबरी देश का कोई अन्य राज्य नहीं कर सकता तथा युवाओं को सर्वाधिक सरकारी नौकरियां और जीविका दीदियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख रेखा देवी, बीडीओ जियाउल हक, सीओ दीपक कुमार, पीओ संजय कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

चेरों के मध्य विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

सरमेरा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के मनोरंजन मध्य विद्यालय चेरों में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाध्यापक मो. नकी हसन अय्यूबी, मीना मंच की सदस्याओं एवं शिक्षकों ने चंदन टीका, पुष्पवर्षा और शीतल पेय देकर सभी का स्वागत किया। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों को बिहार सरकार एवं शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अनामांकित बच्चों का नामांकन कराने, नियमित विद्यालय भेजने, घर में पढ़ाई का माहौल बनाने तथा आधार कार्ड बनवाने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में नियमित भागीदारी का आग्रह किया।कार्यक्रम के दौरान दो अभिभावकों को श्गार्जियन ऑफ द मंथश तथा दो छात्रों को 'स्टूडेंट ऑफ द मंथ' पुरस्कार के तहत प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

संक्षिप्त समाचार

थरथरी थाना हाजत से अभियुक्त फरार, कुछ घंटे बाद पुलिस ने दबोचा

थरथरी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थरथरी थाना की हाजत से शुक्रवार को एक अप्राथमिकी अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। बताया जाता है कि ओली विगहा निवासी संटू उर्फ नाटा को खाना खिलाने के लिए हाजत से बाहर निकाला गया था। इसी दौरान वह पुलिसकर्मियों की निगरानी से निकलकर भाग गया। आपको बता दें कि संटू को नारायणपुर कझियावां गांव में कुछ माह पूर्व हुई भैंस चोरी के मामले में पूछताछ के लिए थाना लाया गया था। इधर अभियुक्त के फरार होने की सूचना मिलते ही थरथरी और चंडी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से इलाके में घेराबंदी कर तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने करीब एक घंटे में द्वारिका विगहा और टेका विगहा गांव के पास से उसे पुनः गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि हाजत से अभियुक्त के फरार होने की घटना ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की लापरवाही के कारण हुई। मामले में पुलिस विभाग ने भी इसे गंभीरता से लिया है। चंडी अंचल के पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार सिंह ने बताया कि खाना खिलाने के दौरान अभियुक्त फरार हुआ था, लेकिन एक ही घंटे के अंदर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि अभियुक्त के खिलाफ फरार होने का अलग से मामला दर्ज किया जाएगा, जबकि ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मियों के संबंध में वरीय अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

सुधीर को विधायक प्रतिनिधि के रूप में मनोनयन, कार्यकताओं ने दी बधाई

परवलपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता। हिलसा के विधायक कृष्ण मुरारी शरण ने सोनचरी निवासी जदयू कार्यकर्ता सुधीर सिंह को परवलपुर प्रखंड क्षेत्र का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। विधायक ने सुधीर सिंह को को एक पत्र जारी कर कहा है कि श्री सिंह प्रखंड सह नगरपंचायत स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए मेरे प्रतिनिधि के रूप में आमंत्रित रहेंगे।प्रतिनिधि बनाये जाने पर सुधीर सिंह ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता और विधायक के बीच मजबूत कड़ी बनकर क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाएंगे। इस मौके पर मौजूद जदयू के वरिष्ठ नेता सह जिला परिषद् सदस्य उदयनंदन प्रसाद ने कहा कि सुधीर सिंह की कर्मठता और जन-सरोकार की सोच से आम जनता की समस्याओं का समाधान होगा और क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। इनके मनोनयन पर अखिलेश सिंह, लालजी प्रसाद, धनंजय सिंह, अमित कुमार, रामकली देवी, महेंद्र प्रसाद,सुरेन प्रसाद, राहुल कुमार सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

लोक शिकायत निवारण में डीएम ने सुनीं 12 अपीलें

बिहारशरीफ, नवबिहार टाइम्स संवाददाता। लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने शनिवार को 12 मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कुछ मामलों का निस्तारण संबंधित विभागों द्वारा पहले ही कर दिया गया था, जबकि शेष मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।डीएम ने बिजली, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, परिमार्जन, इंदिरा आवास तथा विद्युत संचरण से जुड़े मामलों की विस्तार से समीक्षा की। शिवकांत सिंह एवं सिविल कुमार की बिजली पोल संबंधी शिकायतों पर संबंधित कार्यपालक विद्युत अभियंताओं को कार्रवाई का निर्देश दिया गया। आशुतोष सिंह, द्वारिका पासवान, सत्येंद्र सिंह और मुकेश कुमार के भूमि एवं दाखिल-खारिज संबंधी मामलों में भूमि सुधार उप समाहर्ता से रिपोर्ट तलब की गई।वहीं, विक्की चैहान एवं शशि भूषण प्रसाद के अतिक्रमण संबंधी मामलों में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों से जांच रिपोर्ट मांगी गई। अमित कुमार के इंदिरा आवास आवेदन निरस्त होने के मामले में डीआरडीए निदेशक से रिपोर्ट मांगी गई। रणजीत सिन्हा तथा कृष्ण मोहन कुमार की शिकायतों का सुनवाई के दौरान ही निष्पादन कर दिया गया।

डिग्री कॉलेज की तैयारियों का डीएम ने किया निरीक्षण

नगरनौसा, नवबिहार, संवाददाता। नगरनौसा प्रखंड के उस्मानपुर लोदीपुर स्थित मगध विद्यापीठ प्लस टू स्कूल परिसर में संचालित होने वाले प्रस्तावित नगरनौसा डिग्री कॉलेज की तैयारियों का शनिवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉलेज भवन का विस्तृत जायजा लेते हुए क्लासरूम, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि कॉलेज का नियमित संचालन शुरू होने से पहले सभी आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने परिसर की स्वच्छता, सुरक्षित वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया।निरीक्षण के दौरान कॉलेज में उपलब्ध संसाधनों और व्यवस्थाओं की जानकारी अधिकारियों से ली तथा जहां-जहां कमियां पाई गईं, उन्हें शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए।इस मौके पर डीइओ हेमचंद पासवान, बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, सीओ सत्येन्द्र कुमार, बीइओ राजीब रंजन तिवारी,थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा,कॉलेज के प्रधानाध्यापक संजय कुमार, बीआरसी लेखपाल आशीष कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से 14 वर्षीय किशोर की मौत, चालक वाहन छोड़कर फरार

इस्लामपुर, नवबिहार, संवाददाता। इस्लामपुर-हेरथू मुख्य सड़क मार्ग पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर पलटने से 14 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान इस्लामपुर थाना क्षेत्र के दीनाविगहा गांव निवासी नागमणि यादव के 14 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है।ग्रामीणों के अनुसार, ट्रैक्टर जलवार नदी से मिट्टी लाने जा रहा था। चालक और राहुल कुमार की आपस में जान-पहचान थी, जिसके कारण राहुल ट्रैक्टर के आगे बैठ गया। इसी दौरान हेरथू रोड पर ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से राहुल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया।
सूचना मिलते ही इस्लामपुर अंचलाधिकारी किशोरी चैधरी और इस्लामपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

हरनौत में लैब कर्मी सोनू कुमार की हत्या पर फूटा जनाक्रोश, एन एच-20 पर शव रखकर सड़क जाम



बिहारशरीफ,नबबिहार टाइम्स संवाददाता। हरनौत थाना क्षेत्र में लैब कर्मी सोनू कुमार की जघन्य हत्या के विरोध में शनिवार को परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने मृतक के शव को मुढारी गांव के पास एन एच-20 पर रखकर सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब एक किलोमीटर तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा।मृतक 37 वर्षीय सोनू कुमार चेरण गांव का निवासी था और हरनौत बाजार स्थित एक निजी पैथोलॉजी लैब में कार्यरत था। परिजनों के अनुसार गुरुवार की रात उसे फोन कर सुनियोजित तरीके से बुलाया गया। आरोप है कि शिवाजी मोहल्ले के पास पहले से घात लगाए अपराधियों ने उस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर किया गया, जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक वरीय पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर ठोस कार्रवाई का आश्वासन नहीं देंगे, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।घटना की सूचना मिलते ही हरनौत थाना पुलिस और अन्य पुलिस पदाधिकारी भारी संख्या में मौके पर पहुंचे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी रही।हरनौत थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। मृतक का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है तथा उसकी अंतिम कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। इसके अलावा घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी जांचे जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही मामले का खुलासा कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस हत्याकांड के बाद पूरे नालंदा जिले में आक्रोश का माहौल है।

अध्यक्ष पद के लिए रजनीकांत उर्फ पप्पू ने भरा नामांकन, चुनावी सरगर्मी तेज



नगरनौसा, नवबिहार संवाददाता। कछियावां पंचायत में 15 जुलाई को होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रजनीकांत कुमार उर्फ पप्पू ने समर्थकों के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक और शुभचिंतक मौजूद रहे।

वहीं विभिन्न वर्गों से कार्यकारिणी सदस्य पद के कई प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन दाखिल किया।नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत में रजनीकांत कुमार उर्फ पप्पू ने कहा कि वे किसानों की समस्याओं के समाधान और पैक्स व्यवस्था को पारदर्शी व जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से चुनाव मैदान में उतरे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को समय पर धान खरीद की सुविधा नहीं मिलती और खाद की पर्याप्त उपलब्धता भी नहीं हो पाती। साथ ही पैक्स के माध्यम से संचालित कई योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच रहा है।उन्होंने कहा कि पंचायत के किसानों और आम जनता के आग्रह पर उन्होंने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

यदि उन्हें जनता का समर्थन मिलता है तो समय पर धान खरीद, किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराना तथा पैक्स की सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगा। सामान्य कोटि से उमेश चंद्र सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, संयोगा देवी, अमरेंद्र प्रसाद और सरोजनी देवी, पिछड़ा वर्ग से सोनी देवी एवं विजेंद्र प्रसाद, अति पिछड़ा वर्ग से विनोद जमादार और सुखिया देवी तथा अनुसूचित जाति वर्ग से जगलाल चैधरी एवं ककू देवी ने कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल किया।

निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार, दो दिनों तक चले नामांकन में अध्यक्ष पद के लिए दो तथा कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 23 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया है। अब 15 जुलाई को होने वाले मतदान को लेकर पंचायत में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं।

मॉब लिंचिंग, फर्जी मुठभेड़ और बढ़ते अपराध के खिलाफ माले का प्रतिवाद मार्च

बिहारशरीफ,नबबिहार टाइम्स संवाददाता। राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत भाकपा (माले) ने शनिवार को बिहारशरीफ में मॉब लिंचिंग, फर्जी मुठभेड़ों, बुलडोजर कार्रवाई, पुलिस राज तथा जिले में बढ़ते अपराध, हिंसा और बलात्कार की घटनाओं के विरोध में प्रतिवाद मार्च निकाला। माले कार्यालय से निकला जुलूस अस्पताल मोड़ पहुंचकर सभा में बदल गया। मार्च का नेतृत्व जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा, इंकलाब नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष बिरेश कुमार समेत कई नेताओं ने किया।सभा को संबोधित करते हुए श्रीनिवास शर्मा ने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार के शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है और प्रदेश में अपराध व पुलिसिया दमन बढ़ा है। उन्होंने कहा कि गरीबों, दलितों और मुसहर समुदाय के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने हरनौत हत्याकांड, राजगीर की घटना और नगरनौसा डिग्री कॉलेज आंदोलन का भी उल्लेख किया।माले नेताओं ने पांच सूत्री मांगपत्र जारी करते हुए मॉब लिंचिंग की न्यायिक जांच, फर्जी मुठभेड़ों पर रोक, राजगीर दलित युवक हत्याकांड में दोषियों को सख्त सजा व मुआवजा, नगरनौसा आंदोलन में गिरफ्तार छात्रों की रिहाई तथा हरनौत हत्याकांड के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि अपराध और दमन नहीं रुका तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

शेरघाटी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण महाभियान कार्यशाला आयोजित

सरल ऐप डाउनलोड कर डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त करें : प्रमोद चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। जिले के शेरघाटी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ (पश्चिमी) द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक अरविंद कुमार चंद्रवंशी ने की तथा संचालन प्रदीप कुमार भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इससे पूर्व



कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण महाभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को डिजिटल तकनीक से जोड़ते हुए जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की वैचारिक यात्रा, संगठन के इतिहास एवं सिद्धांतों से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि सरल ऐप के माध्यम से उपलब्ध प्रशिक्षण वीडियो देखकर कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के जनकल्याणकारी कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और तथ्यों के साथ जनता के बीच पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से रख सकेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरल ऐप डाउनलोड कर डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान देश के 80 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराकर सरकार ने यह सिद्ध किया कि कोई भी गरीब भूखा न रहे। उन्होंने कहा कि वर्षों से जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग होती रही, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न प्रदान कर बिहार सहित पूरे देश, विशेषकर अति पिछड़ा समाज का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर केंद्र सरकार ने पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्गों को एक सशक्त मंच प्रदान किया है जहां उनकी समस्याओं के समाधान की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

तारापीठ में मां तारा के दर्शन-पूजन कर डॉ. प्रेम कुमार ने की देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने पश्चिम बंगाल प्रवास के दौरान बीरभूम जिले स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ तारापीठ में सपरिवार पहुंचकर मां तारा के दर्शन एवं विधिवत पूजन-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने बिहार सहित समस्त देशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि तारापीठ भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और शक्ति उपासना का प्रमुख केंद्र है जहां श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है। उन्होंने मां तारा से प्रार्थना



की कि समाज में सद्भाव, भाईचारा और जनकल्याण की भावना निरंतर सुदृढ़ हो तथा सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत देश की अमूल्य धरोहर है जो समाज को एकता, सेवा और मानव कल्याण का संदेश देती है। ऐसे पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन से आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ सामाजिक समरसता को भी मजबूती मिलती है। डॉ. प्रेम कुमार ने कामना व्यक्त की कि मां तारा का आशीर्वाद बिहार सहित पूरे देश की जनता पर सदैव बना रहे तथा प्रत्येक परिवार सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और उन्नति के मार्ग पर निरंतर अग्रसर हो।

गया इंजीनियरिंग कॉलेज के बीआर्क कोर्स में एडमिशन के लिए 15 जुलाई तक आवेदन करने का मौका

बीसीइसीइबी की वेबसाइट पर 1 जुलाई से शुरु है ऑनलाइन आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना/गया। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (डीएसटीटीई) के अधीन संचालित गया इंजीनियरिंग कॉलेज, गया में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 5 वर्षीय पूर्णकालिक बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (बी. आर्क.) पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वास्तुकला यानि आर्किटेक्चर के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (बीसीईसीईबी) द्वारा अंडर ग्रेडुएट इंजीनियरिंग एडमिशन काउंसलिंग (यूजीईएसी)-2026 बी. आर्क के माध्यम से नामांकन

बिहार में तकनीकी और वास्तुकला शिक्षा को सशक्त करना हमारी प्राथमिकता है। गया इंजीनियरिंग कॉलेज का बी.आर्क. पाठ्यक्रम हमारे युवाओं को आधुनिक, टिकाऊ और बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित डिजाइन के क्षेत्र में करियर बनाने का अवसर देगा। मैं सभी पात्र विद्यार्थियों से आग्रह करती हूं कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अवश्य आवेदन करें और अपने सपनों को आकार दें।

शीला कुमारी, मंत्री
(विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार)

की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए वही अभ्यर्थी पात्र होंगे जिन्होंने जेईई मेन्स-2026 पेपर-2 में वैध स्कोर प्राप्त किया हो अथवा नेशनल एप्टीट्यूड इन आर्किटेक्चर (एनएटीए) 2026 में उत्तीर्ण होकर वैध स्कोर हासिल किया हो। काउंसेलिंग एवं नामांकन प्रक्रिया ऑफलाइन आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन पंजीकरण 1 जुलाई 2026 से प्रारंभ हो चुका है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 रात्रि 10 बजे तक निर्धारित की गई है। आवेदन शुल्क का भुगतान एवं अंतिम आवेदन 15 जुलाई 2026 को रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकेगा। वहीं आवेदन में संशोधन के लिए 16 एवं 17 जुलाई 2026 को अवसर उपलब्ध रहेगा जबकि 18 जुलाई 2026 को मेरिट सूची/रैंक कार्ड प्रकाशित किया जाएगा। काउंसेलिंग की तिथि बाद में अधिसूचित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन प्रक्रिया, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, काउंसेलिंग शुल्क एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध यूजीईएसी-2026 बी.आर्क. प्रॉस्पेक्टस का अवलोकन कर सकते हैं। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी पात्र एवं इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठाएं तथा वास्तुकला के क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाएं।

दो बाइकों की टक्कर में किशोर की मौत, चार घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। बोधगया रिवर साइड रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में 15 वर्षीय प्रकाश मिस्त्री की मौत हो गई जबकि चार युवक घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर मुआवजे की मांग की जिसके बाद प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत कराया। घायल युवक की पहचान मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के हरदासपुर गांव के रहने वाले बबन मिस्त्री के बेटे 15 वर्षीय प्रकाश मिस्त्री के रूप में किया गया है। स्थानीय लोगों ने खिरियामा गांव के पास रोड जाम कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। घटना की जानकारी पाते ही खिरियामा पंचायत के मुखिया राजेश सिंह सहित मगध मेडिकल थाने के पुलिस और चंडौती ब्लॉक के प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और उग्र परिजनों को समझा कर शांत कराया।

खिजरसराय के निजी अस्पताल में डीएनसी के बाद महिला की मौत

परिजनों ने किया हंगामा, अस्पताल की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खिजरसराय। खिजरसराय बाजार स्थित निजी अस्पताल में डीएनसी के बाद एक महिला की मौत हो जाने से शनिवार को अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही खिजरसराय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मृतका की पहचान नौबतपुर निवासी रणधीर कुमार की 25वर्षीय पत्नी रंजू कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार महिला को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। उनका आरोप है कि डीएनसी की प्रक्रिया के बाद महिला की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी।



अस्पताल में एक बोतल चढ़ाई गई और इंजेक्शन दिया गया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। परिजनों का कहना है कि जब उन्होंने महिला की बिगड़ती हालत पर डॉक्टर से जानकारी मांगी तो उन्हें मरीज को दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। इसके बाद वे महिला को घर ले गए, लेकिन कुछ ही देर में तबीयत और गंभीर हो गई। इसके बाद उसे खिजरसराय के सूर्य तारा अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए तथा इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर खिजरसराय थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने परिजनों को समझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में मृतका रंजू कुमारी को निजी वाहन से उनके घर भिजवाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डॉ. अनीता देवी ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित परिजन उनकी बात सुनने को तैयार नहीं हुए।

टिकारी अनुमण्डल अस्पताल में शुरू हुआ डायलिसिस सेवा, अब नहीं जाना होगा गया-पटना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। टिकारी व आसपास के क्षेत्र के किडनी मरीजों के लिए एक बेहद राहत भरी खबर है। टिकारी स्थित अनुमण्डल अस्पताल में अब मरीजों को किफायती दर में विश्वस्तरीय डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की मुस्तैदी से पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर अस्पताल एक अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर की शुरुआत की गई है। डायलिसिस सेंटर हैदराबाद की कम्पनी अपोलो डायलिसिस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित की जाएगी। अस्पताल प्रशासन द्वारा सेंटर के लिए जरूरी जगह चिन्हित कर उपलब्ध करा दिया है।



डायलिसिस सेंटर के शुरू हो जाने से स्थानीय मरीजों को अब गया या पटना के महंगे चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। जानकारी हो कि मुख्यमंत्री सात निश्चय-2 के तहत अनुमण्डलीय अस्पताल को बेहतरीन सुविधा प्रदत कराने वाली अस्पताल बनाने के उद्देश्य से अनुमण्डलीय अस्पताल में डायलिसिस सेंटर शुरू कराने की घोषणा की गई थी। घोषणा के अनुसार जिला के दो अनुमण्डलीय अस्पताल टिकारी व शेरघाटी में पीपीपी मोड पर डायलिसिस सेंटर की शुरुआत की गई है।

अपोलो डायलिसिस प्राइवेट लिमिटेड करेगी सेंटर का संचालन, बीपीएल कार्ड धारी को मुफ्त में मिलेगी सुविधा

सेंटर को देश की प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्था अपोलो डायलिसिस प्राइवेट लिमिटेड के जरिए धरातल पर उतारा जा रहा है। कंपनी के ऑपरेशन प्रबंधक ने बताया कि शुरुआत में सेंटर पर दो बेड का संचालन किया जाएगा। सरकार द्वारा जारी निर्देश के अनुसार बीपीएल कार्ड धारी को निशुल्क डायलिसिस की सुविधा व स्थानीय लोगों को 1797 रुपये में सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। टिकारी व ग्रामीण इलाकों के मरीजों को हर हफ्ते डायलिसिस के लिए गया या पटना जाना पड़ता था जिससे उनकी शारीरिक स्थिति और बिगड़ जाती थी। अब घर के पास ही यह सुविधा मिलेगी जो किडनी के मरीजों के लिए वरदान साबित होगा।

किसानों को कम लागत में बेहतर पैदावार का तरीका बताया, जैविक खाद और नैनो उर्वरक पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वजीरगंज। प्रखंड की केनार पहाड़पुर पंचायत स्थित महादेव स्थान के निकट सहकारिता विभाग के बैनर तले एक दिवसीय कृषि गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। यह गोष्ठी स्थानीय पैक्स अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार वर्मा उर्फ धीरेन्द्र कुशवाहा की कुशल देखरेख में संपन्न हुई। जागरूकता गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य स्थानीय किसानों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से धान, गेहूं, सब्जी और दलहन की स्वच्छ व उन्नत फसल का पैदावार करने के विशेष गुर सिखाना था। गोष्ठी में मुख्य रूप से उपस्थित सहकारिता विभाग के उप क्षेत्रीय प्रबंधक दिलीप कुमार ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि बेहतर और सुरक्षित उत्पादन के



लिए रासायनिक खादों का उपयोग कम से कम किया जाना चाहिए। उप क्षेत्रीय प्रबंधक ने किसानों को जैविक खाद के सहारे खेती करने के फायदे बताए और समय-समय पर आवश्यक दवाओं जैसे नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी लिक्विड (तरल) से बीज एवं पौधों का उपचार करने की विधि को विस्तार पूर्वक समझाया। उन्होंने मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए पारंपरिक खादों के बजाय समय-समय पर जैविक खाद को खेत में देने की सही वैज्ञानिक तकनीक की भी जानकारी दी। उन्होंने किसानों के हित में एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब पैक्स द्वारा खाद के साथ-साथ बेहद सस्ते और रियायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले कीटनाशक भी उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि किसानों की लागत कम हो सके और वे आर्थिक रूप से अधिक मजबूत बन सके। इस महत्वपूर्ण कृषि गोष्ठी के अवसर पर राहुल कुमार, चंदन कुमार के अलावा क्षेत्र के सैकड़ों प्रगतिशील ग्रामीण किसान मुख्य रूप से मौजूद थे।

पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा।** **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.: 164_2026-27, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा एवं वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा-लाइन हावड़ा के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग अंश की आपूर्ति। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,69,84,622.50, **बयाना राशि :** रु.5,39,700/-, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 08 (आठ) माह। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. : 165_2026-27, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के अधीन एईएन/कटवा के कार्यक्षेत्र में अग्रद्वीप स्टेशन पर एवं साहेबतला स्टेशन पर नए फुट ओवरब्रिज का शेष कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,52,41,996.15, **बयाना राशि :** रु.3,04,800/-, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं. : 166_2026-27, कार्य का विवरण** : एईएन/कटवा के अधिकार क्षेत्र में पानी के रिसाव को रोकने के लिए लिमिटेड हाइट सबवे संख्या 20/1 और 20/2 (बीबी लूप में) पर ग्राउटिंग के साथ लिमिटेड हाइट सबवे संख्या 8/सी/ई, 10/सी/ई (एके सेक्शन में) और लिमिटेड हाइट सबवे संख्या 22/3/सी/ई (बीबी लूप में) पर यू-ट्रफ शेड, ड्रेनेज, पंप हाउस और हाइट गेज आदि का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,32,35,393.46, **बयाना राशि:** रु.4,64,700/-, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 23.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान ई-निविदा प्रणाली के मामले में, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-186/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

वजीरगंज के बाराभिठिया में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वजीरगंज। प्रखंड की तरवां पंचायत अंतर्गत बाराभिठिया गांव में शनिवार को श्री देवी एवं हनुमान मंदिर के पंचदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। अहले सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं अपने सिर पर मंगल कलश धारण कर गाजे-बाजे और जयघोष के बीच यज्ञ स्थल से शोभायात्रा के रूप में निकलीं। यह भव्य कलश यात्रा बाराभिठिया गांव से शुरू होकर प्राणपुर, ठठनिया मोड़, आमूचक, बढ़ही बिगहा, भलुआही एवं तरवां-वजीरगंज-फतेहपुर मार्ग से होते हुए ढाढ़र नदी के तट पर पहुंची। वहां विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरा गया जिसके बाद श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल पर लौटे। इस दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला और पूरा इलाका भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया। महायज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों के अनुसार यह धार्मिक महायज्ञ चार जुलाई से आठ जुलाई तक निरंतर चलेगा। इस पांच दिवसीय आयोजन के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम को विशेष वैदिक अनुष्ठान, पूजन, आरती एवं विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस पावन अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि एवं शिक्षाप्रेमी क्रांतिवीर शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि रामाशंकर प्रसाद यादव, 20 सूत्री सदस्य मोहम्मद आरिफ हुसैन, संजय यादव, वीरेंद्र यादव, रामचंद्र यादव, कामेश्वर यादव, दिनेश लाल सिन्हा, अरविंद पंडित, रोहित कुमार, मोहित कुमार, छोटू कुमार, मंटू कुमार और चंदन कुमार सहित आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

टीसी देने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप, वीडियो वायरल, जांच में जुटा स्कूल प्रशासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरुआ। प्रखंड के एएनएस प्लस टू स्कूल, सगाही में ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) जारी करने के नाम पर कथित अवैध वसूली का एक गंभीर मामला सामने आया है। विद्यालय के किरानी (क्लर्क) जयंत कुमार सिंह पर छात्रों से टीसी देने के एवज में कथित रूप से अवैध वसूली करने का आरोप लगाया जा रहा है। इस कथित वसूली से जुड़ा एक वीडियो और कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह पूरा मामला क्षेत्र में भारी चर्चा का विषय बन गया है। विद्यालय के कुछ छात्र-छात्राओं का सीधा आरोप है कि टीसी प्राप्त करने के लिए उनसे रुपयों की मांग की गई और पैसे देने के बाद ही उन्हें प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया। परेशान छात्रों ने कथित तौर पर अपने मोबाइल फोन से इस पूरी प्रक्रिया का वीडियो और फोटो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया जिसके बाद स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग शुरू कर दी है। हालांकि वायरल वीडियो और फोटो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है, इसलिए इसकी सत्यता की आधिकारिक जांच होना अभी बाकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने और ड्रॉपआउट बच्चों को दोबारा विद्यालय से जोड़ने के लिए लगातार विशेष अभियान चला रही है। ऐसे में यदि टीसी जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेज के लिए छात्रों से अवैध रूप से रुपये वसूले जा रहे हैं तो यह बेहद गंभीर मामला है। प्रबुद्ध नागरिकों ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले कर्मी के विरुद्ध सख्त कानूनी व अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

बाइक चोरी, जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। थाना क्षेत्र के ग्राम मंझाठी निवासी एक किसान की मोटरसाइकिल खेत में सिंचाई के दौरान चोरी हो गई। पीड़ित ने कोंच थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई और बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस को दिए आवेदन में रामानुज कुमार पिता राम नरेश यादव ने बताया कि 4 जुलाई 2026 की शाम करीब 4 बजे वह अपने खेत में धान की सिंचाई करने गए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्रो बाइक गोह रोड के किनारे खड़ी की थी।

मदद के बहाने बदला एटीएम कार्ड, खाते से उड़ाए 61 हजार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। गुरुआ के उपरडीह मुहल्ला निवासी फुटपाथी फल विक्रेता बिट्टू कुमार साइबर ठगी का शिकार हो गये। शातिर बदमाशों ने एटीएम कार्ड बदलकर उनके बैंक खाते से कुल 61 हजार 800 रुपये निकाल लिए। इस घटना के बाद पीड़ित फल विक्रेता गहरे आर्थिक संकट में आ गया है। बताया जाता है कि बिट्टू कुमार गुरुआ बस स्टैंड के समीप फुटपाथ पर फल बेचकर किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनका खाता बिहार ग्रामीण बैंक में है जिसके माध्यम से वे अपने फल कारोबार का लेन-देन करते हैं। पीड़ित के अनुसार गुरुआ स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गये थे। कई प्रयासों के बाद भी जब मशीन से पैसे नहीं निकले तो इसी दौरान वहां पहले से मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद करने के बहाने उनका एटीएम कार्ड अपने हाथ में ले लिया। उस व्यक्ति ने मशीन में कार्ड लगाने का नाटक किया और कुछ ही देर बाद बिट्टू को धोखे से दूसरा फर्जी कार्ड थमा दिया।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. : ईएल-33-26, दिनांक 01.07.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल: आसनसोल में सभी कोचिंग कॉम्प्लेक्स में मौजूदा कैट लाइट, पिट लाइट, स्ट्रीट लाइट के उन्नयन, विकास एवं प्रतिस्थापन के प्रावधान के साथ अन्य सहायक कार्य एवं कोचिंग कॉम्प्लेक्स, मधुपुर में शंटिंग नेट की आलोक व्यवस्था। **निविदा मूल्य:** रु. 2,71,58,038.39, **बयाना राशि:** रु. 5,43,200/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 24.07.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-162/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

Homi Bhabha Centre for Science Education
Tata Institute of Fundamental Research

Indian Olympiad Qualifier in Mathematics (IOQM) 2026-27

All students wishing to participate in the Indian National Mathematical Olympiad (INMO) 2027 must appear for the corresponding **Indian Olympiad Qualifier Examination in Mathematics (IOQM) on September 6, 2026.**
Qualifying in IOQM is the first step towards participation in the International Mathematical Olympiad (IMO) of 2027 and European Girls' Mathematical Olympiad (EGMO) 2028 as an official member of the Indian team.

For more details and enrollment link:
https://olympiads.hbcse.tifr.res.in & https://www.mtai.org.in/

Registration can be done directly at respective Centres. Alternatively, registration can be done online from **29 June 2026** onwards at **https://ioqm.mtai.org.in/**

Last date: 25 July 2026

CBC 48143/11/0004/2627

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड सरकार
पशुपालन विद्यालय, गौरियाकरमा, हजारीबाग

पशुपालक प्रशिक्षण का विषयवार प्रशिक्षण कार्यक्रम 2026-27

क्रमांक	प्रशिक्षण सत्र/अवधि	प्रशिक्षण का विषय	जिला का नाम	प्रशिक्षणार्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6
1	22/06/2026 से 26/06/2026	बकरी पालन	गढ़वा	25	
2	13/07/2026 से 17/07/2026	कुक्कुट पालन	गढ़वा	25	
3	03/08/2026 से 07/08/2026	सूकर पालन	गढ़वा	25	
4	24/08/2026 से 28/08/2026	बकरी पालन	गढ़वा	25	
5	14/09/2026 से 18/09/2026	कुक्कुट पालन	गढ़वा	25	
6	05/10/2026 से 09/10/2026	भेंड़ पालन	गढ़वा	20	
7	02/11/2026 से 06/11/2026	बकरी पालन	गढ़वा	25	
8	07/12/2026 से 11/12/2026	कुक्कुट पालन	गढ़वा	25	
9	04/01/2027 से 08/01/2027	सूकर पालन	गढ़वा	25	
10	25/01/2027 से 29/01/2027	बकरी पालन	गढ़वा	25	
11	15/02/2027 से 19/02/2027	कुक्कुट पालन	गढ़वा	25	
12	08/03/2027 से 12/03/2027	भेंड़ पालन	गढ़वा	20	
	कुल			290	

नोट :- किसी प्रकार की जानकारी हेतु जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 384094 (Animal Husbandry) 26-27 (D)

संपादकीय

सतही सद्भावना की चिट्ठी!

भारत और पाकिस्तान की 117 हस्तियों ने दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों नरेन्द्र मोदी और शहबाज शरीफ को चिट्ठी लिखकर टकराव का रास्ता छोड़कर बातचीत शुरू करने की जो पैरवी की है, वो सतही सद्भाव का इजहार ज्यादा है। क्योंकि इस पूरे मामले में असल जवाबदेह पाकिस्तान है, जो अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और न ही ऐसा होने की गारंटी है। ऐसे में एकतरफा दोस्ती का हाथ बढ़ाने का कोई व्यावहारिक मतलब नहीं है। इस चिट्ठी पर भारत के 61 और पाकिस्तान की 56 हस्तियों के हस्ताक्षर हैं। जिनमें कई पूर्व अधिकारी, सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां शामिल हैं। भारत की ओर से जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और आरजेडी सांसद मनोज झा समेत 61 लोगों और पाकिस्तान की ओर से पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी समेत 56 लोगों ने चिट्ठी पर साइन किए हैं। चिट्ठी में कहा गया है कि दोनों देश टकराव के बजाए बातचीत का रास्ता चुनें ताकि दक्षिण एशिया में शांति और विकास का माहौल बन सके। इनका कहना है कि लगातार बढ़ती शत्रुता से दोनों देशों के विकास, क्षेत्रीय स्थिरता और आम नागरिकों के हित प्रभावित हो रहे हैं।

खास बात यह है कि यह पहल ऐसे समय में की गई है जब हाल के महीनों में भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तनाव बना हुआ है। दूसरे, बीच में भारत पाक के बीच ट्रैक 2 बातचीत की बात भी चली थी, जिसे भारत ने आधिकारिक रूप से खारिज कर दिया। इसके पहले संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने भी दोनों देशों के बीच बातचीत की पैरवी की थी। इससे यह संदेश गया कि दोनों देशों के बीच रिश्तों की ठंडी बर्फ पिघलाने की कोई कोशिश चल रही है। लेकिन यहां असल सवाल व्यावहारिकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में पाक से रिश्ते सुधारने की अपनी तरफ से बहुत कोशिश की, खुद बिना बुलाए लाहौर तक पहुंच गए। लेकिन नतीजा क्या निकला, हमे जवाब में पठानकोट, पुलवामा और पहलगाम जैसे पाक प्रायोजित हत्याकांड मिले। जाहिर है कि पाक में सरकार पर असल नियंत्रण सेना का है, जो अपना वजूद भारत विरोध में ही सुरक्षित मानती है। आज की तारीख में असली सराकर फील्ड मार्शल आसिम मुनीर हैं और प्रधानमंत्री नवाज शरीफ तो मुखौटा पीएम हैं। मुनीर कट्टर भारत विरोधी हैं और भारत को खत्म करना या उसे लगातार दर्द देते रहने की नीति है। दूसरे, कश्मीर मामले में पाक जमीनी सच्चाई को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है, भले ही उसके कब्जाए गुलाम कश्मीर में लोग अब पाकिस्तान के साथ नहीं रहना चाहते, लेकिन पाकिस्तान कश्मीर पर दावा किसी कीमत पर नहीं छोड़ना चाहता। ऐसे में भारत किसी से बात भी करे तो किससे करे? दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव कम होने की भी संभावना नहीं है। 25 फरवरी 2021 को दोनों देशों ने एलओसी पर 2003 के सीजफायर समझौते का फिर से पालन करने पर सहमति जताई। इसके बावजूद हालिया आतंकी घटनाओं के बाद सीमाओं पर तनाव बना हुआ है। वर्तमान में दोनों देशों के बीच पूर्णकालिक कूटनीतिक रिश्ते भी नहीं हैं। व्यापार और संचार भी बंद है। पाक अभी भी लगातार आतंकी संगठनों को पनाह और सभी तरह की मदद दिए जा रहा है। भारत-पाक शीर्ष नेताओं के लिखी चिट्ठी पर जम्मू-कश्मीर भाजपा के नेता रविंदर रैना ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत हमेशा अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहता है, लेकिन आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्होंने सवाल किया कि जो लोग भारत-पाकिस्तान वार्ता के लिए लेटर लिख रहे हैं, क्या वे इस बात की गारंटी दे सकते हैं कि पाकिस्तान भविष्य में कोई दुस्साहस या आतंकी कार्रवाई नहीं करेगा।

भारत-जापान की साझेदारी बदलेगी शक्ति समीकरण

नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में गुरुवार को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची को अपनी 'छोटी बहन' कहकर संबोधित किया, तब यह केवल शिष्टाचार का एक वाक्य नहीं था। कूटनीति की दुनिया में शब्द अक्सर दस्तावेजों से ज्यादा गहरे संदेश देते हैं। इस संबोधन के पीछे वह भरोसा छिपा था, जिसे भारत और जापान ने पिछले ढाई दशकों में धीरे-धीरे तैयार किया है। लेकिन इस मुलाकात की असली अहमियत भावनात्मक रिश्ते से कहीं आगे है। यह उस दौर में हुई है, जब एशिया की राजनीति नए मोड़ पर खड़ी है, चीन का बढ़ता दबदबा पड़ोसी देशों की चिंता बढ़ा रहा है, वैश्विक सप्लाई चेन नए ठिकाने तलाश रही है और तकनीक भविष्य की सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है। ऐसे समय में भारत और जापान ने दुनिया को यह संकेत दिया है कि दोनों देशों की साझेदारी अब केवल निवेश और व्यापार तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि रक्षा, तकनीक, ऊर्जा और सामरिक सुरक्षा की नई धुरी बनने जा रही है।

अजय कुमार



भारत और जापान के रिश्तों की सबसे बड़ी खासियत यह रही है कि इनमें कभी उतार-चढ़ाव की राजनीति नहीं दिखी। 1952 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद दोनों देशों के बीच विश्वास लगातार बढ़ता गया। 2000 में रिश्तों को नई दिशा मिली, 2006 में उन्हें 'स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' का दर्जा मिला और 2014 में इन्हें 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' में बदल दिया गया। यह वही दौर था, जब जापान ने भारत को केवल एक बड़ा बाजार नहीं, बल्कि एशिया में सबसे भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखना शुरू किया। दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल, मेट्रो परियोजनाएं और औद्योगिक टाउनशिप जैसे दर्जनों बड़े प्रोजेक्ट इसी सोच का परिणाम हैं। जापान ने पिछले दो दशकों में भारत में अरबों डॉलर का निवेश किया और आज करीब 1,400 जापानी कंपनियां भारतीय बाजार में सक्रिय हैं।

लेकिन इस बार का शिखर सम्मेलन इसलिए अलग था क्योंकि पहली बार दोनों देशों ने रक्षा सह-विकास समझौते पर हस्ताक्षर किए। अब तक भारत और जापान संयुक्त नौसैनिक अभ्यास, रक्षा संवाद और समुद्री सुरक्षा तक सहयोग कर रहे थे, लेकिन रक्षा तकनीक के संयुक्त विकास की दिशा में यह पहला कदम है। इसका मतलब केवल हथियार बनाना नहीं है। इसका अर्थ है कि आने वाले वर्षों में दोनों देश ऐसी तकनीकों पर साथ काम करेंगे, जो समुद्री निगरानी, सुरक्षित संचार, ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित रक्षा प्रणाली और भविष्य की युद्ध तकनीकों की दिशा तय करेंगी। रक्षा विशेषज्ञ इसे भारत-जापान संबंधों का सबसे बड़ा रणनीतिक मोड़ मान रहे हैं, क्योंकि जापान लंबे समय तक रक्षा निर्यात और सैन्य तकनीक साझा करने में बेहद सतर्क रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं आया। इसके पीछे चीन की बढ़ती आक्रामकता सबसे बड़ा कारण है। पिछले एक दशक में दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीपों का निर्माण, ताइवान के आसपास लगातार सैन्य अभ्यास, पूर्वी चीन सागर में सेनकाकू द्वीपों को लेकर जापान के साथ तनाव और हिंद महासागर में चीनी नौसेना की बढ़ती मौजूदगी ने पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था बदल दी है। दूसरी ओर, भारत भी पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लंबे सैन्य गतिरोध का सामना कर चुका है। ऐसे में नई दिल्ली और टोक्यो की रणनीतिक सोच पहले से कहीं ज्यादा समान दिखाई देती है। दोनों देश मानते हैं कि समुद्री रास्तों की सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान और नियम-आधारित व्यवस्था ही एशिया में स्थिरता बनाए रख सकती है। यही वजह है कि क्वाड के भीतर भी भारत और जापान सबसे सक्रिय साझेदारों में गिने जाते हैं। रक्षा सहयोग के साथ-साथ आर्थिक सुरक्षा इस शिखर सम्मेलन का दूसरा सबसे बड़ा विषय रही। कोविड महामारी और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने दुनिया को यह सिखाया कि केवल सस्ती सप्लाई चेन पर्याप्त नहीं होती, बल्कि भरोसेमंद साझेदार भी जरूरी होते हैं। लंबे समय तक दुनिया का अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन चीन पर निर्भर रहा, लेकिन अब अमेरिका, जापान, भारत और यूरोप वैकल्पिक सप्लाई नेटवर्क तैयार करने में जुटे हैं। इसी रणनीति के तहत भारत और जापान ने सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी और उन्नत विनिर्माण में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। आज दुनिया की डिजिटल अर्थव्यवस्था चिप्स पर टिकी है और जापान इस क्षेत्र में कच्चे माल, मशीनरी तथा तकनीक का बड़ा केंद्र है, जबकि भारत तेजी से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का नया हब बन रहा है। दोनों देशों की साझेदारी भविष्य की तकनीकी प्रतिस्पर्धा में निर्णायक साबित हो सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन के दौरान बताया कि पिछले एक वर्ष में दोनों देशों के बीच लगभग 120 नए कारोबारी समझौते हुए हैं। अब लक्ष्य अगले दस वर्षों में भारत में 10 ट्रिलियन येन का जापानी निवेश आकर्षित करना है। भारतीय मुद्रा में इसकी कीमत करीब छह लाख करोड़ रुपये से अधिक बैठती है। यह निवेश केवल कारखाने लगाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, ऑटोमोबाइल, बैटरी तकनीक और हाई-टेक उद्योगों में भी लगाया जाएगा। वर्ष 2025-26 में भारत-जापान द्विपक्षीय व्यापार लगभग 27 अरब डॉलर के आसपास पहुंच चुका है, लेकिन दोनों सरकारें मानती हैं कि यह क्षमता के मुकाबले अभी भी काफी कम है। इसलिए अब निवेश और व्यापार दोनों को अगले स्तर पर ले जाने की तैयारी की जा रही है।

शिखर सम्मेलन में हरित ऊर्जा को भी नई प्राथमिकता मिली। 'गोवर्धन' पहल के तहत भारत-जापान बायोगैस मिशन शुरू किया गया है, जिसके जरिए आधुनिक बायोगैस संयंत्रों का नेटवर्क तैयार किया जाएगा। इसका मकसद केवल स्वच्छ ऊर्जा पैदा करना नहीं है, बल्कि कृषि अवशेषों का बेहतर उपयोग, किसानों की अतिरिक्त आय, जैविक उर्वरकों का उत्पादन और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना भी है। जापान की पर्यावरणीय तकनीक और भारत की विशाल कृषि अर्थव्यवस्था का यह मेल आने वाले वर्षों में ग्रामीण विकास का नया मॉडल बन सकता है। तकनीक के क्षेत्र में भी दोनों देशों की सोच तेजी से बदल रही है। अब सहयोग केवल हार्डवेयर या मशीनों तक सीमित नहीं रहेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, 6जी संचार, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में भी संयुक्त अनुसंधान का रास्ता खोला गया है। जापान के पास उच्च स्तरीय इंजीनियरिंग और सटीक विनिर्माण की क्षमता है, जबकि भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल प्रतिभा और सॉफ्टवेयर विशेषज्ञता है। यदि दोनों की ताकतें एक मंच पर आती हैं, तो एशिया में तकनीकी नेतृत्व का नया केंद्र उभर सकता है।

2027 में भारत और जापान अपने राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे करेंगे। लेकिन उससे पहले ही दोनों देशों ने साफ कर दिया है कि आने वाला दशक केवल दोस्ती का नहीं, बल्कि साझा नेतृत्व का दशक होगा। बदलती वैश्विक राजनीति में, जहां कई पुराने गठबंधन कमजोर पड़ रहे हैं, वहीं भारत और जापान का रिश्ता लगातार मजबूत हो रहा है। यही वजह है कि नई दिल्ली में बोला गया 'छोटी बहन' का एक वाक्य केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि उस रणनीतिक विश्वास का प्रतीक बन गया, जिसके सहारे दोनों देश एशिया की नई शक्ति संरचना को आकार देने की तैयारी कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में यह साझेदारी केवल भारत और जापान की नहीं, बल्कि पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की दिशा तय करने वाली सबसे महत्वपूर्ण साझेदारियों में गिनी जा सकती है।

अध्यात्म

सुख भाग्य से नहीं, आपसी सम्मान और लगातार प्रयास करने से आता है

पुराने समय की एक लोक कथा है। एक छोटे से गांव में एक दंपत्ति (कपल) था, उनका वैवाहिक जीवन बहुत सुखी था। पति अपनी पत्नी से बेहद प्रेम करता था और पत्नी भी घर-परिवार को संभालते हुए पति का पूरा ध्यान रखती थी, लेकिन समय के साथ उनके जीवन की छोटी-छोटी परेशानियां आने लगीं। कभी आर्थिक चिंता, कभी काम का तनाव, तो कभी पुराने विवाद, धीरे-धीरे उनके बीच झगड़े होने लगे। हालांकि उनके दिल में एक-दूसरे के लिए प्रेम था, लेकिन क्रोध, अहंकार और पुरानी बातों को बार-बार दोहराने की आदत ने उनके बीच तनाव बढ़ा दिया था। एक दिन गांव में एक ज्ञानी संत आए। पति-पत्नी उनके प्रवचन सुनने पहुंचे। संत की बातें उन्हें बहुत अच्छी लगीं और उन्होंने संत को भोजन के लिए अपने घर आमंत्रित किया। अगले दिन संत उनके घर आए। भोजन के दौरान संत ने दोनों के चेहरे पर तनाव और दूरी को महसूस किया। भोजन के बाद संत ने एक साधारण सा पानी से भरा लोटा उठाया और उसे हवा में पकड़कर पूछा- 'अगर मैं इस लोटे को लगातार ऐसे ही पकड़े रहूं, तो क्या होगा?' पति ने कहा, 'थोड़ी देर तक तो आसान है, लेकिन ज्यादा देर तक हाथ दर्द करने लगेगा और लोटा भारी लगने लगेगा।' संत मुस्कुराए और बोले, 'यही जीवन का नियम है। जैसे यह लोटा जितनी देर पकड़ोगे उतना भारी लगेगा, वैसे ही पुरानी बातें, गुस्से और शिकायतें जितनी देर मन में रहेंगी, जीवन उतना ही भारी होता जाएगा।' संत ने आगे समझाया कि रिश्तों में समस्याएं आती हैं, लेकिन उन्हें समय रहते हल करना जरूरी है। अगर हम समस्याओं को पकड़कर बैठे रहेंगे, उन्हें बार-बार सोचते रहेंगे और छोड़ेंगे नहीं, तो प्रेम धीरे-धीरे खत्म हो जाता है और तनाव बढ़ता जाता है। पति-पत्नी को संत की बात समझ में आ गई। उन्होंने तय किया कि अब वे छोटी बातों को दिल से नहीं लगाएंगे, गलतफहमियों को तुरंत सुलझाएंगे और एक-दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे। उस दिन के बाद उनके जीवन में फिर से प्रेम, शांति और संतुलन लौट आया।

सीख: वैवाहिक जीवन सुखी भाग्य से नहीं, बल्कि समझदारी, धैर्य और लगातार प्रयास करने से बनता है। पति-पत्नी का रिश्ता तभी मजबूत होता है जब दोनों एक-दूसरे को समझने और स्वीकार करने की कोशिश करते हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी संवाद बहुत जरूरी है।

उच्च शिक्षा व्यवस्था: क्या अपने मूल उद्देश्य से भटक गई है?

शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि व्यक्ति को जीवन, समाज और राष्ट्र के लिए सक्षम बनाना है। यदि डिग्री के बाद भी युवा रोजगार, कौशल और अवसर की तलाश में कतारों में खड़ा रहे, तो यह केवल शिक्षा की नहीं, पूरी व्यवस्था की विफलता है।' भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था आज एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रही है, जहाँ अवसरों का विस्तार तो दिखाई देता है, लेकिन वास्तविकता में विद्यार्थियों के सामने जटिलताओं का एक नया संसार खड़ा हो गया है। कभी विद्यालय से विश्वविद्यालय और फिर रोजगार तक की यात्रा अपेक्षाकृत सरल मानी जाती थी, परंतु आज यह यात्रा प्रवेश परीक्षाओं, माइक्रो-क्रेडेंशियल्स, ऑनलाइन प्रमाणपत्रों, स्किल सर्टिफिकेशन, इंटर्नशिप, प्रतियोगी परीक्षाओं और अनेक प्रशासनिक प्रक्रियाओं की अंतहीन श्रृंखला में बदल चुकी है। ऐसा प्रतीत होता है कि हर नया दरवाज़ा सफलता की ओर नहीं, बल्कि एक और लंबी कतार की ओर खुलता है।

डॉ. भूपेंद्र कुमार सुल्हेरे

यह स्थिति उस भारत की कल्पना से भिन्न है जिसकी परिकल्पना नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) ने की थी। नीति का उद्देश्य शिक्षा को अधिक लचीला, बहुविषयक, रोजगारोन्मुख और विद्यार्थी-केंद्रित बनाना था। किंतु व्यवहार में उच्च शिक्षा का स्वरूप ऐसा बनता जा रहा है जिसमें विद्यार्थी ज्ञान से अधिक प्रमाणपत्रों के संग्रह में उलझते जा रहे हैं। परिणामस्वरूप शिक्षा का मूल उद्देश्य—व्यक्ति का बौद्धिक, व्यावसायिक और सामाजिक विकास—कहीं पीछे छूटता दिखाई देता है।

भारत विश्व का सबसे युवा देश है। प्रत्येक वर्ष लगभग 35 लाख इंजीनियर और 25 लाख अन्य विश्वविद्यालय स्नातक उच्च शिक्षा संस्थानों से निकलते हैं। इसके बावजूद लाखों शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में भटकते हैं। यह केवल बेरोजगारी का संकट नहीं, बल्कि रोजगारयोग्यता का संकट है। इस समस्या की ओर सबसे पहले 2005 में मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट ने ध्यान आकर्षित किया था। अपनी प्रसिद्ध रिपोर्ट "E&tending India's Leadership of the Global IT and BPO Industries" में संस्था ने बताया था कि भारतीय इंजीनियरिंग स्नातकों का बहुत छोटा हिस्सा ही बिना अतिरिक्त प्रशिक्षण के बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्य करने योग्य है। यह चेतावनी दो दशक पहले दी गई थी, किंतु आज भी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। मर्सर-मेटल स्किल्स इंडेक्स 2025 के अनुसार भारतीय स्नातकों में केवल 42.6 प्रतिशत ही रोजगार योग्य हैं। वहीं इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2025, जिसमें लगभग 65 लाख उम्मीदवारों का विश्लेषण किया गया, यह संकेत देती है कि लगभग आधे स्नातक आज भी उद्योग की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरते। इसका अर्थ स्पष्ट है-डिग्रियों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण कौशल उसी अनुपात में विकसित नहीं हो रहे। उच्च शिक्षा का तीसरा वर्ष विद्यार्थियों के लिए निर्णायक होना चाहिए। यही वह समय होता है जब उन्हें उद्योग, शोध, नवाचार, इंटर्नशिप और व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़ना चाहिए। किंतु अधिकांश संस्थानों में यही सबसे कमजोर कड़ी है। टीमलीज़ की एक व्यापक एडटेक रिपोर्ट, जिसमें देशभर के 1,071 उच्च शिक्षण संस्थानों का अध्ययन किया गया, बताती है कि केवल 9.68 प्रतिशत संस्थानों के पास सक्रिय उद्योग परियोजनाएँ उपलब्ध हैं। लगभग 37.8 प्रतिशत संस्थानों में इंटर्नशिप की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है, जबकि मात्र 9.4 प्रतिशत संस्थानों में सभी कार्यक्रमों के लिए अनिवार्य इंटर्नशिप लागू है। उद्योग विशेषज्ञों की नियमित भागीदारी केवल 23.02 प्रतिशत संस्थानों तक सीमित है और प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस जैसी अवधारणा अभी भी अधिकांश संस्थानों में अनुपस्थित है।

ऐसी स्थिति में विद्यार्थी डिग्री तो प्राप्त कर लेते हैं, किंतु वास्तविक कार्यस्थल की चुनौतियों और व्यावसायिक अपेक्षाओं के लिए तैयारनहीं हो पाते। भारतीय उच्च शिक्षा की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक पाठ्यक्रम और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच बढ़ता अंतर है। उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार केवल 8.6 प्रतिशत संस्थानों में पाठ्यक्रम पूरी तरह उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप है। लगभग आधे संस्थानों ने स्वीकार किया कि उनके पाठ्यक्रमों में उद्योग की अपेक्षाओं का कोई प्रभावी समावेश नहीं है। वहीं 60 प्रतिशत से अधिक संस्थान उद्योग-मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्रों को अपने नियमित पाठ्यक्रम का हिस्सा ही नहीं बनाते।

जब उद्योग कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा, डिजिटल तकनीक और नवाचार जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवाओं की मांग कर रहा है, तब अनेक विश्वविद्यालय वर्षों पुराने पाठ्यक्रमों पर आधारित शिक्षा दे रहे हैं। यही कारण है कि विश्वविद्यालयों से निकलने वाले अनेक स्नातकों को रोजगार मिलने से पहले अतिरिक्त प्रशिक्षण लेना पड़ता है।

आज का नियोक्ता केवल अंकतालिका नहीं देखता। वह संचार क्षमता, समस्या समाधान, टीमवर्क, नेतृत्व, समय प्रबंधन, डिजिटल दक्षता और विश्लेषणात्मक सोच जैसे कौशलों को प्राथमिकता देता है।

फिर भी केवल लगभग 36 प्रतिशत संस्थानों में इन सॉफ्ट स्किल्स को व्यवस्थित रूप से पढ़ाया जाता है। अंग्रेज़ी संचार, लेखन, प्रस्तुतिकरण और व्यावसायिक व्यवहार जैसे आवश्यक कौशलों की कमी के कारण अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी भी रोजगार की दौड़ में पीछे रह जाते हैं।

विश्वविद्यालयों के पूर्व छात्र (Alumni) उद्योग और शिक्षा के बीच सबसे प्रभावी सेतु हो सकते हैं। वे विद्यार्थियों को मार्गदर्शन, मेंटरशिप, इंटर्नशिप और रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सकते हैं। दुर्भाग्यवश केवल 5.44 प्रतिशत संस्थानों में ही पूर्व छात्रों की सक्रिय भागीदारी है। अधिकांश विश्वविद्यालय इस अमूल्य संसाधन का प्रभावी उपयोग ही नहीं कर पा रहे हैं।

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) का गठन प्रवेश परीक्षाओं को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से किया गया था। किंतु पिछले कुछ वर्षों में अनेक परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक, तकनीकी त्रुटियाँ, परिणामों में विलंब और न्यायालयी हस्तक्षेप जैसी घटनाओं ने इसकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

NEET-UG, NEET-PG, UGC-NET, CSIR-NET, CUET तथा JEE Main जैसी परीक्षाओं से जुड़े विवादों ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित किया। प्रवेश परीक्षाएँ, जो कभी अवसर का माध्यम थीं, अब अनेक विद्यार्थियों के लिए तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता का कारण बन गई हैं।

ऑनलाइन शिक्षा, माइक्रो-क्रेडेंशियल्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म आधुनिक अवश्य हैं, लेकिन उनकी पहुँच समान नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी, क्षेत्रीय भाषाओं में अध्ययन करने वाले युवा तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र महंगे प्रमाणपत्रों, सीमित इंटरनेट सुविधा और कमजोर डिजिटल आधारभूत संरचना के कारण पीछे छूट जाते हैं। महिलाओं की रोजगार क्षमता में आई गिरावट भी इस असमानता को और स्पष्ट करती है। यदि भारत को वास्तव में ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था बनना है, तो उच्च शिक्षा में व्यापक सुधार अनिवार्य हैं। राष्ट्रीय डिजिटल क्रेडेंशियल वॉलेट, सरल क्रेडिट ट्रांसफर प्रणाली, माइक्रो-क्रेडेंशियल्स की गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाली स्वतंत्र व्यवस्था, उद्योग के साथ मिलकर पाठ्यक्रम निर्माण, सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य इंटर्नशिप, एनटीए में संस्थागत सुधार, सार्वजनिक ब्रिजिंग कार्यक्रम तथा विश्वविद्यालय-उद्योग-पूर्व छात्र साझेदारी जैसे कदम अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुके हैं। बीस वर्ष पहले मैकिन्से की चेतावनी केवल एक आँकड़ा नहीं थी, बल्कि भविष्य का संकेत थी। आज भी यदि लगभग आधे स्नातक रोजगार योग्य नहीं हैं, अधिकांश संस्थान उद्योग की अपेक्षाओं से कटे हुए हैं और प्रवेश परीक्षाएँ स्वयं संकट का विषय बन गई हैं, तो यह केवल शिक्षा व्यवस्था का नहीं, बल्कि राष्ट्र के विकास मॉडल का प्रश्न है।

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

मार्केटिंग से जुड़े कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता रहेगी। नये कारोबार में आप धन निवेश कर सकते हैं। बौद्धिक चर्चाओं में आप भाग लेंगे।

वृषभ

व्यवसाय में आपको बड़ा आर्थिक जोखिम लेने से बचना चाहिये। आप अत्यन्त संवेदनशील हो सकते हैं। परिवार के सदस्यों के साथ समय बितायें।

मिथुन

पारिवारिक कलह का निपटारा हो सकता है। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभायेंगे। शाम को आपके अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं।

कर्क

आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। प्रबन्धन सम्बन्धी कार्य काफी अच्छी तरह से आप करेंगे। साहस के साथ परिस्थितियों का सामना करेंगे।

सिंह

आप नयी परियोजनाओं को आरम्भ कर सकते हैं। जीवनसाथी को लेकर आप थोड़े भावुक होंगे। आज आप काफी तरोताजा महसूस करेंगे।

कन्या

परिवार के लोग आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहने वाले हैं। मित्रों और परिजनों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। घरवालों से राय लेकर काम करना हितकारी होगा।

तुला

कारोबारियों को व्यापार के उत्तम लाभ मिलेंगे। बेरोजगार लोगों को नया रोजगार प्राप्त हो सकता है। आज आपकी सेहत काफी अच्छी रहेगी।

वृश्चिक

आपको अपने बजट की अत्यधिक चिन्ता रहेगी। अनजान लोगों पर अधिक विश्वास न करें। ऐसे लोगों से दूर रहें जो आपको हतोत्साहित करते हैं।

धनु

आज कोई शुभ सूचना मिल सकती है। पारिवारिक जीवन अत्यन्त सुखद रहने वाला है। नयी नौकरी और व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। नये वस्त्र और आभूषणों पर धन खर्च कर सकते हैं।

मकर

यदि आवश्यक न हो तो आप यात्रा न करें। बुजुर्ग लोगों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। अधिक सोच-विचार करने के कारण कार्यों में अवरोध आने की आशंका है।

कुंभ

माता-पिता का आशीर्वाद लेकर ही दिन की शुरुआत करें। रचनात्मक क्षमताओं का उपयोग करें। नये अवसरों और परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

मीन

दैनिक दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साहवर्धन करेगा। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। नये मित्रों से अपने मन की बातें कर सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

अवैध देशी पिस्तौल के साथ एक युवक गिरफ्तार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भगवानगंज पुलिस ने शनिवार को खैनिया गांव से पुलिस पर हमले के एक फरार आरोपी को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान पवन उर्फ सचिन कुमार, पिता विमल सिंह, निवासी खैनिया के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पवन उर्फ सचिन के पास अवैध हथियार है। इसी सूचना पर खैनिया गांव में छापेमारी की गई। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश में आरोपी रंगे हाथ देसी कट्टा के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार पवन उर्फ सचिन पुलिस पर हमले के एक मामले में वांछित था। करीब 6 महीने पहले ईद के 2 दिन पहले खैनिया गांव में सड़क हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई थी। इसी घटना के बाद हुए हंगामे और आक्रोश में आरोपी ने पुलिस टीम पर हमला किया था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और पुलिस पर हमले की धाराओं में केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि बरामद देसी कट्टा को जब्त कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।



पारिवारिक कलह से तंग आकर महिला ने दी जान

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पिपरा थाना क्षेत्र के उफरोल गांव में शनिवार सुबह पारिवारिक कलह से तंग आकर एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान शिल्पी देवी, पति विनय कुमार सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह शिल्पी देवी ने घर में जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने परिजनों को सूचना मिली। सूचना पर पहुंची पिपरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से थाने में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि विनय कुमार सिंह ने दो शादियां की थीं। उनकी पहली पत्नी ने भी इसी तरह जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। अब दूसरी पत्नी शिल्पी देवी ने भी पारिवारिक कलह के कारण जान दे दी। सूत्रों के मुताबिक पिछले कई दिनों से जमीन के विवाद को लेकर घर में झगड़ा चल रहा था। इसी कलह से परेशान होकर शिल्पी देवी ने शनिवार को आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस अपने सूत्रों से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी।

छेड़खानी-जानलेवा हमले का फरार आरोपी धराया

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। लहसुना थाना पुलिस ने छेड़खानी, जानलेवा हमला और हत्या के प्रयास के मामले में 10 महीने से फरार चल रहे आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अजय कुमार, पिता मुकुन पासवान, निवासी सूकठिया को उसके घर से दबोचा गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना पर सूकठिया गांव में छापेमारी की गई। फरार आरोपी अजय कुमार घर पर मौजूद था। पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश में उसे पकड़ लिया गया। यह मामला 27.09.2025 का है। पीड़िता पुष्पा देवी, पति सुनील पासवान ने लहसुना थाने में आवेदन देकर 13 लोगों को नामजद किया था। पुष्पा देवी ने बयान में कहा था कि वह खेत से शौच कर घर लौट रही थी। घर के दरवाजे पर पहुंचते ही आरोपियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार और छेड़खानी की। शोर मचाने पर बचाने आए पति सुनील पासवान पर फरसा और लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया। हमले में सुनील गंभीर रूप से जख्मी होकर बेहोश हो गए थे। मामले में दर्ज प्राथमिकी के बाद पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अजय कुमार घटना के बाद से फरार चल रहा था। शनिवार को गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस ने कहा कि मामले में बचे अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। सभी आरोपियों को जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।



1000 लीटर अवैध जावा शराब विनष्ट


मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। लहसुना थाना पुलिस ने शनिवार को विशेष समकालीन अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी की। इस दौरान अवैध शराब के अड्डों पर की गई कार्रवाई में करीब 1000 लीटर अर्धनिर्मित जावा शराब को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब तस्करी और अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए यह अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने अलग-अलग जगहों पर छापा मारकर जावा महुआ से बनाई जा रही कच्ची शराब, भट्ठियां और उपकरण नष्ट किए। अभियान के दौरान बरामद करीब 1000 लीटर अर्धनिर्मित शराब को नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी। अभियान में शामिल पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र के संदिग्ध ठिकानों की जांच की और स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।





फरार आरोपी के घर पर चिपकाया इश्तेहार

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शाहपुर पुलिस ने जमीन संबंधित मामले में फरार आरोपी आशोपुर निवासी अजय राय के घर में इश्तेहार चस्पा की है। इश्तेहार में आरोपी को जल्द से जल्द न्यायालय में पेश होने की बात कही गई है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि शाहपुर थाना में जयप्रकाश राय ने चार कट्टे जमीन के विवाद को लेकर आशोपुर निवासी अजय राय के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। दर्ज मामले में दाउदपुर के रहने वाले जयप्रकाश ने उसके चार कट्टे जमीन पर बाउंड्री तोड़कर रंगदारी और धमकी मांगने का आरोप लगाया था। इसी मामले में आरोपित के खिलाफ न्यायालय के निर्देश पर उनके घर पर इश्तेहार चस्पा की गई है।



खाद्यान्न आपके द्वार : बुजुर्गों के घर पहुंचा राशन, एसडीएम ने खुद थमाई पोटली

मसौढ़ी में पायलट प्रोजेक्ट शुरू, अब हर शनिवार घर पर होगी अनाज की सप्लाई





मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बुजुर्गों को राशन के लिए अब दुकान के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार के निर्देश पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत 80 वर्ष से अधिक आयु के लाभुकों को घर तक खाद्यान्न पहुंचाने की योजना शनिवार से मसौढ़ी में शुरू हो गई।विधायक अरूण मांझी, एवं एसडीएम अभिषेक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर इस 'खाद्यान्न आपके घर पर' पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। जहां पहले दिन भगवानगंज पंचायत के डीलर विनोद कुमार, के 22 लाभुक, कराय पंचायत के डिलर राजेंद्र प्रसाद के 13 लाभुक, चपौर पंचायत के विनिता कुमारी के 11 लाभुक एवं बेर्रा पंचायत के चंदेश्वर प्रसाद के 19 लाभुको के उनके घर पर जाकर राशन का पैकेट वितरण किया गया, लाभुको में भगवानगंज पंचायत के कांति देवी, सिमरन खातून, चपौर पंचायत के रामकृत पासवान पनपतिया देवी, कराय पंचायत के मथुरा मांझी, महोगनी देवी, बेर्रा पंचायत के राजदेव प्रसाद धनपतिया देवी समेत अन्य 80+ आयु के पात्र लोगों को उनके हिस्से का अनाज सौंपा।घर पर राशन पाकर बुजुर्गों और उनके परिजनों के चेहरे खिल उठे। लाभुकों ने कहा कि अब वृद्धावस्था में दुकान तक जाने की परेशानी खत्म हो गई, विधायक अरुण मांझी ने कहा सरकार और जिला प्रशासन का यह फैसला सराहनीय है।एसडीएम ने बताया कि प्रारंभिक चरण में यह व्यवस्था मसौढ़ी प्रखंड में पायलट के तौर पर शुरू की गई है। जहां 80 प्लस कुल 1873 लाभुक है। अब हर शनिवार प्रखंड के सभी 80 वर्ष से अधिक आयु के पात्र राशन कार्डधारी को उनके संबंधित डीलर द्वारा घर पर ही खाद्यान्न दिया जाएगा।आपूर्ति पदाधिकारी विरेन्द्र भारती ने कहा की विभागीय पोर्टल पर चिह्नित और सत्यापित लाभुकों को ई-पॉश मशीन से अंगूठा लगवाकर या परिवार के वयस्क सदस्य से हस्ताक्षर लेकर राशन दिया जाएगा। ऑनलाइन एंट्री भी होगी। कार्यक्रम में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रंजीत कुमार राणा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी वीरेंद्र भारती संबंधित डीलर, कर्मी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

पुनपुन में 14 लाख की ठगी, केयरटेकर बना साइबर ठग

ग्राहकों का यूपीआई बदलकर उड़ाए पैसे, ग्राहक का ओटीपी मांगकर 2032 लोगों को लगाया चूना

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शैडोफैक्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड के पुनपुन स्थित कार्यालय से जुड़े केयरटेकर पर 14.82 लाख रुपये के फ्रॉड का आरोप लगा है। कंपनी के सहायक प्रबंधक संतोष कुमार राठौर ने पुनपुन थाने में शिकायत देकर बिट्टू कुमार और उनके साथियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है शिकायतकर्ता संतोष कुमार राठौर, उम्र 42 वर्ष, पिता रामजनम सिंह, निवासी न्यू महावीर कॉलोनी, बेउर ने बताया कि कंपनी का स्थानीय कार्यालय 11.05.2026 को पुनपुन स्टेशन रोड, चंद्रा पैलेस बैंक्वेट हॉल के पास शकुंतला देवी के मकान में शुरू हुआ था। कार्यालय के रख-रखाव के लिए 07.05.2026 को बिट्टू कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता ललन प्रसाद, ग्राम धमापुर, बंधुगंज, जहानाबाद को नियुक्त किया गया था। आरोप है कि बिट्टू कुमार और उनके साथियों ने धोखाधड़ी की नियत से काम किया। 23.06.2026 से 28.06.2026 के बीच लगभग 2032 ग्राहकों को ओटीपी/कॉल के जरिए ठगा गया। ठगी की कुल राशि 14,26,220 रुपये है। इसके अलावा बिट्टू कुमार ने व्यक्तिगत रूप से 227 पार्सल चोरी किए, जिनका मूल्य 56,375 रुपये है। कुल फ्रॉड 14,82,595 रुपये का हुआ। दरअसल तरीका यह था कि आरोपी ग्राहकों का मोबाइल नंबर लेकर शॉपिंग ऑर्डर ऐप में दर्ज कर लेते थे। फिर ग्राहक से ओटीपी मांगते थे। ओटीपी मिलते ही ऐप में लॉगिन कर ऑर्डर कैंसल कर देते थे और ग्राहक का यूपीआई/भुगतान विवरण बदलकर अपना यूपीआई डाल देते थे। इससे कैंसल पार्सल की राशि उनके खाते में चली जाती थी। ग्राहकों से संपर्क के लिए इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबर भी शिकायत में दिए गए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी बिट्टू कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

स्वास्थ्य पखवारा में अबतक 567 मरीजों का उपचार

चिकित्सक-दिवस के उपलक्ष्य में हेल्थ इंस्टिच्युट में होगी 15 जुलाई तक निःशुल्क चिकित्सा



पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चिकित्सक-दिवस के उपलक्ष्य में विगत 1 जुलाई से, बेउर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च में आयोजित 'निःशुल्क स्वास्थ्य-पखवारा' में, अबतक 567 मरीजों के उपचार किए गए हैं। स्वास्थ्य पखवारा में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक 'बाह्य-रोगी-विभाग' में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा, सभी प्रकार के रोगों के उपचार की निःशुल्क व्यवस्था की गयी है। संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने बताया है कि पखवारा के अंतर्गत संस्थान के विभिन्न विभागों में, सभी प्रकार के रोगों के साथ, नेत्र-जांच, एक्स-रे, सभी प्रकार की पथोलौजिकल जांच, फिज़ियोथेरापी, स्पीचथेरापी, विकलांगता-जांच, श्रवण-जांच आदि की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। वरिष्ठ चिकित्सक डा वरुण कुमार शरण, डा संजीत कुमार, डा अभिलाषा कुमारी, डा आदित्य ओझा, डा देवराज, डा संतोष कुमार सिंह, डा नीतीश भारद्वाज, डा नेहा कुमारी आदि चिकित्सक और थेरापिसट्स अपनी नियमित सेवा दे रहे हैं। 15 जुलाई को पखवारा का समापन-समारोह आयोजित किया जाएगा, किंतु बाह्य-रोगी-विभाग समेत सभी चिकित्सकीय विभाग अपनी सेवाएँ देते रहेंगे।

मॉब लिंचिंग, फर्जी मुठभेड़ व बुलडोजर राज के विरोध में भाकपा माले का प्रदर्शन

पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार में कथित मॉब लिंचिंग, फर्जी मुठभेड़, बुलडोजर राज, पुलिस दमन एवं लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले के विरोध में शनिवार को भाकपा (माले) के बैनर तले पालीगंज में विरोध दिवस मनाया गया। इस दौरान पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने विरोध मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विरोध मार्च की शुरूआत चंद्रवंशी नगर स्थित भाकपा-माले कार्यालय से हुई। मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बिहटा बस स्टैंड पहुंचा, जहां एक सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने राज्य में बढ़ रही कथित मॉब लिंचिंग, फर्जी मुठभेड़ों, बुलडोजर कार्रवाई, पुलिस दमन तथा लोकतांत्रिक अधिकारों पर हो रहे हमलों की निंदा की। उन्होंने सरकार से इन घटनाओं पर रोक लगाने तथा कानून के शासन और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन में पालीगंज विधायक संदीप सौरव, मुखिया संघ अध्यक्ष आनंद कुमार, प्रखंड पार्टी सचिव सुरेंद्र पासवान, अविनाश शर्मा, अनवर हुसैन, अरविंद वर्मा, भोला मुखिया, नागो देवी, सरस्वती देवी, रामअवतार, नीतीश कुमार, नीरज कुमार सहित सैकड़ों भाकपा-माले कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि जनहित और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने विभिन्न मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की।



दानापुर के सदर बाजार में लगी आग, छह दुकानें जलकर राख, एक व्यक्ति हिरासत में

दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर के सदर बाजार स्थित शुक्रवार की देर रात एक दुकान में आग लग गई। देखते ही दुकान से सटे अन्य दुकानों में आग फैल गई। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की पांच दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मगर इस हादसे में छह दुकाने जलकर राख हो गया। जिसमें लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं इस आगजनी का एक व्यक्ति पर आरोप लगा है जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार शुक्रवार दोपहर एक दुकानदार दिलीप और लालू के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के दौरान लालू ने दुकान में आग लगाने की धमकी दी थी। इस आगलगी की घटना में दिलीप की लहसुन की दुकान, सुनील कुमार की प्याज की दुकान, राजू की मिर्च की दुकान, मनु की नाश्ते की दुकान समेत कुल छह दुकानें जलकर पूरी तरह राख हो गईं। लहसुन कारोबारी दिलीप कुमार ने दानापुर थाने में लिखित शिकायत देकर लल्लू कुमार पर आग लगाने का आरोप लगाया है।

पुलिस एवं बुलडोजर राज नहीं चलेगा

मॉब लिंचिंग तथा फर्जी एनकाउंटर के खिलाफ माले का राज्यव्यापी विरोध, मसौढ़ी में मार्च एवं सभा



मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मॉब लिंचिंग, फर्जी मुठभेड़, बुलडोजर कार्रवाई और पुलिस दमन के खिलाफ भाकपा (माले) ने शनिवार को पूरे बिहार में राज्यव्यापी विरोध दिवस मनाया। इसी कड़ी में मसौढ़ी में भी मार्च और सभा का आयोजन किया गया। मार्च मसौढ़ी शहीद-ए-आजम भगत सिंह भवन स्थित माले कार्यालय से निकला और थाना रोड, मेन रोड, स्टेशन रोड होते हुए तारेगना स्टेशन प्रांगण में सभा में तब्दील हो गया सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले राज्य कमिटी सदस्य सह पटना ग्रामीण पश्चिमी जिला कार्यालय सचिव कामरेड कमलेश कुमार ने कहा कि बिहार में सुशासन की जगह अब पुलिस राज और बुलडोजर राज चल रहा है। फर्जी एनकाउंटर, जाति पूछकर हत्याएं, दलित-पिछड़ों और गरीबों पर हमले तथा पुलिस दमन लोकतंत्र और संविधान पर हमला हैं।कमलेश कुमार ने कहा कि सरकार कानून और न्याय की जगह एनकाउंटर, बुलडोजर और दमन को शासन का मॉडल बना रही है। राजगीर में दो नवयुवकों की मॉब लिंचिंग में हत्या, नगरनौसा में पुलिसिया तांडव और बिलौटी में भरत तिवारी के दोषियों को बचाने की कोशिश इसी मॉडल के उदाहरण हैं। सरकार संविधान और कानून का राज स्थापित करने में विफल रही है। विधानसभा से लेकर सड़क तक जनता इन सवालों को उठाएगी और इस मॉडल को स्वीकार नहीं करेगी।मार्च का आयोजन भाकपा-माले मसौढ़ी और धनरुआ प्रखंड कमिटी की ओर से किया गया था। इसमें मसौढ़ी प्रखंड सचिव राकेश, धनरुआ प्रखंड सचिव अकलू पासवान, जिला कमिटी सदस्य नागेश्वर पासवान, रिंकू देवी, श्री भगवान पासवान, धर्मशीला देवी, बाजन पासवान, विधा पासवान, जितेंद्र राम, शशि रंजन कुमार, देवता जी, संदीप पासवान, गुड्डू अंसारी, अख्तर अंसारी, कमलेश साव, बिटेश्वर यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

फरार अप्राथमिकी अभियुक्त इंदल को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पिपरा थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव में खेत देखने गए एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई।थी, यह घटना 12 जुलाई 2025 की रात करीब 7:45 बजे की है। इस घटना में फरार चल रहे अप्राथमिकी अभियुक्त इंदल कुमी स्व दयाराम,बेहरावां, कोद पीपर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी मुनी देवी ने पिपरा थाने में बयान देकर दो लोगों पर हत्या कराने का आरोप लगाया था,घटना के संदर्भ मे बति गया की मृतक सुरेन्द्र प्रसाद, उम्र करीब 50 वर्ष, पिता रामकिशुन महतो, निवासी शेखपुरा की पत्नी मुनी देवी, उम्र करीब 50 वर्ष ने 19.07.2025 को दोपहर 1:20 बजे पुलिस के समक्ष बयान दिया कि 12 जुलाई की रात सुरेन्द्र प्रसाद खेत में पानी लगाने के लिए घर से निकले थे।मुनी देवी ने अपने बयान में हत्या के पीछे चुनावी रंजिश की आशंका जताई है। उन्होंने रंजीत पासवान, उम्र 50 वर्ष, पिता का नाम अज्ञात और जयप्रकाश पासवान, पूर्व मुखिया, पिता भोगेन्द्र पासवान, दोनों निवासी शेखपुरा, थाना पिपरा को नामजद किया है। मुनी देवी ने कहा कि इन्हीं लोगों ने साजिश कर उनके पति की हत्या करवाई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।जिसमें अभियुक्त जयप्रकाश अबी बेल.फर है।

महिला सिपाही से छेड़छाड़ के आरोप में नप के तीन कर्मी गिरफ्तार

विभागीय कार्रवायी तय



मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शराब के नशे में धुत्त होकर महिला सिपाही पर अभद्र टिप्पणी करना मोकामा नगर परिषद के तीन संविदा कर्मियों को महंगा पड़ गया। मोकामा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।शुक्रवार रात नप कार्यालय के पास स्थित आवास की छत से तकनीकी आवास सहायक जेई राधेश्याम कुमार, आवास सहायक गोपाल कुमार और प्रभारी लेख्यपाल सौरभ राज ने स्टेशन रोड से ड्यूटी के बाद सोने जा रही महिला सिपाही पर गंदी फब्तियां कसीं और छेड़छाड़ की।महिला सिपाही की शिकायत पर जब पुलिस जांच के लिए पहुंची तो तीनों कर्मी नशे की हालत में मिले। पुलिस को देख जेई राधेश्याम कुमार भागने के प्रयास में टावर पर चढ़ गया, जिसे बाद में उतारकर हिरासत में लिया गया।मोकामा अवर थानाध्यक्ष सत्यम कुमार झा ने बताया कि ब्रेथ एनालाइजर जांच में तीनों के भारी मात्रा में शराब पीने की पुष्टि हुई है। तीनों को हिरासत में लेकर खून जांच के लिए बाढ़ भेजा गया था। जांच रिपोर्ट के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया।मोकामा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार रजक ने स्पष्ट किया कि गिरफ्तार किए गए तीनों कर्मी संविदा पर बहाल थे। पुलिस की जांच रिपोर्ट मिलते ही विभाग से तीनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।गौरतलब है कि बिहार में अप्रैल 2016 से पूर्ण शराबबंदी लागू है। इसके बावजूद शराब पीना और ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी से अभद्रता करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से साफ संदेश गया है कि कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने की 10 वर्ष के लाइफ कवर की पेशकश

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट स्मार्ट प्लस के तहत 10 वर्ष का लाइफ कवर पेश किया है। यह योजना उन ग्राहकों के लिए तैयार की गई है, जिनकी निश्चित अवधि की वित्तीय जिम्मेदारियां हैं, जैसे होम लोन, बिजनेस लोन और बच्चों की शिक्षा के लक्ष्य। यह उत्पाद ऐसे समय में जीवन बीमा सुरक्षा प्रदान करता है, जब वित्तीय जिम्मेदारियां और आय पर निर्भरता अक्सर सबसे अधिक होती है। कई लोगों के लिए किसी बड़े वित्तीय दायित्व को लेने के बाद का पहला दशक बढ़ी हुई वित्तीय जिम्मेदारियों का दौर होता है। यह पेशकश खासतौर पर निश्चित अवधि वाले बिजनेस लोन लेने वाले स्व-रोजगार व्यक्तियों, होम लोन लेने वालों और अपने बच्चों की शिक्षा की योजना बना रहे माता-पिता के लिए उपयोगी है। 10 वर्ष के इस लाइफ कवर को इसी महत्वपूर्ण अवधि की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि ग्राहकों को किफायती जीवन बीमा सुरक्षा मिल सके। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर विकास गुप्ता ने कहा, घर खरीदना, कारोबार खड़ा करना या बच्चों की शिक्षा के लिए धन जुटाना जैसे कई वित्तीय लक्ष्य एक तय समयसीमा से जुड़े होते हैं। आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट स्मार्ट प्लस को इन महत्वपूर्ण वर्षों के दौरान सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, ताकि ग्राहक अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को सुरक्षित रखते हुए अपने प्रियजनों के वित्तीय भविष्य को भी सुरक्षित कर सकें। यह विभिन्न जीवन चरणों में ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप सुरक्षा समाधान उपलब्ध कराने पर हमारे फोकस को दर्शाता है। साथ ही, यह भारत में बीमा की पहुँच बढ़ाने और 2047 तक सबके लिए बीमाह्न के लक्ष्य में योगदान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना की एक प्रमुख विशेषता यह है कि 10 वर्ष की पूरी पॉलिसी अवधि के दौरान लाइफ कवर की राशि समान बनी रहती है। इससे परिवारों को पूरी बीमा राशि का लाभ मिलता है, जिससे वे न सिर्फ ऋण से जुड़ी जिम्मेदारियों को पूरा कर सकते हैं, बल्कि अन्य वित्तीय जरूरतों और भविष्य के लक्ष्यों को भी पूरा करने में सक्षम होते हैं।

मोकामा में 'खेत बचाओ अभियान' के तहत जुटी विशेषज्ञों की टोली

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मिट्टी की घटती सेहत और रासायनिक उर्वरकों पर बढ़ती निर्भरता को थामने के लिए मोकामा में शुक्रवार को 'खेत बचाओ अभियान' के तहत एक दिवसीय भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। दलहन अनुसंधान केन्द्र, मोकामा में हुई इस कार्यशाला का मुख्य फोकस "दलहनी एवं औषधीय फसलों का मृदा एवं मानव स्वास्थ्य पर महत्व" रहा।कृषि अनुसंधान संस्थान पटना के क्षेत्रीय निदेशक शिवनाथ दास और कृषि विशेषज्ञ निखत आजम ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। स्मृति स्वरूप परिसर में पौधारोपण भी किया गया।विशेषज्ञों ने बताया कि दलहनी फसलें नाइट्रोजन स्थिरीकरण के जरिए मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्राकृतिक रूप से बढ़ाती हैं। वहीं औषधीय फसलों से न सिर्फ किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि मानव स्वास्थ्य को भी सीधा फायदा मिलेगा।

तीन माह बाद भी शुरू नहीं हो सका गंगा सीढ़ी घाट का निर्माण

भूमि विवाद बना बाधा, छठ जैसे पर्व से पहले भी काम अधूरा



मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मोकामा नगर में मुख्यमंत्री शहरी समग्र योजना के तहत वार्ड नंबर-13 पाठक घाट में सीढ़ी घाट का निर्माण कार्य तीन माह बीतने के बाद भी शुरू नहीं हो सका है। करीब 44 लाख रुपये खर्च होने वाले इस घाट का मकसद छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व और गंगा स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को सुविधा देना था।अप्रैल माह में निर्माण एजेंसी नवोदय कुमार को काम सौंपा गया था, लेकिन एक दावेदार किसान रामाकांत सिंह ने खेसरा नंबर 5824 और 5837 पर निर्माण रोक दिया। किसान का दावा है कि सीढ़ी घाट की निर्माण वाली जमीन का उन्हें मालिकाना हक प्राप्त है। उन्होंने खेसरा 5824 पर निर्माण कार्य करने पर आपत्ति जताई, जिसके बाद एजेंसी ने काम से हाथ खींच लिए।बुडको के अधिकारियों ने पटना पूर्वी अंचल के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अभिनंदन कुमार को मामले की जानकारी दी। अनुरोध पर मोकामा सीओ लवली कुमारी ने जमीन की नापी कराई और अ-आपत्ति प्रमाण पत्र भी मांगा। जमीन दावेदार रामाकांत सिंह से गैर मजरुआ मालिक जमीन के दस्तावेज भी मांगे गए। सिंह का कहना है कि जमीन उनकी निजी संपत्ति है और वे सही कागजात मुहैया कराएंगे।सीढ़ी घाट का निर्माण नहीं होने पर लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि सभी स्तर से योजना के क्रियान्वयन की कोशिश तेज होनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने भी घाट बनाने की वकालत की है। बुढ़को की निर्माण एजेंसी ने बताया कि नए सिरे से वर्क ऑर्डर मिलने पर ही काम शुरू हो सकेगा।गंगा किनारे बसे मोकामा में छठ पूजा और गंगा स्नान के दौरान हजारों श्रद्धालु जुटते हैं। सीढ़ी घाट न होने से महिलाओं और बुजुर्गों को खास परेशानी होती है। तीन महीने से काम रुका होने से त्योहार से पहले घाट बनने की उम्मीद भी धुंधली पड़ रही है।फिलहाल मामला जमीन के कागजात और प्रशासनिक मंजूरी पर अटका है। देखना होगा कि विवाद कब सुलझता है और श्रद्धालुओं को कब तक सुविधा मिलती है।

संक्षिप्त समाचार

15 बैग यूरिया खाद के साथ तस्कर गिरफ्तार

बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भारत नेपाल सीमा पर स्थित अगरवा एसएसबी के जवानों ने शनिवार की अहले सुबह गुप्त सूचना के आधार पर गस्त के दौरान पीलर संख्या संख्या 359/10 के करीब लगभग डेढ़ सौ मीटर भारत सीमा के अगरवा गाँव के समीप चौदह बोरा यूरिया खाद के साथ एक तस्कर को पांच साईकल के साथ दबोच लिया गया वही अन्य खाद तस्कर साईकल छोड़ नेपाल के रास्ते भागने मे सफल रहा वही इस यूरिया खाद को नेपाल के झवानी गांव मे भेजनें के फिराक मे था जिसे एसएसबी के जवानो ने नकाम कर दिया पकड़े गए तस्कर की पहचान जितना थाना क्षेत्र के अगरवा गाँव निवासी ध्यान राय पिता स्वर्गीय सतहूँ राय के रूप मे किया गया जिसे गिरफ्तार कागजी प्रकिया पूरी कर जप्त समाग्री को मोतिहारी कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया जानकारी एसएसबी के अधिकारोंयों ने दी।



रक्सौल एयरपोर्ट विस्तार के लिए विशेष शिविर

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रक्सौल हवाईअड्डा विस्तार परियोजना के तहत अधिग्रहित की जाने वाली भूमि से जुड़े हितबद्ध रैयतों से आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन प्राप्त करने के उद्देश्य से शुक्रवार को चिन्हित स्थल पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण अरुण कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे रैयतों से परियोजना से संबंधित आवश्यक कागजात प्राप्त किए गए। साथ ही रैयतों द्वारा दिए गए सुझावों और जिज्ञासाओं को भी गंभीरता से सुना गया तथा आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में रैयतों ने अपने आवेदन, भूमि संबंधी अभिलेख एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज जमा किए। अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त दस्तावेजों का परीक्षण कर आगे की भू-अर्जन प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की जाएगी, ताकि रक्सौल हवाईअड्डा विस्तार परियोजना को गति मिल सके। इस अवसर पर अधिसूचित अंचलाधिकारी रक्सौल, भू-अर्जन कार्यालय तथा अंचल कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे।



चम्पारण समाज कल्याण फाउंडेशन के डॉ. गोपाल एवं टीम ने जिला पदाधिकारी को किया सम्मानित

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। चम्पारण समाज कल्याण फाउंडेशन के टीम के द्वारा पुर्वी चम्पारण जिले के नव पदस्थापित जिला पदाधिकारी डीएम सौरभ सुमन यादव को संस्थापक सह अध्यक्ष चिकित्सक डॉ. गोपाल कुमार सिंह के नेतृत्व में उपाध्यक्ष डॉ. तरूण कुमार सिंह, सचिव डॉ. प्रशांत कत्यायन एवं संयोजक डॉ.नवीन श्रीवास्तव के द्वारा अंग वस्त्र, बुके एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाज कल्याण फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. गोपाल एवं सदस्यो ने जिला पदाधिकारी के अच्छे कार्यकाल के लिए लिए शुभकामना देते हुए जिले के सर्वांगीण विकास की उम्मीद जताई। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि इससे पहले सौरभ सुमन यादव मोतिहारी में अनुमंडल पदाधिकारी एवं नगर आयुक्त के रूप में अपने सेवाएं दे चुके है और उनके कार्यकाल में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य किये गये। चम्पारण समाज कल्याण फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल में डॉ. गोपाल, डॉ. तरूण, डॉ. प्रशांत, डॉ. नवीन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



जनता दरबार में चार पुराने भूमि विवादों का निष्पादन

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एकमा अंचल कार्यालय में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अंचलाधिकारी अमलेश कुमार प्रसाद एवं राजस्व अधिकारी (आरओ) रामप्रवेश साहू ने भूमि संबंधी मामलों की सुनवाई की। इस दौरान भूमि विवाद से जुड़े छह नए आवेदन प्राप्त हुए। सुनवाई के दौरान पूर्व से लंबित मामलों में से चार भूमि विवादों का दोनों पक्षों की आपसी सहमति के आधार पर सफलतापूर्वक निष्पादन कर दिया गया। अधिकारियों ने शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवादों के त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारे पर विशेष जोर दिया गया। अंचलाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है तथा सभी मामलों का विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर अंचल प्रधान लिपिक सैयद मोहम्मद नजबी, नाजिर मोहम्मद जहरुद्दीन, राजस्व कर्मचारी सत्येन्द्र सिंह, अंचल क्लर्क संजीत कुमार, ब्रजेन्द्र कुमार, एकमा थाना के एसआई सतीश कुमार तथा रसूलपुर थाना के एसआई बिक्रम कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आम लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए निष्पक्ष एवं शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।



विकास मित्रों की साप्ताहिक बैठक आयोजित

जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड कार्यालय जमालपुर में बुधवार को विकास मित्रों की साप्ताहिक बैठक प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सरागबी गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विकास मित्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने सभी विकास मित्रों को निर्देश दिया कि छीजन के तहत नामांकन अभियान में तेजी लाते हुए अपने-अपने क्षेत्र से न्यूनतम पांच-पांच आवेदन पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया को गति देने पर भी विशेष जोर दिया गया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने विकास मित्रों को ईमानदारी एवं सक्रियता के साथ नामांकन अभियान सफल बनाने का निर्देश दिया।इसके बाद विकास मित्रों के साप्ताहिक कार्यों की समीक्षा की गई तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया।बैठक में जिला कोऑर्डिनेटर अशोक दास, करण कुमार रावत, प्रदीप रजक, प्रेम कुमार, अजय कुमार रावत, शंभू शरण, संजय कुमार, चंदन कुमार रजक, रानी कुमारी, शिवानी कुमारी, प्रतिमा देवी, अन्नपूर्णा देवी, विमला कुमारी, राजेश कुमार सहित कई विकास मित्र उपस्थित थे।



किराना व्यवसायी की गोली मारकर हत्या, इलाके में दहशत

मुजफ्फरपुर//नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिले के सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र में शनिवार की अहले सुबह बेखौफ अपराधियों ने एक किराना व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना उस समय हुई जब व्यवसायी प्रतिदिन की तरह डेरा चौक स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई, जबकि परिजनों और स्थानीय व्यवसायियों में भारी आक्रोश है। मृतक की पहचान पैगंबरपुर निवासी श्याम सुंदर प्रसाद के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वे रोज सुबह मंदिर में पूजा करने जाते थे। शनिवार को भी वे निर्धारित समय पर मंदिर पहुंचे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली लगते ही वे मौके पर गिर पड़े। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिवाईपट्टी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों की मदद से गंभीर रूप से घायल व्यवसायी को इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसकेएमसीएच) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखे बरामद किए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच तेज कर दी गई है। सिवाईपट्टी थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्या के पीछे के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस आपसी रंजिश, व्यावसायिक विवाद सहित सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

घर में घुसकर युवक की बेरहमी से हत्या

धारदार हथियार से किया सिर पर वार, जांच में जुटी पुलिस

किशनगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। किशनगंज जिले के कोचाधामन अंतर्गत बिशनपुर ओपी क्षेत्र में शनिवार सुबह एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बदमाशों ने युवक के घर में प्रवेश किया। जहाँ धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया। जिसके बाद मौके से फरार हो गया। घटना के बाद युवक की मौत हो गई। घटना हाईस्कूल चौक के समीप की है। सुबह जब लोगों को वारदात की जानकारी मिली तो इलाके में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान बहादुरगंज थाना क्षेत्र के टंगटंगी गांव निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद रिजवान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रिजवान पिछले कुछ समय से बिशनपुर थाना क्षेत्र में अपना घर बनाकर रह रहा था । शनिवार सुबह उनका शव घर के अंदर खून से लथपथ अवस्था में मिला। सिर पर गंभीर चोट के निशान थे, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि हमलावरों ने किसी भारी वस्तु से सिर कुचलकर उनकी हत्या की।घटना की सूचना मिलते ही बिशनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का काम शुरू कर दिया गया है। आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ कर पुलिस हत्या के कारणों और हमलावरों की पहचान करने में जुटी है।घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों के बीच हत्या को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। कुछ लोग इसे पारिवारिक विवाद का परिणाम बता रहे हैं, जबकि अन्य लोग किसी पुरानी रंजिश की आशंका जता रहे हैं।एसडीपीओ खुसरु शिराज ने बताया कि घटना घटी है। जहां एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। घटना का कारण अबतक स्पष्ट नहीं है।एफएसएल टीम के द्वारा साक्ष्य लिया गया है। सभी बिन्दुओ पर जांच जारी है। जल्द ही घटना का सफल उदभेदन कर लिया जाएगा।

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में 150 मरीजों की हुई जांच

असहायों को मुफ्त दवा वितरित

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत एकमा बाजार के वार्ड संख्या-4 स्थित न्यू लाइफ क्लिनिक परिसर में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जानकी एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट, हंसराजपुर, एकमा के तत्वावधान में तथा डॉ. सत्यदेव प्रसाद यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर में मधुमेह (शुगर), अस्थमा, सीओपीडी, एनीमिया, हड्डी एवं जोड़ों के दर्द, यूरिक एसिड सहित विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लगभग 150 मरीजों की निःशुल्क जांच एवं उपचार किया गया। इस दौरान आर्थिक रूप से कमजोर एवं असहाय मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ . के.डी. यादव, डा. पी. कुमार, डा. आर. कुमार, डा. संतोष कुमार, रंजीत कुमार सिंह, प्रमोद कुमार मिश्रा, पियूष कुमार, अंकित कुमार एवं राकेश कुमार सहित अन्य लोगों का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर के समापन पर डा. सत्यदेव प्रसाद यादव ने सभी चिकित्सकों, जांच करने वाले टेक्नीशियनों, दूर-दराज से आए मरीजों एवं उनके परिजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 18 जुलाई 2026 को सुबह 9 बजे से न्यू लाइफ क्लिनिक में थायराइड की जांच मात्र 50 रुपये में की जाएगी। इच्छुक लोगों से समय रहते पंजीकरण कराने की अपील की गई है।



महाविद्यालय स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता का सफल आयोजन

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन एवं बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के सेहत केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में गाँधी मैदान, मोतिहारी में महाविद्यालय स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ से पूर्व महाविद्यालय स्थित सेहत केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ. विदुषी दीक्षित, जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती तथा हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय और मनोवैज्ञानिक और समाजसेवी डॉ. अरुण कुमार ने प्रतिभागियों को रेड रन अभियान के उद्देश्य एवं एचआईवी/एड्स से बचाव, जागरूकता तथा सामाजिक सहभागिता के महत्व की जानकारी दी।

बेतिया में 12 लाख से अधिक मूल्य का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 12लाख रुपये से अधिक मूल्य का 1 क्विंटल 24 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया है। इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो अन्य फरार हो गए। वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कुमार गौतम ने शनिवार को बताया कि मझौलिया थानाध्यक्ष अमर कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मझौलिया-महना मुख्य सड़क पर चेईलाभार गांव के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान एक संदिग्ध बोलेरो वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें से 1 क्विंटल 24 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में रक्सौल के कौड़िहार चौक निवासी दीपक कुमार (27) तथा बेतिया आईटीआई निवासी अनुज कुमार (18) को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई के दौरान बाइक सवार दो अन्य तस्कर मौके से फरार हो गए। एसएसपी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि गांजे की खेप रक्सौल से लाकर लोहियरिया पहुंचाई जानी थी। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 12लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। कुमार गौतम ने कहा कि फरार दोनों तस्करों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही इस मामले में मादक पदार्थ तस्करी के पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

सीओ के तबादले के बाद व्यवस्था प्रभावित, लोगों में बढ़ रही नाराजगी

साप्ताहिक जनता दरबार पिछले दो सप्ताह से हो रहा प्रभावित

जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जमालपुर अंचल कार्यालय में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाला साप्ताहिक जनता दरबार पिछले दो सप्ताह से ठप पड़ा है। जनता दरबार नहीं लगने से प्रखंड की 10 पंचायतों और नगर परिषद के 36 वार्डों से अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचने वाले फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है।शनिवार को भी बड़ी संख्या में लोग विभिन्न राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए अंचल कार्यालय पहुंचे, लेकिन कार्यालय में अंचल अधिकारी अनुपस्थित मिले। कई लोगों ने बताया कि कार्यालय में ताला लटका था और संबंधित कर्मियों का भी कहीं पता नहीं था। ऐसे में दूर-दराज से आए लोगों को बिना सुनवाई के ही वापस लौटना पड़ा।फरियादियों दिलेश्वर प्रसाद, सिकंदर यादव,नरेश पंडित का कहना है कि वे बार-बार कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं, जिससे समय और आर्थिक दोनों तरह की परेशानी उठानी पड़ रही है। उनका आरोप है कि जनता दरबार बंद रहने से आम लोगों की समस्याओं का समाधान प्रभावित हो रहा है और प्रशासनिक व्यवस्था पर उनका भरोसा भी कमजोर पड़ता जा रहा है।जानकारी के अनुसार, जमालपुर के अंचल अधिकारी के स्थानांतरण से पहले से ही शनिवार को लगने वाला जनता दरबार नियमित रूप से आयोजित नहीं हो रहा है। अब लगातार दो सप्ताह से जनता दरबार नहीं लगने के कारण लोगों में नाराजगी बढ़ने लगी है।स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जनता दरबार की व्यवस्था शीघ्र बहाल की जाए तथा अंचल कार्यालय में नियमित रूप से अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके।

चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

गायत्री नगर से हीरो स्प्लेंडर प्रो के साथ दबोचा गया युवक

जमालपुर (मुंगेर) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जमालपुर पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले को 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से वाहन चोरों में हड़कंप मच गया है।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि 3 जुलाई को बाइक चोरी का मामला दर्ज किया गया था। मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गायत्री नगर क्षेत्र में छापेमारी कर चोरी की हीरो स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आयुष पासवान, पिता श्याम संतोष कुमार बड़ी केशोपुर निवासी के रूप में हुई है। बरामद बाइक सुबोध शर्मा, निवासी बलीपुर की बताई गई है, जिसकी चोरी की शिकायत थाना में दर्ज कराई गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस कार्रवाई का नेतृत्व एएसआई धनंजय कुमार ने किया।

कारखाना परिसर में लकड़ी चोरी का मामला पकड़ा तूल

सपाध्यक्ष ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन आरपीएफ के डीजी सहित अन्य को पत्र भेज की अधिकारियों की संलिप्तता की जांच की मांग

जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। रेलवे कारखाना जमालपुर में हुए लगभग 150 रुपए मूल्य के कीमती लकड़ी चोरी का मामला अब धीरे-धीरे तूल पकड़ने लगा है और आरपीएफ के कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सह जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के संयोजक पप्पू यादव ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन आरपीएफ के महानिदेशक सहित पूर्व रेलवे महाप्रबंधक आरपीएफ के आईजी व प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त व वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख सतर्कता अधिकारी को पत्र लिखकर इस प्रकरण की जांच की मांग की है सपाध्यक्ष ने अपने पत्र में कहा कि पूर्व में भी डिप्टी सीपीओ और इसके स्टेनो महेश कुमार पर कई आरोप है पूर्व रेलवे इंटर कॉलेज के संविदा शिक्षक की बहाली में भी डिप्टी सीपीओ स्टेनो महेश कुमार राजीव कुमार सोमा चौधरी और अवकाश प्राप्त कल्याण निरीक्षक प्रहलाद राउत पर वसूली करने के गंभीर आरोप लगे है बावजूद रेलवे इस मामले पर चुप्पी साध ली, वही लकड़ी चोरी प्रकरण में भी आरपीएफ के द्वारा चार कीमती लकड़ी के पटरे जिसकी किमत लगभग 150 रुपए थी जो डिप्टी सीपीओ के गाड़ी में पकड़ा गया और उस वक्त गाड़ी में डिप्टी सीपीओ के स्टेनो महेश कुमार भी मौजूद थे वावजूद डिप्टी सीपीओ और महेश कुमार को क्लीन चिट दे दिया जो कई सवालों को जन्म दे रहा है क्योंकि जिस कारखाने में ऑक्शन के नाम पर लाखों रुपए की कीमती लोहे को बेच दिया जाता है जहाँ से रोज लाखों रुपए का सामान ऐन केन प्रकेन बाहर निकाल लिया जाता हो ठेकेदारी प्रथा के कार्यरत हजारों मजदूरों से एंट्री के नाम पर प्रति मजदुर 10 वसूला जाता हो वहीं 150 रुपए मूल्य के लकड़ी चोरी के आरोप में किसी को जेल भेज दिया जाता है जो एक बड़े साजिश की तरफ इशारा कर रहा है और यह कहीं से भी न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है सपाध्यक्ष ने आगे कहा कि पूर्व रेलवे जोन करोड रुपए के घाटे से हांफ रहा है और जमालपुर रेल कारखाना लूट खसोट भ्रष्टाचार कमीशन खोरी और अवैध उगाही का हव बनता जा रहा है इसलिए इसके बिंदुवार जांच की बेहद आवश्यकता है श्री यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अभिलंब इस प्रकरण की जांच नहीं की गई तो हम सपाई इसके विरोध के लिए सड़क पर उतरेंगे।

स्टेशन से मासूम का अपहरण कर ले जा रहे चोर को एस्कॉर्ट पार्टी ने दबोचा

फरक्का एक्सप्रेस के एस-5 कोच से बरामद हुआ बच्चा, एक आरोपित गिरफ्तार, अन्य फरार

जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जमालपुर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ एवं रेल पुलिस के साथ ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी की सतर्कता से एक दो वर्षीय मासूम को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से सकुशल बरामद कर लिया गया। फरक्का एक्सप्रेस के एस-5 कोच से बच्चे को बरामद करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके अन्य साथी फरार होने में सफल रहे। आरपीएफ ने बच्चे का मेडिकल एवं सत्यापन कराने के बाद उसे स्वजनों को सुपुर्द कर दिया। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार, खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र के बैना गांव निवासी भगवान यादव अपने दो वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार के साथ देवघर से जमालपुर लौटे थे। रात करीब तीन बजे जमालपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर आराम करने के दौरान उन्हें पता चला कि उनका पुत्र गायब है। इसके बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल रेल पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही एएसआई एस. दास एवं ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी सक्रिय हो गई। टीम ने फरक्का एक्सप्रेस के एस-5 कोच सहित अन्य बोगियों में सघन तलाशी अभियान चलाया। किऊल स्टेशन पहुंचने से पहले एस-5 कोच से मासूम को सकुशल बरामद कर लिया गया। मौके से एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके अन्य साथी भाग निकले।पीड़ित भगवान यादव ने आरपीएफ को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि मुंगेर जिले के महारपुर निवासी मो. नसीम का पुत्र मो. टीमपू उनके बच्चे का अपहरण कर उसे पटना निवासी बबलू कुमार के पास 50 हजार रुपये में बेचने के लिए ले जा रहा था।आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि बच्चे के बरामद होने के बाद उसका मेडिकल परीक्षण एवं आवश्यक सत्यापन कराया गया। एवं गिरफ्तार कर से पूछताछ के बाद उसके निशान नहीं पर आरपीएफ की टीम सरगना की तलाश हेतु छापेमारी कर रही है।

नेपाल के वीरगंज में फिर गरजा बुलडोजर, 25-25 मीटर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दोबारा शुरू

रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नेपाल के वीरगंज महानगर के मुख्य मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण अभियान के तहत एक बार फिर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू होने से प्रभावित लोगों और सड़क विभाग के बीच टकराव की स्थिति बन गई। सड़क विभाग द्वारा सड़क की दोनों ओर 25-25 मीटर की सीमा के भीतर बने भवनों और अन्य निर्माणों को हटाने की कार्रवाई दोबारा शुरू की गई, जिससे प्रभावित परिवारों में भारी नाराजगी देखी गई। कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से पिपरा क्षेत्र में स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रभावित घर मालिकों ने जगह-जगह टायर जलाकर प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया और कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बिना समुचित मुआवजा और वैकल्पिक व्यवस्था के इस तरह की कार्रवाई उनके लिए गंभीर संकट खड़ा कर रही है। दूसरी ओर, सड़क विभाग का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण परियोजना शहर के यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक है तथा निर्धारित सीमा के भीतर आने वाले अतिक्रमण को हटाना अनिवार्य है।

फतुहा में सोशल मीडिया पर कट्टा लहराने वाला आरोपी गिरफ्तार

फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। फतुहा में सोशल मीडिया पर अवैध देशी कट्टा लहराते हुए वीडियो वायरल करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से वीडियो में दिखाई दे रहा देशी कट्टा भी बरामद किया गया है। फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामएकबाल यादव (45 वर्ष), निवासी मकसूदपुर नया रोड, थाना फतुहा के रूप में हुई है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर आरोपी का अवैध हथियार लहराते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो की सूचना मिलने के बाद वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर फतुहा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने वीडियो का सत्यापन करने के बाद आरोपी के मकसूदपुर नया रोड स्थित घर पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान वीडियो में दिखाई दे रहा एक देशी कट्टा भी बरामद किया गया। इस संबंध में फतुहा थाना कांड संख्या 420/26 दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ अवधेश कुमार ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों का प्रदर्शन करना तथा ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करना कानूनन अपराध है। उन्होंने बताया कि उनके निर्देश पर फतुहा थानाध्यक्ष एवं पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने किया वोलेंटियरशिप कार्यक्रम का उद्घाटन, संघर्ष की कहानी से किया प्रेरित

दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुआ पांच विभागों का सामाजिक सेवा कार्यक्रम, 500 छात्र हुए शामिल

दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय में एनईपी-2020 के तहत 6 दिवसीय स्वैच्छिक सामाजिक सेवा कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को पहले सत्र के मुख्य अतिथि हिलसा नगर परिषद के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार व उनके साथ प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह, डॉ. प्रकाश चंद्र चौरसिया, डॉ. पिंकी कुमारी, डॉ. रविन्द्र साह, डॉ. अभिषेक कुमार वअन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्ज्वलन में भाग लिया।कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने कहा कि जीत-हार खेल और जीवन का हिस्सा है।हमें खेल भावना ,समाज में प्रेम भाईचारे और मानवीय संवेदना को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।ये ग्रामीण कॉलेज अब लोकल से ग्लोबल हो गया है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि धनंजय कुमार ने अपने प्रेरणास्पद भाषण में जीवन के संघर्षों को साझा किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही समाज की रीढ़ है। आपदा में सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। संघर्ष से डरो मत, वही तुम्हें मजबूत बनाएगा। उन्होंने राजनीति शास्त्र, जंतु शास्त्र, दर्शनशास्त्र व पाली विभाग के छात्रों को सामाजिक सरोकारों से जुड़ने का आह्वान किया।



जिम्नेजियम से फिट होकर करेंगे सेवा

खेलकूद प्रभारी डॉ. रविन्द्र साह ने बताया कि महाविद्यालय के जिम्नेजियम से छात्र-छात्रा खुद को स्वस्थ व मजबूत कर वोलेंटियरशिप कार्यक्रम में योगदान दे रहे हैं। इससे उनके एकेडमीक क्रेडिट बैंक में 2 अनिवार्य अंक भी मिलेंगे। एनएसएस पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने वोलेंटियरशिप को सामाजिक दायित्व बताया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में 'गुटखा छोड़ो आंदोलन' के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक म

9 जुलाई को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के संभावित आगमन की तैयारी तेज

बलिगांव में अधिकारियों ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगामी 9 जुलाई को औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम बलिगाँव में संभावित आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम की सफलता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार को अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त टीम ने कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सदर एसडीएम संतन कुमार सिंह, बीडीओ कुमार अश्विनी, सीओ भारतेंदु सिंह, इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद, थानाध्यक्ष शंभू कुमार, बीपीआरओ अमर कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वहीं पूर्व विधायक सुरेश मेहता, भाजपा जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, जिलामंत्री सुबोध कुमार सिंह, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, मंच निर्माण, पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएंगी, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमोली में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता।

औरंगाबाद। बारून प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमोली मे शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक कौशल किशोर सिंह ने किया। संगोष्ठी के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों को शिक्षा नियमित उपस्थित और विद्यालयों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रति जागरूक और प्रेरित प्रधानाध्यापक कौशल किशोर सिंह के द्वारा किया गया। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से अपने बच्चों को विद्यालय में नियमित ड्रेस में भेजने को अपील की। साथ ही घर पर पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण बनाने सरकारी शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि 22 जून 27 जून के बीच आयोजित स्वागत सप्ताह में बैक टू स्कूल अभियान के दौरान 27 जून को कई विद्यालयों में गर्मी छुट्टी रहने के कारण शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी आयोजना नहीं हो पाया था जिसे देखते हुए यह महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। इस मौके पर रबिंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार, देवराज प्रसाद, लवकेश कुमार, दीपक चौधरी, सुप्रिया कुमारी, फरहत जहां सहित शिक्षक समेत बड़ी संख्य में अभिभावक उपस्थित रहे। वहीं मध्य विद्यालय तमोली में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या मे अभिभावकों ने भाग लिया। प्रधानाध्यापक ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में शैक्षणिक विकास मे परिवार और विद्यालय की साझेदारी को और मजबूती बनाया जा सकेगा। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों शक्रिय भागेदारी से बच्चे को नियमित उपस्थिति सीखने की गुणवता तथा विद्यालय से जुड़ाव में सकारात्मक सुधार आएगा। छात्रों को विद्यालय भेजे और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे। इस मौके पर शिक्षक उपेंद्र प्रसाद, अरुण कुमार, जहांगीर आलम, राजकिशोर प्रसाद, विभा कुमारी, उषा कुमारी, पूजा कुमारी, वंदना कुमारी, नेहा कुमारी समेत अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

एक नजर

चोरी गई बक्सा घर से दूर खेत में मिला



हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के टाल गांव टोले कांदु विगहा में गुरूवार की रात राधे मोहन प्रसाद के घर में चोरी हुई थी। जिसमें गहना समेत कीमती सामान के अलावा जरूरत की कागजात रखा बक्सा चोरों ने चुरा गये थे। जरूरत की कागजात को लेकर गृहस्वामी काफी परेशान थे। घटना के बाद राधे मोहन प्रसाद आसपास के बधार में खोज बीन कर थे। शायद कागजात मिल जाय। जो दूसरे दिन घर से लगभग एक किलोमीटर दूर टूटा बक्सा फेंका हुआ खेत में बरामद हुआ। देखा की कागजात सभी है लेकिन गहना सब गायब है। देखते-देखते ग्रामीणों की भींड़ इकट्ठा हो गई। जानकारी मिलते डायल 112 नंबर की गश्ती वाहन की पुलिस भी पहुंच गई। गृहस्वामी राधे मोहन प्रसाद व उनके पुत्र अमित कुमार सहित घर की महिलाएं टुटा हुआ बक्सा सहित सभी कागजात समेट कर साथ ले गए। ग्रामीणों की आशंका है कि दूसरे दिन चोरों ने बक्सा को बधार में फेंका है। कल इधर जानवर चराने वाले और खेती में किसानों को नजर नहीं पड़ा था।

बीस लीटर देसी शराब के साथ बाइक जब्त

हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के अमझर शरीफ टीओपी के समीप से पुलिस ने 20 लीटर देसी शराब के साथ स्पेंलडर बाइक बरामद किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया की पुलिस को देख शराब धंधेबाज बाइक छोड़ फरार हो गया। संदेह के आधार पर पुलिस बाइक को तलाशी ली गई तो डिक्की व थैला में रखा 20 लीटर देसी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया बाइक व शराब को जब्त करते हुए बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कारवाई में जुट गई है।

पुरानी रंजिश में मारपीट, दो घायल

हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के पीरू पंचायत अंतर्गत गुलरिया विगहा गांव में शुक्रवार की रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जबरदस्त मारपीट हो गई,जिसमें एक पक्ष के गोविन्द यादव एवं अनिल कुमार बुरी तरह से घायल हो गया। ग्रामीणों ने दोनों घायलों को रात्रि में हीं हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों नें प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति नाजुक देखते हुए दोनों घायलों को बाहर रेफर कर दिया। घायल गोविंद यादव ने हसपुरा थाना में दिये गये लिखित आवेदन में बताया कि घटना कि शाम वो अपनी पत्नी जगिया देवी के साथ हसपुरा बाजार से बिरेन्द्र यादव के घर के रास्ते से होकर अपने घर जा रहे थें, कि अचानक रास्ते में वीरेन्द्र यादव का लड़का सोनू कुमार मेरी पत्नी के साथ अभद्र भाषा का व्यवहार करने लगा, मेरे विरोध करने पर मेरे साथ भी मारपीट करने लगा। इतने में उसके घर से खुद बिरेन्द्र यादव एवं अन्य परिजन भी हाथों में लाठी डंडे लेकर हम पर जानलेवा हमला कर दिए। बीच बचाव करने आए अनिल कुमार को भी मार कर जख्मी कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार नें बताया कि मामले में अनुसंधान की जा रही है। रास्ता को लेकर पुरानी रंजिश के चलते दोनों में विवाद उत्पन्न हुआ है, जिसे सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

एनएच के किनारे खुले नाले से घट सकती है दुर्घटना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। दिल्ली से कोलकाता जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 पर बारुण के केशव मोड़ के निकट स्थित नाला क्षतिग्रस्त हो गया है। खुला नाला बड़े हादसे को आमंत्रित कर रहा है। केशव मोड़ के पास की सर्विस सड़क भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इतना होने के बावजूद भी इस गंभीर समस्या पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। कुछ वर्ष पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बारुन में नालों का निर्माण कराया गया था लेकिन नाले के ढक्कन टूट चुके हैं। इसके अतिरिक्त कई स्थानों पर ढक्कन टूट चुके हैं और कई स्थानों पर ढक्कन गायब हैं। निर्माण कार्य के बाद नालों की देखरेख और मरम्मत का कार्य समय पर नहीं किया गया है। सर्विस लेन और राष्ट्रीय राजमार्ग के नाले जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिससे गड्ढे उभर आए हैं। रात के समय यहां बड़ा हादसा हो सकता है। केशव मोड़ की उत्तरी सर्विस सड़क भी क्षतिग्रस्त है जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामाना करना पड़ रहा है। डेहरी से औरंगाबाद जाने वाली यात्री बस बारुण में रुकती है और बदहाल सड़क के कारण यात्री परेशान हैं। स्थानीय निवासियों ने कई बार नालों की मरम्मत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को सूचित किया है परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस ढीले रवैये के कारण स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। एनएच के पेट्रोलिंग अधिकारी ने बताया कि केशव मोड़ पर क्षतिग्रस्त सर्विस सड़क और नाले के टूटे ढक्कन की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई है और शीघ्र ही मरम्मत कराई जाएगी।

बनिया वार्ड 14 में नल-जल की स्थिति बदहाल

औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत के वार्ड नं-14 के लोगों को नल-जल योजना से पानी लगभग छह माह से बंद पड़ा है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। बनिया वार्ड नं-14 पासवान टोला के लिए विभाग से नया नल जल योजना लगाने का टेंडर हुआ है। इस कार्य को कराने के लिए मेसर्स आर्यन कंस्ट्रक्शन कंपनी को नया नल-जल योजना लगाने के लिए विभाग से स्वीकृति मिली है। संवेदक द्वारा सड़क के किनारे गड्ढा खोद कर पाइप बिछा कर छोड़ दिया गया है। गड्ढा भी नहीं भरा गया है जिसके कारण प्रतिदिन लोग गड्ढे में गिरकर घायल हो गए हैं। संवेदक के द्वारा कभी तक पेयजल आपूर्ति करवाने हेतु बोरिंग नहीं करवाई गई है और काम बंद कर दिया गया है। बनिया के लोगो को गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है।

पल्स पोलियो अभियान को लेकर समीक्षात्मक बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को प्रभावित चिकित्सा पदाधिकारी डा. विक्रम कुमार सिंह की अध्यक्षता में पिछले एक सप्ताह से चल रहे पल्स पोलियो अभियान की अंतिम दिन समीक्षा बैठक स्वास्थ्य कर्मियों के साथ की गई। इस दौरान समीक्षा बैठक में जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. विक्रम सिंह ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के अंतिम दिन हुई समीक्षा बैठक में लगभग 40000137 घरों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया था जिसमें 35000 हजार 567 बच्चों को पोलियो कार्तिक का पिलाया गया है। कहा की लक्ष्य के अनुरूप कार्यों को निष्पादन कराई गई है और छूते हुए घरों में अभी भी पोलियो पिलाने का कार्य गर्मियों के द्वारा किया जा रहा है। जानकारी देते हुए स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर एवं बीएमडब्ल्यू संतोष कुमार ने बताया कि पोलियो अभियान का नेतृत्व प्रभावित चिकित्सा पदाधिकारी डा. विक्रम कुमार सिंह कर रहे थे जिनके नेतृत्व में सफल पोलियो अभियान का कार्य संपन्न हुआ। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 75 घर-घर टीम लगाए गए थे इसके अलावा ट्रांजिस्टर टीम 20 एवं पर्यवेक्षक के रूप में 28 तथा सब डिपो 8 लगभग 228 कर्मी पल्स पोलियो अभियान में लगाए गए थे। समीक्षा बैठक के दौरान बीसीएम प्रकाश कुमार, लेखा प्रबंधक अखिलेश कुमार सहित अन्य कर्मी समीक्षा बैठक में मौजूद रहे।

तीन दिनों में स्वयं हटा लें अतिक्रमण अन्यथा मंगलवार से होगी सख्त कार्रवाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बारसोई /कटिहार। बारसोई नगर पंचायत क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही अतिक्रमण और जाम की समस्या को लेकर लगातार उठाए जा रहे मुद्दों के बाद प्रशासन ने आखिरकार निर्णायक कदम उठाने का फैसला किया है। अनुमंडल कार्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में स्पष्ट कर दिया गया कि अब सड़क और सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में एसडीओ राजू कुमार, अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी विकास कुमार, अंचल पदाधिकारी श्याम सुंदर साह, थानाध्यक्ष उमेश कुमार, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रिंकू सिंह, उपमुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साह समेत अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नगर पंचायत की ओर से लगातार तीन दिनों तक माइकिंग कर अतिक्रमणकारियों को अंतिम अवसर दिया जाएगा कि वे स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लें। इसके बाद मंगलवार से संयुक्त प्रशासनिक अभियान चलाकर बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि कार्रवाई के दौरान न केवल आर्थिक दंड लगाया जाएगा, बल्कि सरकारी आदेश की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध विधि-सम्मत कानूनी कार्रवाई और मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। इसलिए अतिक्रमणकारियों के लिए यही बेहतर होगा कि वे स्वयं आगे बढ़कर सड़क और सार्वजनिक भूमि को खाली कर दें। शहीद शुभम चौक से चूड़ी पट्टी, मस्जिद चौक, पोस्ट ऑफिस, बकरी हट्टी, मछली हट्टी, धान हट्टी, जैन मंदिर रोड, हाई स्कूल होते हुए एसएच-98 तक का मार्ग तथा धान हट्टी से तीन खम्मा होते हुए श्री विष्णु मंदिर जाने वाली सड़क आज पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में है। दुकानों के बाहर फैली चौकियां, बेंच, प्लास्टिक शेड और अन्य सामानों ने सड़क की चौड़ाई को इतना कम कर दिया है कि लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। सबसे गंभीर चिंता का विषय यह है कि किसी दुर्घटना, आगजनी या चिकित्सीय आपातकाल की स्थिति में पुलिस की गश्ती गाड़ी, एंबुलेंस और अग्निशमन विभाग के वाहन समय पर घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाते। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो भविष्य में कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल होगा। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रिंकू सिंह ने नागरिकों और दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार करने के बजाय सभी लोग स्वयं आगे आकर अतिक्रमण हटा लें। उन्होंने कहा कि सड़कें आम जनता की सुविधा के लिए होती हैं, किसी व्यक्ति विशेष के कब्जे के लिए नहीं। नगर के विकास, यातायात व्यवस्था और जनसुरक्षा को प्राथमिकता देना हर नागरिक का दायित्व है। नगरवासियों ने भी प्रशासन के इस फैसले का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इस बार अभियान केवल कागजी औपचारिकता नहीं रहेगा, बल्कि बारसोई को स्थायी रूप से जाम और अतिक्रमण की समस्या से मुक्ति दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगा। अपील प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों से आग्रह किया है कि वे अगले तीन दिनों के भीतर स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लें, ताकि जुर्माना, मुकदमा और बलपूर्वक कार्रवाई जैसी स्थिति उत्पन्न न हो।

अधिकारियों ने दोहराई इमानदार और पारदर्शी प्रशासन की प्रतिबद्धता



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

समेली/कटिहार। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को समेली प्रखंड मुख्यालय में सतर्कता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। निगरानी विभाग के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने ईमानदारी और जवाबदेही के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई। शपथ में सभी ने लोकसेवक के रूप में अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने, सरकारी नियमों और कानूनों का पालन करने तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता जताई। अधिकारियों एवं कर्मियों ने यह भी संकल्प लिया कि वे अपने कार्यों में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखेंगे, किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को न तो बढ़ावा देंगे और न ही उसमें सहभागी बनेंगे। साथ ही भ्रष्टाचार से जुड़ी किसी भी सूचना या शिकायत मिलने पर निर्धारित नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर अंचलाधिकारी प्रिय रंजन कुमार सिंह, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद हाशिम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी भानु भावेश, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विमल प्रसाद, राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार, राजन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासनिक तंत्र में नैतिक मूल्यों, पारदर्शिता और सुशासन को मजबूत करने का संदेश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए ईमानदारी और जवाबदेही के साथ कार्य करना प्रत्येक लोकसेवक की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ

04 से 14 अगस्त तक चलेगा विशेष महाअभियान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

समेली/कटिहार। प्रखंड क्षेत्र के चांदपुर पूर्वी स्थित विष्णुचक पंचायत भवन में शनिवार को 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप प्रमुख कंचन देवी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह, उप प्रमुख कंचन देवी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार यादव, प्रखंड कृषि पदाधिकारी भानु भवेश एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विमल प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री के 'टीबी मुक्त भारत' संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से समेली प्रखंड में 100 दिवसीय विशेष महाअभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रखंड की सभी पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों की निःशुल्क स्क्रीनिंग, जांच एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अधिकारियों ने कहा कि 14 अगस्त तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर संभावित टीबी मरीजों की पहचान करेगी। साथ ही लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी के मरीजों की समय पर पहचान कर उन्हें निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है।यह महाअभियान समेली प्रखंड की सभी पंचायतों छोहार, डूमर, मलहरिया, खैरा, चकला मौलानगर, चांदपुर पूर्वी, चांदपुर पश्चिम एवं मुरादपुर में संचालित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग, जीविका समूह, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य सहयोगी संस्थाएं मिलकर अभियान को सफल बनाने में जुटी हैं।कार्यक्रम में एएनएम कुसुम कुमारी, प्रीति कुमारी, सीएचओ निकिता कुमारी, जीविका की सीसी रूबी कुमारी, एमआरपी सुनीता कुमारी, सीएम डोली कुमारी, जीविका दीदियां, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

अपराध नियंत्रण को लेकर डीएसपी ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बारसोई/कटिहार। बारसोई डीएसपी कार्यालय में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी अजय कुमार ने की। इस दौरान क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराध नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। डीएसपी ने सभी थाना अध्यक्षों को नियमित दिवा गश्ती एवं रात्रि गश्ती को प्रभावी ढंग से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए तथा किसी भी घटना की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही लंबित मामलों की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र निष्पादन करने और वारंटियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने पर भी बल दिया गया। बैठक में पुलिस पदाधिकारियों को जनसंपर्क बढ़ाने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा आम लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए सक्रिय रहने की सलाह दी गई। डीएसपी ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वसूला गया जुर्माना

फलका/कटिहार। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फलका पुलिस ने स्टेट हाइवे- 77 पर रहटा गांव के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया । थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव के नेतृत्व में पुलिस बल ने इस मार्ग से गुजरने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों की बारीकी से तलाशी ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है।

पृष्ठ एक का शेष

पत्रकारिता के उच्चतर मूल्यों ....

है। मीडिया लोकतंत्र का चौथा मजबूत स्तंभ है और इसके तीनों अन्य स्तंभों पर अपनी सजग नजर रखता है। उन्होंने कहा कि मीडिया को आज सकारात्मक रूख रखते हुए काम करने की जरूरत है और समाज के सजग प्रहरी के रूप में जनता को जागरूक करने की दिशा में जोर देने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने सभी सहयोगियों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में और बेहतर पत्रकारिता का संकल्प लिया। ओबरा विधायक प्रकाश चंद्र ने कहा कि विकास को तेज करने एवं समाज को सही दिशा देने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है और आंचलिक इलाकों से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र इस भूमिका का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने भी नवबिहार टाइम्स के 37 वर्षों के सफर में सकारात्मक पत्रकारिता की सराहना की। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि समाचार पत्रों की क्षेत्र के विकास और जनजागरण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके अलावा उन्होंने समाचार पत्रों को प्रोत्साहित करने और पत्रकार हित में भी कई महत्वपूर्ण बातें कही। कार्यक्रम के दौरान समाज के ऐसे प्रमुख हस्ताक्षरों को उनके सामाजिक सरोकारों के लिए सम्मानित किया जिसकी वजह से समाज को सही दिशा मिली है। इस क्रम में विद्या निकेतन के संस्थापक सुरेश कुमार गुप्ता, कैरियर मिशन अकादमी, जंदाहा के निदेशक आनंद रंजन झा, साजन क्लीनिक के निदेशक डॉ साजन दुबे, सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य सुधीर कुमार मिश्रा, कैचेस मशाला के निदेशक नितेश कुमार, एनटीपीसी लिमिटेड पूर्वी क्षेत्र वन पटना के महाप्रबंधक विश्वनाथ चंदन सहित अन्य को सम्मानित किया गया। इसके पूर्व अपने स्वागत भाषण में नवबिहार टाइम्स समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक कमल किशोर ने निष्पक्ष विकासोन्मुखी और सकारात्मक पत्रकारिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि आज से 37 वर्ष पूर्व उन्होंने औरंगाबाद के छोटे से कस्बे बारुन से अखबार का प्रकाशन शुरू किया था और आज अपने पाठकों, विज्ञापनदाताओं के सहयोग से यह अखबार हिंदी पत्रकारिता जगत में अपना विशिष्ट स्थान बना चुका है। उन्होंने कहा कि नवबिहार टाइम्स ने हमेशा नकारात्मक पत्रकारिता से अलग हटते हुए सकारात्मक पत्रकारिता को महत्व दिया। साथ ही जनता के मुद्दों पर हमेशा जनता के साथ खड़े रहने का हौसला जताया है। नवबिहार टाइम्स ने सरकार प्रशासन और जनता के बीच हमेशा संवाद सेतु के रूप में काम किया है तथा विकास के सभी मसलों पर जनता, प्रशासन और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। उन्होंने बिहार-झारखंड और देश के विकास में नवविहार टाइम्स के भविष्य में भी संपूर्ण योगदान निभाने का संकल्प व्यक्त किया। इसके पूर्व विषय प्रवेश करते हुए वरिष्ठ पत्रकार प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा ने नवबिहार टाइम्स की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला तथा उन मूल्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिन्हें नवबिहार टाइम्स ने अपने शुरुआती दौर से अपनाया और आज तक उसका पालन कर रहा है। उन्होंने बदलती हुई पत्रकारिता के मध्य नवबिहार टाइम्स के गौरवपूर्ण 37 वर्षों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार प्रेमेंद्र मिश्रा एवं वरिष्ठ उद्घोषक शंकर कैमूरी ने किया। वहीं मुंबई के मशहूर सिंगर अभिनाश ठाकुर, पाल मुखर्जी एवं नीलोफर शबनम ने अपने सुमधुर गीतों से समा बांध दिया जिसमें देव एंड म्यूजिकल ग्रुप ने सहयोग किया। इस अवसर पर अजय सिन्हा, अजीत सिंह, अजय प्रकाश, अरविंद कुमार सिंह, महेंद्र ओझा सहित अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।

बिहार को टॉप पांच राज्यों की श्रेणी में शामिल कराना सरकार की प्राथमिकता : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मखदुमपुर। बेन प्रखंड के खैरा पंचायत के मखदुमपुर गांव में मुख्य सड़क से पानी टंकी होते हुए देवी स्थान चंद्रवंशी टोला तक 14 लाख 47 हजार 985 की राशि से नवनिर्मित ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन मंत्री श्रवण कुमार ने किया। इसके अलावा ग्राम माहाबीघा में समींदर प्रसाद के घर से गौरैया स्थान होते हुए उमेश ठाकुर के घर तक 12 लाख 64 हजार 500 रुपये की राशि से नवनिर्मित ईंट सोलिंग पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन, मखदुमपुर गांव में नरेंद्र के घर के निकट से पंडित टोला होते हुए छोटे के घर तक 9 लाख 62 हजार 500 की राशि से मिट्टी भराई एवं पीसीसी ढलाई का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सह जदयू विधायक दल के नेता बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश माडल को आगे बढ़ाने का काम बिहार की सम्राट सरकार कर रही है



राज्य सरकार ने गांवों में सड़क, नाली और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दे रही है। जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर नीतीश कुमार ने बिहार को विकास, सुशासन और जनविश्वास की नई पहचान दी। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कृषि, आधारभूत संरचना और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में हुए सकारात्मक बदलावों ने राज्य की नई तस्वीर गढ़ी।हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित कर समृद्धि की राह प्रशस्त किया है। अंधेरे से उजाले तक का यह सफर विकास की नई जनहित और सुशासन की सशक्त तस्वीर बेटियों के हाथों में साइकिल, युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा और हर बच्चे तक अवसर पहुँचाने का संकल्प, यह बदलते बिहार की पहचान है। शिक्षा को सशक्त बनाकर लाखों सपनों को नई उड़ान दी। आज आत्मविश्वास से आगे बढ़ती बेटियाँ और नए अवसरों के साथ आगे बढ़ता युवा बिहार के इस परिवर्तन की सबसे बड़ी पहचान है। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख रंजू देवी जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, लक्ष्मण प्रसाद, कुमुद कुमार, अभिषेक कुमार, जितेंद्र राम, सुनील सिंह, भगेड़न पाल, जीतू मांझी, ओमप्रकाश सिंह,मो कलीम विनोद सिंह शैलेंद्र प्रसाद, पप्पू राम, रामेश्वर पहचान बना। सुदृढ़ बिजली व्यवस्था ने गांव-गांव और घर-घर तक रोशनी, शिक्षा, सिंचाई और रोजगार के नए अवसर पहुँचाए। 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली की सुविधा ने लाखों परिवारों को आर्थिक राहत भी दी। बदलता बिहार, जगमगाता बिहार, यही है केवट,सुधीर प्रसाद भगेरन पाल जीतू मांझी मुन्नी पांडे, धुरी मांझी, नवीन सिंह चुलबुल केवट शशि सिंह दरोगा मिस्त्री, दिवाकर, शरण कुमार, नवीन सिंह, राम सुधीर प्रसाद, शशि सिंह, मधु पासवान, विनोद सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में नियमित उपस्थिति पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। नावकोठी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चक्का में शनिवार को अभिभावक-सह-शिक्षक संगोष्ठी (पीटीएम) एवं 'सुरक्षित शनिवार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक शंभू महतो ने की। संगोष्ठी का विषय 'ड्रॉपआउट, सरकारी योजनाएं एवं विद्यालय की मौलिक सुविधाएं' रखा गया, जिसमें अभिभावकों को बच्चों की नियमित शिक्षा और विद्यालय से जुड़ाव सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे बच्चों की पहचान करना है, जिनका नामांकन नहीं हो पाया है, जिन्होंने बीच में पढ़ाई छोड़ दी है या जिनकी विद्यालय में उपस्थिति अनियमित रहती है। ऐसे बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ सरकार द्वारा संचालित छात्रहितकारी योजनाओं एवं विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम से पूर्व सभी शिक्षकों, बाल संसद, मीना मंच एवं विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों के साथ तैयारी बैठक आयोजित की गई। फोकल शिक्षक शुभम कुमार ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें, नियमित रूप से गृहकार्य की जानकारी लें, स्कूल डायरी का अवलोकन करें तथा बच्चों की व्यवहारगत समस्याओं पर भी उनसे संवाद बनाए रखें। विशिष्ट शिक्षक सिकंदर सहनी ने कहा कि बच्चों को प्रतिदिन स्नान कराकर, पौष्टिक भोजन खिलाकर एवं स्वच्छ विद्यालयी पोशाक में विद्यालय भेजना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ प्रेम, धैर्य एवं सकारात्मक व्यवहार अपनाने का आग्रह किया, ताकि उनका आत्मविश्वास और मनोबल बना रहे।इस अवसर पर कक्षा आठ की छात्रा अनन्या कुमारी के पिता लालबाबू पासवान तथा कक्षा सात की छात्रा साक्षी कुमारी की माता नीतू देवी को विद्यालय की ओर से 'पैरेंट्स ऑफ द मंथ' सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक संजीत कुमार, प्रियदर्शन कुमार, कुमारी साधना, ग्रामीण अवध पोद्दार, पुष्पा देवी, राजकिशोर पासवान सहित अनेक अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

कचरा उठाव एवं प्रबंधन कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर जिले में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की सतत निगरानी के क्रम में शनिवार को वीरपुर प्रखंड के नौला, डीह, वीरपुर पुर्वी पंचायतों में कचड़ा उठाव एवं प्रबंधन कार्य स्थलीय निरीक्षण उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित पंचायतों में संचालित स्वच्छता कार्यों की समीक्षा की गई तथा कचड़ा उठाव कार्य को नियमित एवं प्रभावी रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर मौजूद वीरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर, प्रखंड समन्वयक, डीह पंचायत के मुखिया राजीव कुमार समेत अन्य जनप्रतिनिधि और स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों को प्रतिदिन घर-घर कचड़ा उठाव सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

ग्राम पंचायतों में कचरा उठाव एवं प्रबंधन का डीडीसी ने किया स्थलीय निरीक्षण

घर-घर कचरा उठाव का दिया गया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। जिले में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की सतत निगरानी के क्रम में लगातार तीसरे दिन विभिन्न प्रखंडों की ग्राम पंचायतों में कचड़ा उठाव एवं प्रबंधन कार्य स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी द्वारा वीरपुर प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कचड़ा उठाव एवं प्रबंधन कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित पंचायतों में संचालित स्वच्छता कार्यों की समीक्षा की गई तथा कचड़ा उठाव कार्य को नियमित एवं प्रभावी रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, स्थानीय मुखिया, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों को प्रतिदिन घर-घर कचड़ा उठाव सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं निदेशक, डीआरडीए, बेगूसराय विवेक कुमार एवं जिला समन्वयक, एलएसबीए, बेगूसराय विश्वजीत कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से बरौनी प्रखंड के पिपरा देवस ग्राम पंचायत में कचरा उठाव एवं प्रबंधन कार्य का निरीक्षण एवं मॉर्निंग फॉलोअप किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत में संचालित स्वच्छता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए प्रखंड समन्वयक, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों को प्रतिदिन कचड़ा उठाव कार्य नियमित रूप से संचालित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में ग्रामीणों से भी संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें स्वच्छता व्यवस्था को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई। साथ ही उपयोगिता शुल्क संग्रहण में सहयोग करने तथा महादलित परिवारों को शौचालय निर्माण हेतु प्रेरित करने पर बल दिया गया, ताकि स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता को और अधिक मजबूत किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि स्वच्छता, कचड़ा प्रबंधन एवं शौचालय निर्माण से संबंधित कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुगठित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

सहयोग शिविर में सदर प्रखंड से आये सर्वाधिक आवेदन

जिले के 24 ग्राम पंचायतों से प्राप्त 1,844 आवेदन में 1,713 आवेदनों का हुआ निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। शनिवार को समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सहयोग शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायतवार ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रविष्टियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान बताया गया कि दिनांक 30 जून को आयोजित सहयोग शिविर के अंतर्गत जिले के विभिन्न प्रखंडों की 24 ग्राम पंचायतों से कुल 1,844 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से अब तक 1,713 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। 8 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं जबकि शेष लंबित आवेदनों पर विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई जारी है। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा कर नियमानुसार उनका अविलंब निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को प्रशासनिक योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से प्राप्त हो सके। सहयोग शिविर में सर्वाधिक 258 आवेदन बेगूसराय प्रखंड से प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त बछवाड़ा प्रखंड से 218, तेघड़ा से 217, भगवानपुर से 163, बलिया से 138, छौराही बरियारपुर से 126, साहेबपुर कमाल से 124, नावकोठी से 119, बरौनी से 117, डंडारी से 113, बखरी से 65, मटिहानी से 61, छौराही से 45, मंसूरचक से 43 तथा खोदावंदपुर प्रखंड से 37 आवेदन प्राप्त हुए। जिला पदाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री ने समीक्षा के दौरान सभी विभागीय अधिकारियों, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं शिविर प्रभारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों के निष्पादन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। ऐसे में प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ समयबद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी सुनिश्चित होगा, जब प्राप्त आवेदनों का निष्पादन पारदर्शी, प्रभावी एवं त्वरित ढंग से किया जाए। बैठक में अपर समाहर्ता सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को बनाया जाए अधिक प्रभावी : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में नगर निगम एवं सभी नगर निकायों द्वारा संचालित विभिन्न लोक-कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में शहरी क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों, राजस्व संग्रह, स्वच्छता प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल-नल योजना, स्ट्रीट लाइट, नक्शा स्वीकृति, जलजमाव की समस्या तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में नगर निकायों के राजस्व संग्रह की समीक्षा के क्रम में संपत्ति कर, जल कर, ट्रेड लाइसेंस, विज्ञापन शुल्क एवं अन्य शुल्कों की वसूली की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान नई होल्डिंग के पंजीकरण, राजस्व वृद्धि की संभावनाओं तथा लंबित वसूली में तेजी लाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान लाभार्थियों को समय पर भुगतान, स्वीकृत आवासों के निर्माण की प्रगति तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष बल दिया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा पीएम स्वनिधि योजना के पात्र लाभार्थियों को बैंक ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि अधिकाधिक रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में हर घर नल का जल योजना, शहरी पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा



नक्शा स्वीकृति की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत शीघ्र कराई जाए तथा भवन निर्माण से संबंधित नक्शा स्वीकृति के मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। स्वच्छता प्रबंधन की समीक्षा के क्रम में घर-घर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण, सफाई कर्मियों की तैनाती, स्वच्छता जागरूकता अभियान, एमआरएफ, कम्पोस्ट प्लांट एवं अन्य अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी वार्डों में नियमित साफ-सफाई, कचरा उठाव एवं कचरा पृथक्करण की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। साथ ही अपशिष्ट प्रबंधन हेतु आवश्यक भूमि उपलब्धता एवं आधारभूत संरचना के विकास की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश भी दिया गया। मानसून के दौरान संभावित जलजमाव की समस्या से निपटने की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी नगर निकायों को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर त्वरित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जलजमाव वाले क्षेत्रों में पंप सेट, सक्शन मशीन एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा बारिश के बाद शीघ्र जल निकासी के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु कंट्रोल रूम एवं शिकायत पंजी की व्यवस्था को भी प्रभावी बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

जनता दरबार में दो मामले निष्पादित

वीरपुर (बेगूसराय) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए जमीन संबंधी विवाद को निपटारे के लिए पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को अंचल कार्यालय परिसर में वीरपुर के अंचलाधिकारी भाई वीरेंद्र के अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पूर्व का चार और चार नए आवेदन समेत कुल आठ मामलों की सुनवाई हुई जिसमें दो मामलों को आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किया गया शेष बचे छह मामलों को लेकर दोनों पक्षों को नोटिस जारी किया जाएगा। मौके पर वीरपुर थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार समेत अंचल कर्मी और फरियादी मौजूद थे।

किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने भागलपुर में एक्सक्लूसिव शोरूम का किया शुभारंभ

बिहार में 19वें एवं भारत में 156वें एक्सक्लूसिव शोरूम की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने भागलपुर में अपने नए एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। शाह मार्केट, खलीफाबाग चौक, डीएनसिंह रोड स्थित यह नया शोरूम बिहार में किसना का 19वां तथा पूरे भारत में 156वां एक्सक्लूसिव शोरूम है। शोरूम का शुभारंभ हरी कृष्ण ग्रुप के फाउंडर एंड एमडी घनश्याम ढोलकिया एवं भागलपुर किसना एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर गगन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शोरूम के शुभारंभ के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष उद्घाटन ऑफर्स की



घोषणा की गई है। ग्राहक अपने पुराने सोने को एक्सचेंज कर डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर 105 प्रतिशत मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा डायमंड ज्वेलरी पर फ्लैट 21 प्रतिशत तक की छूट, गोल्ड ज्वेलरी की मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 21 प्रतिशत तक की छूट तथा 90 प्रतिशत बायबैक एवं 95 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू जैसी आकर्षक सुविधाओं का लाभ भी उठा सकते हैं। हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि बिहार में हमारे 19वें एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारंभ किसना की निरंतर विकास यात्रा और पूरे भारत में विस्तार की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भागलपुर एक महत्वपूर्ण एवं संभावनाओं से भरपूर बाजार है और यहां हमारा आगमन हर घर किसना के हमारे विज़न को साकार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य प्रत्येक भारतीय परिवार तक विश्वसनीय, उच्च गुणवत्ता वाली डायमंड एवं गोल्ड ज्वेलरी को सुलभ बनाना है। वहीं अपने संबोधन में भागलपुर किसना एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर गगन कुमार ने कहा कि किसना के साथ जुड़ना हमारे लिए गर्व की बात है। यह ब्रांड भारत के ज्वेलरी रिटेल क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है। हमें प्रसन्नता है कि अब भागलपुर के ग्राहकों को विश्वसनीय डायमंड एवं गोल्ड ज्वेलरी के साथ एक उत्कृष्ट खरीदारी अनुभव मिलेगा। हमारा प्रयास ग्राहकों के साथ विश्वासपूर्ण एवं दीर्घकालिक संबंध स्थापित करना है। समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए किसना ने शोरूम के शुभारंभ के अवसर पर जरूरतमंदों के लिए भोजन वितरण, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

बखरी व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ताओं को दी गई ट्रेनिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी। न्यायिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुलभ और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में व्यवहार न्यायालय बखरी में शनिवार को अधिवक्ताओं के लिए ऑनलाइन कोर्ट एडवोकेट्स ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिवक्ताओं को ई-कोर्ट प्रणाली, ऑनलाइन न्यायिक प्रक्रियाओं, ई-फाइलिंग, डिजिटल दस्तावेजों के उपयोग तथा वर्चुअल कोर्ट की कार्यप्रणाली से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र के दौरान न्यायालय के सिस्टम ऑफिसर अरमान फैजी एवं सिस्टम असिस्टेंट धीरेन्द्र कुमार ने तकनीकी प्रस्तुति के माध्यम से अधिवक्ताओं को ऑनलाइन कोर्ट से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल न्यायिक व्यवस्था के विस्तार के साथ अधिवक्ताओं के लिए ई-फाइलिंग, केस स्टेटस की ऑनलाइन निगरानी, आदेश एवं निर्णयों की डिजिटल उपलब्धता तथा वर्चुअल सुनवाई जैसी सुविधाओं का प्रभावी उपयोग करना आवश्यक हो गया है। प्रशिक्षकों ने अधिवक्ताओं को ई फाइलिंग की चरणबद्ध प्रक्रिया, आवश्यक तकनीकी सावधानियों, दस्तावेज अपलोड करने की विधि तथा ऑनलाइन सुनवाई के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की जानकारी दी, साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग में आने वाली सामान्य समस्याओं एवं उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने ऑनलाइन न्यायिक प्रणाली से जुड़े कई व्यावहारिक प्रश्न पूछे,ि जनका सिस्टम ऑफिसर एवं सिस्टम असिस्टेंट ने विस्तार से समाधान किया। प्रशिक्षण को संवादात्मक बनाया गया ताकि अधिवक्ता नई तकनीकों को सहजता से समझ सकें और उन्हें अपने दैनिक न्यायिक कार्यों में प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। वक्ताओं ने कहा कि न्यायपालिका लगातार डिजिटल तकनीकों को अपनाकर न्यायिक प्रक्रिया को अधिक तेज, पारदर्शी और सुगम बनाने की दिशा में कार्य कर रही है, ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिवक्ताओं की तकनीकी दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ न्यायिक सेवाओं को आम लोगों तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय बखरी के सभी अधिवक्ताओं ने सक्रिय भागीदारी की। अधिवक्ताओं ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताते हुए भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजकुमार, सचिव रामप्रवेश वर्मा, अधिवक्ता राम जलेश्वर महतों, प्रमोद कुमार, गौरव कुमार केसरी, मधुसूदन महतों, मदन कामती, प्रेम प्रकाश ठाकुर, चंदन कुमार, उमेश महतों, संजीव कुमार सिंह, नवल राय, कपिलदेव साह, मदन राम, इन्द्रजीत कुमार, शिशिर कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम में बाढ़ से बचाव की ट्रेनिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भगवानपुर। मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के विभिन्न प्रारंभिक एवं हाई स्कूलों में 'सुरक्षित शनिवार' के अंतर्गत चेतना सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को बाढ़ से बचाव के उपायों और आपातकालीन स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। फोकल शिक्षकों ने बच्चों को कौशल विकास के साथ बाढ़ के दौरान बचाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण और पूर्वाभ्यास भी कराया। सत्र में डूबने से होने वाले खतरे, डूब रहे व्यक्ति को बचाने के तरीके और सुरक्षित बचाव के बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई। शिक्षकों ने बताया कि बाढ़ के समय खाने-पीने में विशेष सावधानी बरतें। खाना ढंक कर रखें, हल्का भोजन करें और हमेशा उबला हुआ पानी ही पिएं। बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटने में मदद करें। अगर पानी की गहराई का अंदाजा न हो तो उसे पार करने का जोखिम कभी न उठाएं। बच्चों को बाढ़ के पानी के पास खेलने के लिए बिल्कुल न भेजें। बच्चों को यह भी सिखाया गया कि घर में हमेशा आपातकालीन किट तैयार रखें। चेतावनी और सरकारी सुझावों के लिए रेडियो सुनें। अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं। बाढ़ के दौरान तत्काल बचाव के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों से बेड़ा बनाकर तैरने की तकनीक की भी जानकारी दी गई।

साक्षी पोर्टल से स्वास्थ्य सेवा पर होगी पैनी नजर, मातृ-शिशु स्वास्थ्य के लिए हेल्पडेस्क शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भगवानपुर। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीक से जोड़कर पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में भगवानपुर प्रखंड ने एक नई पहल की है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को आयोजित कार्यशाला में स्वास्थ्य कर्मियों को 'साक्षी' पोर्टल के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। अब इस पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यप्रणाली का स्व-मूल्यांकन होगा। कार्यशाला में पिरामल फाउंडेशन के दीपक मिश्रा ने कर्मियों को पोर्टल की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक आशुतोष गांधी ने बताया कि अब दवाओं का स्टॉक, कर्मियों की उपस्थिति और उपचार की गुणवत्ता की निगरानी 'रियल टाइम' में संभव होगी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि इस पोर्टल का उद्देश्य सिर्फ डेटा एंट्री नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति मरीजों का विश्वास वापस लाना है। कार्यशाला में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया गया। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की मदद के लिए एक समर्पित हेल्प डेस्क नंबर 8544421213 जारी किया गया है। अब एचआरपी महिलाओं को जांच की तारीख या स्वास्थ्य परामर्श के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्हें सीधे फोन पर मार्गदर्शन मिलेगा। कार्यशाला में एनक्यूएएस यानी नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। यह भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय का प्रतिष्ठित मानक है।

भारत के खिलाफ वन डे सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान

● कोल्स को पहली बार मौका, आर्चर, बटलर, जो रूट समेत 16 खिलाड़ी

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ इस महीने खेली जाने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड ने 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली टीम में पहली बार अनकैप्ड ऑलराउंडर जेम्स कोल्स को मौका मिला है। तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और साकिब महमूद की वापसी हुई है। अनुभवी खिलाड़ी जोफ्रा आर्चर, जोस बटलर और जो रूट भी भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में टीम का हिस्सा हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे की सीरीज का पहला मुकाबला 14 जुलाई को एजबेस्टन में खेला जाएगा।



जेम्स कोल्स को पहली बार मिला मौका- 24 वर्षीय ऑलराउंडर जेम्स कोल्स को पहली बार इंग्लैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया है। ससेक्स के लिए घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का उन्हें इनाम मिला है। वह बल्लेबाजी के साथ-साथ स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। इससे इंग्लैंड को टीम संयोजन में अतिरिक्त विकल्प मिलेगा।

जोश टंग भी वनडे डेब्यू के इंतजार में

तेज गेंदबाज जोश टंग को भी टीम में जगह मिली है। हालांकि वह अब तक इंग्लैंड के लिए वनडे क्रिकेट में डेब्यू नहीं कर पाए हैं। ऐसे में भारत के खिलाफ सीरीज में उन्हें अपना पहला ODI खेलने का मौका मिल सकता है।

एटकिंसन और साकिब महमूद की वापसी- इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और साकिब महमूद को भी टीम में बुलाया है। दोनों गेंदबाज चोट से उबरने के बाद फिर से चयनकर्ताओं का भरोसा जीतने में सफल रहे हैं। इनके आने से इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी और मजबूत नजर आ रही है।

स्टार खिलाड़ियों से सजी इंग्लैंड की टीम- हैरी ब्रूक की अगुआई वाली टीम में कई अनुभवी और स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। जोफ्रा आर्चर अपनी रफ्तार से भारतीय बल्लेबाजों के लिए चुनौती पेश करेंगे, जबकि पूर्व कप्तान जोस बटलर और अनुभवी बल्लेबाज जो रूट मध्यक्रम को मजबूती देंगे। इसके अलावा जैकब बेथेल, बेन डकेट, विल जैक्स, सैम करन, आदिल रशीद और टॉम बैंटन जैसे खिलाड़ी भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं।

इंग्लैंड का वनडे स्क्वाड

हैरी ब्रूक, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, जेम्स कोल्स, सैम करन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, आदिल रशीद, जो रूट, जोश टंग।

सीरीज का कार्यक्रम

पहला वनडे : 14 जुलाई, एजबेस्टन (बर्मिंघम)
दूसरा वनडे : 16 जुलाई, सोफिया गार्डंस (कार्डिफ)
तीसरा वनडे : 19 जुलाई, लॉर्ड्स (लंदन)

वैभव सूर्यवंशी की हर तरफ चर्चा

5 साल से डब्यू का इंतजार, घरेलू क्रिकेट में बना चुके 13 हजार से ज्यादा रन

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट में इन दिनों चर्चा का सबसे बड़ा विषय हैं वैभव सूर्यवंशी। 15 साल के इस क्रिकेटर के इंटरनेशनल डेब्यू की हर तरफ से आवाज उठ रही है। मगर इसी बीच एक ऐसे खिलाड़ी का नाम भी भारतीय क्रिकेट फैंस के जहन में होगा जो पिछले पांच साल से अपने टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहा है। वैभव सूर्यवंशी को पहली बार टीम इंडिया में चुने गए अभी एक महीना हुआ है लेकिन इस खिलाड़ी को 5 साल से इंतजार है।



हम बात कर रहे हैं घरेलू क्रिकेट में 13 हजार से ज्यादा कुल रन बना चुके अभिमन्यू ईश्वरन की। उन्हें 2021 में पहली बार भारतीय टीम में चुना गया था। उसके बाद से लगातार कई सीरीज में वह टेस्ट टीम के स्क्वाड में चुने गए, मगर आज तक उनका डेब्यू नहीं हो पाया है। पिछले साल शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टेस्ट टीम में भी अभिमन्यू मौजूद थे, मगर इंटरनेशनल कैप का उन्हें अभी भी इंतजार है।



उलटफेर से बचा अर्जेंटीना


केप वर्डे के आत्मघाती गोल से अंतिम-16 में पहुंची मेसी की टीम

नई दिल्ली (एजेंसी)। फीफा वर्ल्ड कप 2026 में शनिवार (4 जून) को मियामी में केप वर्डे के खिलाफ अर्जेंटीना उलटफेर से बाल-बाल बच गया। केप वर्डे के डाइनी बोर्गेस ने आत्मघाती गोल किया, जिससे डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना की राउंड ऑफ 16 यानी प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की हो गई। 5 लाख अबादी आइलैंड देश केप वर्डे ने पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन लियोनेल मेसी की टीम की किस्मत अच्छी रही की आत्मघाती गोल हुआ और केप वर्डे का सफर समाप्त हो गया। अर्जेंटीना अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए मिस्र का सामना होगा। इससे पहले मेसी ने 29वें मिनट में अपने करियर का रिकॉर्ड 20वां वर्ल्ड कप गोल करके मौजूदा चैंपियन को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। यह इस वर्ल्ड कप में मेसी का 7वां गोल था, जिससे वह गोल्डन बूट की रेस में किलियन एम्बाप्पे से आगे निकल गए। उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप में पिछले 8 मैचों में गोल किया है।

रोमेरो का 111वें मिनट में गोल

पहले हाफ तक अर्जेंटीना आगे रहा, लेकिन केप वर्डे के डेरॉय डुआर्टे ने 59वें मिनट में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था। 90 मिनट के बाद मुकाबला 1-1 की बराबरी पर था। एक्स्ट्रा टाइम में अर्जेंटीना के लिसेंड्रो मार्टिनेज ने 92वें मिनट में गोल किया। इसके कुछ ही समय बाद केप वर्डे के सिडनी लोपेस कैब्राल ने 103वें मिनट में गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। केप वर्डे के डाइनी बोर्गेस ने 111वें मिनट में आत्मघाती गोल किया। इससे अर्जेंटीन 3-2 से मैच जीत दिलाकर आखिरी 16 में पहुंचा दिया।

मेसी फीफा वर्ल्ड कप में 30 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने



सबसे ज्यादा गोल का रिकॉर्ड भी उनके नाम

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बेहतरीन फुटबॉलरों में से एक लियोनेल मेसी ने शुक्रवार यानी 4 जुलाई को इतिहास रच दिया। वे फीफा वर्ल्ड कप में 30 मैच खेलने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए। मियामी में केप वर्डे के खिलाफ अर्जेंटीना का मैच मेसी का 30वां फीफा वर्ल्ड कप मैच था। इस मैच में मेसी ने एक गोल किया और वो फीफा वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी भी हैं। मेसी के अलावा फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी भी खिलाड़ी ने 30 या उससे ज्यादा मैच नहीं खेले हैं। मेसी ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के इस सीजन में अब तक अपनी टीम के लिए कुल 7 गोल किए हैं और इंटरमिलान के लौटारो मार्टिनेज के साथ मिलकर तीन बार की चैंपियन टीम के अटैक की कमान संभाल रहे हैं। मेसी ने केप वर्डे के खिलाफ एक गोल किया और उन्होंने साल 2022 में अपने बनाए रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। मेसी ने उस सीजन में 7 गोल किए थे जबकि साल 2026 में भी उन्होंने अब तक कुल 7 गोल किए हैं। मेसी फीफा विश्व कप के दो सीजन में 7-7 गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी भी बने।

आत्मघाती गोल के बाद भी मिस्र जीता

● 92 साल का इंतजार खत्म, सालाह के छलके आंसू

नई दिल्ली। होसाम अब्दुलमागुद के शूटआउट में निर्णायक गोल के दम पर पहली बार फीफा विश्व कप नॉकआउट मुकाबला खेलते हुए आत्मघाती गोल के बाद भी मिस्र ने ऑस्ट्रेलिया के पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा दिया जबकि निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर था। इसके साथ ही उसका 92 साल का इंतजार खत्म हो गया। वह पहली बार 1932 में विश्व कप खेला था और पहली बार राउंड ऑफ-16



में पहुंचा। जीत के बाद मिस्र ने चौथी बार विश्व कप खेलते हुए यह जीत दर्ज की है। वहीं ऑस्ट्रेलिया नॉकआउट में तीन में से एक भी बार जीत नहीं सका है। अब मिस्र का सामना मंगलवार (7 जून) को गत चैम्पियन अर्जेंटीना से होगा जिसने केप वर्डे को अतिरिक्त समय में 3 .2 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई है।

● **मांसपेशी की चोट के बावजूद सालाह खेले-** शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया के हैरी साउटार का निशाना चूका और 18 वर्ष के लुकास हेरिंगटन का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया। मिस्र के लिये होसाम के अलावा महमूद साबिर, रामी राबिया और लिवरपूल के पूर्व स्टार मोहम्मद सालाह ने गोल दागे। मांसपेशी की चोट के बावजूद सालाह ने यह मैच खेला। आस्ट्रेलिया के लिये शूटआउट में जैकसन इरविन और अवेर माबिल ने गोल किये।

13 साल की भारतीय शतरंज खिलाड़ी

प्रतीती बोरदोलोई का कमाल



नई दिल्ली। साक्षी राज। 13 वर्षीय प्रतीती बोरदोलोई इटली के मोंटेसिल्वानो में आयोजित फिडे विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप 2026 में भारत की इकलौती पदक विजेता रहीं। बेंगलुरु की वुमन फिडे मास्टर (WFM) ने गर्ल्स अंडर-18 वर्ग में रजत पदक जीता। उन्होंने 11 राउंड में 9 अंक बनाए और पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहीं। उन्होंने खुद से पांच साल बड़ी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलते हुए टूर्नामेंट के सबसे प्रभावशाली प्रदर्शनों में से एक दिया।

फिडे विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप 2026 में भारत छह वर्गों में 13 खिलाड़ियों के साथ उतरा था, लेकिन पदक सिर्फ प्रतीती ने जीता। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने अपना पहला वुमन इंटरनेशनल मास्टर (WIM) नॉर्म भी हासिल किया और उनकी फिडे रेटिंग में 129 से ज्यादा एलो अंक जुड़े।

विश्व चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट का गैरी कास्पारोव से है खास कनेक्शन

गैरी कास्पारोव से खास संयोग

प्रतीती की कहानी को और खास बनाता है एक दिलचस्प संयोग। उनका जन्म गैरी कास्पारोव के जन्म के ठीक 50 साल बाद 13 अप्रैल 2013 को हुआ था। गैरी कास्पारोव का जन्म 13 अप्रैल 1963 को हुआ था। जहां यह जन्मदिन का संयोग अपने आप में रोचक है, वहीं उनके कोच ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से का मानना है कि समानता सिर्फ तारीख तक सीमित नहीं है। मीडिया सूत्रों के मुताबिक, प्रवीण थिप्से ने कहा,उनमें कुछ ऐसे गुण दिखते हैं। किसी टूर्नामेंट में खराब स्थिति में होने पर भी वह अच्छी योजना बनाती हैं ताकि वापसी करके शीर्ष पर पहुंच सकें। इटली में उनका यह जुझारूपन साफ नजर आया। 2129 की फिडे रेटिंग के साथ 16वीं वरीयता प्राप्त प्रतीती ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं गंवाया। उन्होंने सात जीत और चार ड्रॉ के साथ 11 राउंड में 9 अंक जुटाए।

सिर्फ शतरंज नहीं, गणित में भी कमाल- प्रवीण थिप्से के अनुसार, प्रतीती सिर्फ शतरंज खिलाड़ी नहीं हैं। उन्होंने बताया, प्रतीती पूरी तरह सिर्फ शतरंज खिलाड़ी नहीं हैं। वह गणित की जादूगर हैं और सभी परीक्षाओं में प्रथम आती हैं। बेंगलुरु की रहने वाली प्रतीती ने इस साल अहमदाबाद में राष्ट्रीय अंडर-17 गर्ल्स चैंपियनशिप जीतकर विश्व युवा चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया था।

रोहित शर्मा का रिकॉर्ड टूटा

करणबीर बने नंबर 1- टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-10 बैटर



नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बैटर रोहित शर्मा अब टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज नहीं रहे। रोहित शर्मा को ऑस्ट्रिया के कप्तान व ओपनर बल्लेबाज करणवीर सिंह ने पीछे छोड़ दिया और वो इस मामले में दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज बन गए। रोहित शर्मा अब दूसरे नंबर पर आ गए। करणवीर सिंह ने हंगरी के खिलाफ 28 जून को खेले गए मैच में अपनी 164 रन की पारी के दौरान 12 छक्के लगाए और रोहित से आगे निकल गए।

करणवीर सिंह 205 छक्के लगा चुके

करणवीर सिंह ने हंगरी के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 12 छक्के लगाए और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए। करणवीर ने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने टी20आई में 159 मैचों में 205 छक्के लगाए थे। करणवीर सिंह ने टी20आई में अब तक खेले 60 मैचों की 59 पारियों में कुल 207 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में यूएई के मुहम्मद वसीम तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने 99 मैचों में कुल 196 छक्के लगाए हैं।




भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव टी20आई में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं जिन्होंने 113 मैचों में 179 छक्के लगाए हैं जबकि इंग्लैंड के ओपनर बैटर व विकेटकीपर जोस बटलर इस लिस्ट में 5वें स्थान पर हैं जिन्होंने 156 टी20आई मैचों में 175 छक्के अब तक लगाए हैं। इस लिस्ट में छठे स्थान पर मार्टिन गप्टिल मौजूद हैं जबकि ग्लेन मैक्सवेल 10वें स्थान पर मौजूद हैं। बाबर हयात इस लिस्ट में 7वें स्थान पर हैं।

रोनाल्डो टॉप 10 में भी नहीं

एम्बाप्पे-मेसी के सबसे ज्यादा गोल

FIFA World Cup 2026 के गोल्डन बूट की रेस में शामिल शीर्ष 10 खिलाड़ी



नई दिल्ली। फुटबॉल का महासंग्राम फीफा वर्ल्ड कप 2026 जारी है और राउंड ऑफ 32 अपने आखिरी चरण में है। गुरुवार को स्पेन ने ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराया और राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। वहीं दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल ने क्रोएशिया को हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में एंट्री की।

इस मुकाबले के बाद गोल्डन बूट की रेस में शामिल टॉप 10 खिलाड़ियों की सूची में भी बदलाव हुआ।

खास बात यह कि दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो इस लिस्ट के टॉप 10 में भी शामिल नहीं हैं। जबकि किलियन एम्बाप्पे इसमें टॉप पर हैं। लियोनल मेसी के भी एम्बाप्पे के बराबर सबसे ज्यादा गोल हैं। मगर फ्रांस के स्टार फुटबॉलर के नाम दो असिस्ट भी हैं।



2026 के टॉप स्कोरर

रैंक	खिलाड़ी	देश	पोजिशन	गोल	असिस्ट	मिनट
1	किलियन एम्बाप्पे	फ्रांस	फॉरवर्ड (FW)	6	2	378
2	लियोनेल मेसी	अर्जेंटीना	फॉरवर्ड (FW)	6	0	223
3	एर्लिंग हालैंड	नॉर्वे	फॉरवर्ड (FW)	5	0	309
4	हैरी केन	इंग्लैंड	फॉरवर्ड (FW)	5	0	394
5	उस्मान डेम्बेले	फ्रांस	फॉरवर्ड (FW)	4	2	304



टेलर के धक्के से बाइक सवार की मौत

सड़क हादसे में दंपति घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। अंबा-देव मुख्य मार्ग पर जीवा बिगहा गांव के समीप शनिवार को दो बाइकों के बीच आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक दंपति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में दूसरे बाइक चालक को भी चोटें आईं लेकिन वह अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। घायलों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाबू कर्मा गांव निवासी विनोद साव और उनकी पत्नी पार्वती देवी के रूप में हुई है। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को सड़क से उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। घायल विनोद साव ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ सतबहिनी मंदिर में पूजा-अर्चना करने गए थे। वहां दर्शन करने के बाद दोनों देव स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर में पूजा करने के लिए बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान जीवा बिगहा गांव के समीप विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और पति-पत्नी दोनों दूर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद दूसरा बाइक चालक भी घायल हुआ था लेकिन वह बिना रुके अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया।सदर अस्पताल में दोनों घायलों का इलाज जारी है। चिकित्सकों द्वारा उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। घटना के बाद पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। फरार बाइक चालक और उसकी बाइक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। दोषी चालक की पहचान होते ही उसके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

पिकअप पर लदा एमडीएम का 41 बोरा चावल जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। कुटुंबा प्रखंड के मध्य विद्यालय किशुनपुर में मिड डे मील योजना में कथित अनियमितता का गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम पुकार मेहता पर मिड डे मील का 41 बोरा चावल बाजार में बेचने का आरोप लगाते हुए उन्हें रंगे हाथ पकड़ने का दावा किया है। सूचना पर पहुंची अंबा थाना पुलिस ने चावल से लदे पिकअप वैन को जब्त कर लिया है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने थाने में लिखित शिकायत देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार शनिवार दोपहर प्रधानाध्यापक स्वयं आगे-आगे चल रहे थे और उनके पीछे मिड डे मील के चावल से लदा पिकअप वैन स्कूल से बाजार की ओर जा रहा था। संडा गांव के समीप एक युवक ने संदेह होने पर वाहन रुकवाया गया। पूछताछ के दौरान चालक द्वारा दिखाए गए दस्तावेजों से ग्रामीणों ने चावल विद्यालय का होने का दावा किया। इस दौरान खुद को घिरता देख प्रधानाध्यापक मौके से चले गए। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की। इसके बाद अंबा थाना पुलिस ने पिकअप वैन पर लदे 41 बोरा चावल को जब्त कर लिया। घटना के बाद पहुंचे शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने चावल को वापस विद्यालय में उतरवाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों ने इसे मामले को दबाने की कोशिश बताते हुए विरोध किया और आरोपी के विरुद्ध गिरफ्तारी व निष्पक्ष कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रणविजय कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को देने के साथ विभागीय स्तर पर जांच की जा रही है।

जेवरात व नकदी के साथ आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा(औरंगाबाद)। कुटुंबा थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले का महज 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी, मोबाइल फोन तथा जमीन से संबंधित महत्वपूर्ण कागजात बरामद किए गए हैं। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि 4 जुलाई को संडा गांव निवासी अशोक मेहता द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और टावर लोकेशन के आधार पर पुलिस ने पिपरा बगाही गांव में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान छोटू पवरिया पिता- ललन पवरिया के घर से चोरी का सामान बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद सामान में तीन मंगलसूत्र, दो सोने की चेन, चार अंगूठियां, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, तीन जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी बिछिया, 16,500 रुपये नकद, एक रेडमी एंड्रॉयड मोबाइल, एक जियो भारत कीपैड मोबाइल तथा जमीन से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ जारी है। घटना में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। अनुसंधान में यदि किसी अन्य की भूमिका सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

अंबा (नबिटा संवाददाता)। अंबा थाना पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले का सफल उद्भेदन करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि बाइक चोरी मामले के अनुसंधान के दौरान माली थाना क्षेत्र के मिश्र बिगहा निवासी शिवशंकर कुमार को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपितों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए पलामू जिले के छतरपुर थाना अंतर्गत मसीहानी टोला, जगदीह निवासी अफरोज आलम की भूमिका का खुलासा किया। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अफरोज आलम को भी गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों आरोपितों से पूछताछ के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपितों का संबंध अन्य बाइक चोरी की घटनाओं से है या नहीं। यदि अन्य मामलों में भी उनकी संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की कार्रवाई में 44 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 21 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार लुट के शीर्ष में 3, हत्या के प्रयास में 8, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 11 तथा अन्य मामलों में 22 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 204 लीटर देसी शराब, 3 बाइक एवं 1 सोने की बाली बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1106 वाहनों की जांच की गई जिसमें 44000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। साइबर पुलिस ने 35000 रूपये रिकवर किया है। इसके अलावा 40 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com


झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

नवबिहार टाइम्स के स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं



श्री भगवान प्रसाद
मुखिया
ग्राम पंचायत-हरिवंशपुर (रोहतास)



नवबिहार टाइम्स के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट
बिहार सरकार और राज्य नर्सिंग काउंसिल द्वारा मान्यता प्राप्त
डॉ. शोभा रानी सिन्हा डायरेक्टर
अब नर्सिंग की पढ़ाई हुई आसान...



Hostel Available
बियाडा, जसोइया, पटना रोड, औरंगाबाद, बिहार
विशेष जानकारी के लिए संपर्क करें : 9546392904 , 7991187121